CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, शनिवार 14 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 314 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश : योगी पेज 2



जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया खेल टाइम्स




नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि सम्पादकीय



बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत पेज 12

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में स्थिर गति से होगा सुधार!

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के राष्ट्रीय चुनावों में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान को शुक्रवार सुबह बधाई देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के साथ भारत की असहजता जगजाहिर रही है। संबंध तब और निचले स्तर पर पहुंच गए थे जब यह संदेह जताया गया था कि वर्तमान शासन ने बांग्लादेश में भारतीय मिशनों के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए थे, जिनमें हमले की घटनाएं भी शामिल थीं। हालांकि, विश्लेषकों को तुरंत बहुत अधिक आत्मीयता बढ़ने की उम्मीद नहीं है, बल्कि वे एक नपे-तुले और व्यवस्थित दृष्टिकोण की आशा करते हैं।

■ पड़ोसी नेता के साथ संबंध विकसित करने को व्यक्तिगत तौर पर प्रयास कर सकते हैं पीएम मोदी



## मोदी ने तारिक रहमान से की बात, जीत पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख तारिक रहमान से बात कर उन्हें बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के लोगों की शांति और प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए श्री रहमान को बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनके प्रयासों के लिए समर्थन और शुभकामनाएं दी। बाद में श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि तारिक रहमान से बातचीत कर अत्यंत प्रसन्नता हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश के हाल के चुनावों में मिली उल्लेखनीय विजय पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों वाले दो निकट पड़ोसी देशों के रूप में, भारत दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता दोहराता है।

**कहा: बांग्लादेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में भारत साथ**

वहीं श्री रहमान द्वारा भारत के साथ संबंधों को सुधारने में बहुत तेजी दिखाने की भी संभावना कम है। बांग्लादेश की घरेलू राजनीति में भारत-विरोधी भावना लंबे समय से एक शक्तिशाली राजनीतिक हथियार रही है। भारत के साथ बहुत अधिक उत्सुकता दिखाने की किसी भी धारणा से उनके राजनीतिक विरोधियों को हथियार मिल सकता है, जो नई सरकार को राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता करने वाली सरकार के रूप में चित्रित करने की कोशिश करेंगे। नतीजतन, दो सबसे संवेदनशील द्विपक्षीय मुद्दों, व्यापार और नदी जल बंटवारे, पर स्थिर प्रगति होने की उम्मीद है। बांग्लादेश ने लगातार बाजार तक व्यापक पहुंच और लंबे समय से लंबित जल-बंटवारा समझौतों के समाधान की मांग की है। भारत अपनी ओर से सुरक्षा सहयोग और क्षेत्रीय रणनीतिक तालमेल के बारे में चिंतित रहता है। एक प्रमुख बांग्लादेशी बुद्धिजीवी और संपादक जफर शोभन का तर्क है कि आने वाली बीएनपी सरकार के सामने विदेश नीति के पुनर्गठन के अलावा भी कई चुनौतियां हैं। वह कहते हैं कि भारत के साथ संबंध निश्चित रूप से उनमें से एक है, लेकिन यह कई बड़ी परीक्षाओं में से केवल एक है। दूसरी बड़ी चुनौती अवामी लीग के राजनीतिक भविष्य को संभालना होगा। बीएनपी ने लंबे समय से अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पर प्रतिबंधों की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अभ्युदय योजना भर्ती में गड़बड़ी, संयुक्त निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत कोर्स कोऑर्डिनेटर पदों की चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को निलंबित कर दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या लापरवाही प्रमाणित होने पर उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। निलंबन अवधि में वे निदेशालय से संबद्ध रहेंगे तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करेंगे। चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी की एक गोपनीय शिकायत विभागीय मंत्री असीम अरुण को प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर जांच कराई गई। जांच के दौरान संयुक्त निदेशक की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इतना ही नही जांच में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अभ्यर्थियों के प्रमाण-पत्रों का मूल अभिलेखों से समुचित सत्यापन नहीं किया गया।

### महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर घिरे दयानिधि मारन

**मुजफ्फरपुर।** उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से (सदेह) उपस्थित होने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार, हाल में दिए एक बयान में दयानिधि मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोप है कि उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इस बयान के बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई।

### सरकार की 25 लाख टन गेहूं व चीनी निर्यात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल, 2026 तक, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में कुल गेहूं की उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यात अनुमतियों से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी के दूसरे हफ्ते में मैदानी राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पारा 30 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर चुका है। इन राज्यों में कई जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और सुबह-शाम सर्दी हो रही है। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में पारा 31 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं मध्य प्रदेश के 15 शहरों में तापमान ने 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के कर्नाटक में शुक्रवार को गर्मी का अलर्ट था। हिमालय के राज्यों में उत्तराखंड के 7 शहरों में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। गुरुवार को सबसे कम तापमान मुनस्यारी में माइनस 26 डिग्री रहा।

# मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई से दो हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अब मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें। साथ ही, सरकार को पीड़ितों के पुनर्वास के लिए बनी कमेटी की सिफारिशें जल्द लागू करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मणिपुर में 2023 में हुई जातीय हिंसा के मामलों पर सुनवाई की। कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया कि वह जातीय हिंसा से जुड़ी 11 एफआईआर की जांच पर दो हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट पेश करे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बजाय मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाईकोर्ट को इन मामलों के ट्रायल और जांच की निगरानी करनी चाहिए। बेंच के अनुसार, मणिपुर हाईकोर्ट में अब नए चीफ जस्टिस -शेष पृष्ठ दो पर

**कहा: मणिपुर या गुवाहाटी हाईकोर्ट इन मामलों की निगरानी करें**



## हिमाचल में पंचायत चुनाव की समयसीमा बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पंचायत और नगर पालिका चुनावों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को स्वीकार कर लिया और चुनाव कराने की समय सीमा बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया 31 मई, 2026 तक या उससे पहले पूरी करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि आरक्षण सूची को 31 मार्च, 2026 तक अंतिम रूप देकर लागू कर दिया जाए। महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) अनूप रतन ने बताया कि शीर्ष न्यायालय ने एसएलपी स्वीकार कर ली है और राज्य में पंचायत चुनाव की समय सीमा बढ़ा दी है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने राज्य को 28 फरवरी तक आरक्षण सूची जारी करने और 30 अप्रैल, 2026 से पहले चुनाव कराने का निर्देश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने शीर्ष न्यायालय में याचिका दायर की थी।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किसानों के हक में, राहुल उन्हें भड़का रहे: गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को पूरी तरह देश के किसानों के हित में बताते हुए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर इस समझौते को लेकर किसानों को गुमराह करने और उन्हें आपस में भिड़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

श्री गोयल ने कहा है कि अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा, खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उनके उत्पादों मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतें बढ़ेंगी और किसानों की खुशहाली होगी। उन्होंने किसानों को समझौते को लेकर आश्वस्त किया है और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा किसानों के साथ हमदर्दी रखते हैं तथा समझौते में देश के किसानों के हित को सबसे ऊपर रखा गया है। श्री गोयल ने शुक्रवार तड़के जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी जी को मिथ्याचार की आदत है। उन्हें भारत मां या हमारे किसानों और युवाओं की भलाई की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने जारी एक वीडियो में, झूठ बोलने और बेबुनियाद आरोप लगाने के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।



■ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले: अमेरिका के साथ समझौते से देश के किसानों को फायदा होगा

## लोकसभा में हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। इधर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे।

**संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित, भाजपा ने कहा: सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे राहुल**

# साउथ ब्लॉक ब्रिटिश हुकूमत का प्रतीक: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में कई अहम फैसले हुए और नीतियां बनीं लेकिन ये इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। इनका मकसद भारत को सदियों तक गुलामी की जंजीरों में जकड़े रखना था। इनसे निकलना जरूरी था। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब कोलकाता शहर देश की राजधानी हुआ करता था। 1905 के बंगाल विभाजन के दौर में कोलकाता ब्रिटिश विरोधी आंदोलन का प्रबल केंद्र बन चुका था। इसलिए 1911 में अंग्रेजों ने भारत की राजधानी को दिल्ली शिफ्ट किया। उसी के बाद अंग्रेजी हुकूमतों की जरूरतों और उसकी सोच को ध्यान में रखकर नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें बनी। मोदी ने कहा कि भवन ब्रिटेन के महाराज के सोच को गुलाम भारत की जमीन पर उतारने का माध्यम था। रायसीना हिल्स को इसलिए चुना गया ताकि ये इमारते अन्य इमारतों से ऊंची रहे। सौभाग्य से सेवा तीर्थ की इमारतें जमीन से जुड़ी हैं, पहाड़ पर नहीं हैं। पीएम ने एक्स पर लिखा- सेवा तीर्थ कर्तव्य, करुणा और भारत सर्वोपरि के सिद्धांत का प्रतीक है।

■ गुलामी की मानसिकता से निकलना जरूरी, पीएमओ की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए बोले पीएम




**नई दिल्ली: सेवा तीर्थ नागरिक देवो भव भवन का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री मोदी।**

### कंगना रनौत प्रकरण: अंतिम बहस अब छह मार्च को

**आगरा।** आगरा की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत से जुड़े प्रकरण में अंतिम बहस की अगली तारीख छह मार्च तय की है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने फाइनल बहस के लिए यह तिथि निर्धारित की। अंतिम बहस के उपरांत अदालत यह निर्णय देगी कि कंगना रनौत के खिलाफ वाद चलाया जाएगा या नहीं। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा द्वारा 11 सितम्बर 2024 को स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में वाद दायर किया गया था।

# भारतीय पासपोर्ट मजबूत, रैंकिंग में पांच पायदान की उछाल

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है।

साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। इससे पहले 2025 में यह 85वें स्थान पर था, जिससे कुल मिलाकर 10 स्थानों की छलांग लगी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स दुनिया भर के लगभग 200 देशों के पासपोर्ट को रैंक करता है। यह रैंकिंग इस बात पर आधारित होती है कि उस देश के पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना वीजा के या वीजा ऑन अराइवल के साथ जा सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है। यह रैंकिंग इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के ट्रैवल आंकड़ों के आधार पर तैयार की जाती है। इस इंडेक्स में पाकिस्तानी पासपोर्ट 97वें नंबर है। उसकी पोजिशन फलस्तीन (91), नार्थ कोरिया (94) और सोमालिया (96) से भी नीचे हैं। नई रैंकिंग में सुधार का मतलब है कि भारतीय नागरिकों के लिए विदेश यात्रा पहले से आसान हुई है। छुट्टियों, कारोबार और सांस्कृतिक यात्राओं के लिए अब ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। एशिया, कैरेबियन, अफ्रीका और ओशिनिया के कई देश भारतीयों को आसान वीजा सुविधा दे रहे हैं। भारत की रैंकिंग पिछले दस साल में लगातार ऊपर-नीचे होती रही है। साल 2006 में भारत 71वें पायदान पर था, जो उसकी अब तक की सबसे अच्छा पोजिशन थी। इसके बाद रैंकिंग गिरती गई और पिछले साल तो 85वें स्थान पर पहुंच गई थी। 2026 की शुरुआत में भारत 80वें पायदान पर आया और अब 75वें स्थान पर पहुंच गया है। मजबूत पासपोर्ट का मतलब है कि उस देश के लोग ज्यादा देशों में बिना पहले से वीजा लिए जा सकते हैं। ऐसे पासपोर्ट पर वीजा-फ्री, वीजा-ऑन-अराइवल -शेष पृष्ठ दो पर

**56 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तान की पोजिशन फलस्तीन और नॉर्थ-कोरिया से भी नीचे**




# राहुल गांधी किसान संगठनों के नेताओं से मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

■ बोले: किसान हितों से समझौता नहीं
■ भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर हुई बात

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता की हत्या

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को ज्ञात बदमाशों ने मुख्तार अंसारी के शूटर और अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नगर अंतर्गत असैनी मोड पर अधिवक्ता सुएब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर अपनी कार से आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार असैनी मोड़ ब्रिज के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिग शुरू कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय और अपर पुलिस अधीक्षक विकास त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पफॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि एडीजी जोन लखनऊ भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### काशी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में शुक्रवार को जिला न्यायालय (कचहरी) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। कचहरी परिसर को तत्काल खाली कराया जा रहा है तथा सभी वकीलों को घर लौटने की अपील की जा रही है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बताया कि जिला जज संजीव शुक्ला को ई मेल के माध्यम से खबर दी गई है। बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वायड के साथ कई थानों के फोर्स के साथ परिसर को खाली कराया गया।

### विधानसभा में योगी बोले-उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है उत्तर प्रदेश

# अब न कर्फ्यू है, न दंगा, यूपी में अब सब चंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**2017 से पहले राज्य में सत्ता के संरक्षण में गुंडे व माफिया पनप रहे थे, हमारी सरकार ने पहले ही दिन से जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई**

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अब न कर्फ्यू है, न दंगा है, अब यूपी में सब चंगा है।

सीएम योगी ने दावा किया कि पिछले 9 सालों में कानून-व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है, अपराधियों पर बुलडोजर चला, माफिया का सफाया हुआ और यूपी अब सुरक्षित राज्य बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग दंगा-कर्फ्यू की बात करते हैं, वे पुरानी यादें ताजा कर रहे हैं। आज यूपी के हर जिले में एक साइबर थाने हैं, हर थाने में साइबर डेस्क है, आज हजारों करोड़ रुपए ठगों से वापस दिलाने में सहयोग किया है। आज सेफ सिटी की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमने पीएसी का पुर्नगठन किया है, तीन महिला पीएसी का गठन किया है, आगे हम तीन और करेंगे, पीएसी वाहिनियों से ही दंगाई डरते हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र (वित्तीय वर्ष 2026-27) में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए कानून-व्यवस्था, विकास, महिला सुरक्षा और प्रदेश की बदली छवि पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा।

उन्होंने दोहराया कि यह कर्फ्यू से कानून तक, समस्या से समाधान तक और अव्यवस्था से सुशासन तक की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 2017 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उस समय सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे। अपराधी, अपराधी होता है। हमारी सरकार ने पहले दिन 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है। योगी ने कहा कि पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे। पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है। उन्होंने दावा किया कि 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है।

#### महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है और वर्तमान में प्रदेश में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं। पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को भी कई गुना बढ़ाया गया है। पफॉरेंसिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पहले प्रदेश में दो-तीन फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब कार्यरत हैं। नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार पिछले आठ वर्षों में 6 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित किया जाएगा। राशन, स्वास्थ्य और अन्य सभी सुविधाएं यथावत मिलती रहेंगी।

# उप्र के बड़े करदाताओं को सरकार से बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**20 फरवरी से प्रदेश में व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से करेगा राज्य कर विभाग**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में करदाताओं को बड़ी सहूलियत देते हुए राज्य कर विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के बड़े करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई वर्चुअल माध्यम से की जाएगी। यह व्यवस्था 20 फरवरी से प्रभावी होगी। इस पहल का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल बनाना, तकनीकी का अधिकतम उपयोग करना और 'ईज आफ डूइंग' को बढ़ावा देना है।

शासन स्तर पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है, जिससे न्याय निर्णयन की प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और करदाता-हितैषी बन सके। यह व्यवस्था संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर लागू होगी। शुक्रवार को प्रमुख सचिव, राज्य कर, कामिनी रतन चौहान ने बताया कि प्रदेश के सभी संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की विभिन्न धाराओं के अनुरूप होगी। उन्होंने बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

यदि कोई करदाता या उसका अधिकृत प्रतिनिधि किसी विशेष कारण से वर्चुअल के बजाय भौतिक रूप से उपस्थित होकर सुनवाई कराना चाहता है, तो उसके प्रार्थना पत्र पर विचार कर अधिकारी द्वारा अवसर प्रदान किया जाएगा। आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश डा. नितिन बंसल ने बताया कि कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा उठा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अभी नियमितीकरण संभव नहीं: योगी सरकार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में शुक्रवार को आउटसोर्स कर्मचारियों के नियमितीकरण और किशोरों को ड्राइविंग लाइसेंस दिए जाने का मामला सदन में उठाया गया।

सरकार ने दोनों ही मामले में सदन में जवाब दिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक संग्राम यादव ने आजमगढ़ राजकीय मेडिकल कॉलेज से जुड़े 100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाए जाने का मामला उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से कार्यरत संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित क्यों नहीं किया जा रहा है और उन्हें सेवा सुरक्षा क्यों नहीं दी जा रही। जवाब में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की वर्तमान नीति के तहत आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक पृथक निगम का गठन किया गया है, जिससे वेतन भुगतान और सेवा शर्तों में मनमानी की शिकायतों को रोका जा सके। विपक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि कंपनियों के माध्यम से वेतन वितरण में पारदर्शिता की कमी है तथा ईपीएफ की कटौती के बावजूद कई मामलों में राशि कर्मचारियों के खातों में जमा नहीं हो रही। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एनकाउंटर व रोजगार पर विपक्ष ने घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर पूछे सवाल**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने राज्य सरकार को कई अहम मुद्दों पर घेरते हुए भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे विषयों पर गंभीर सवाल उठाए।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे अधिक भ्रष्टाचार से ही परेशान है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं और कई अधिकारियों और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन उनकी स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी सदन को नहीं दी गई। उनका कहना था कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशें सदन के पटल पर लाई जातीं, तो सदस्य भी उनकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनका कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त आठ वर्षों से पद पर हैं, इस विषय पर सरकार को स्पष्टता लानी चाहिए। कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के मामलों में पुलिसकर्मियों का नाम आपराधिक घटनाओं में सामने आना चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि डीजीपी कार्यालय प्रभावी ढंग से काम करता नहीं दिख रहा है और राज्य में कार्यवाहक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उच्चतम न्यायालय की मंशा के अनुरूप स्थाई डीजीपी की नियुक्ति की जाए, ताकि अधिकारी बिना किसी दबाव के काम कर सकें। एनकाउंटर की घटनाओं पर भी माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि किसी का भविष्य बर्बाद करने वाली गलत परंपरा शुरू नहीं होनी चाहिए। यदि आज गलत मिसाल कायम की जाएगी तो आने वाली सरकारें उससे भी आगे बढ़ सकती हैं। गैंगस्टर कानून में संशोधन की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह के कार्यकाल में यह अधिनियम लाया गया था और तब भी उन्होंने इसका विरोध किया था। उनका कहना था कि केवल गोली से अपराध खत्म नहीं होगा, बल्कि व्यवस्था में भरोसा पैदा करना जरूरी है। साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि संगठित साइबर गिरोह आम लोगों को घर बैठे निशाना बना रहे हैं।

## विधानसभा में सपा सदस्य रागिनी सोनकर के सवाल को लेकर हंगामा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे पर शुक्रवार को जोरदार हंगामा देखने को मिला। समाजवादी पार्टी विधायक रागिनी सोनकर ने राज्य स्तरीय भर्तियों में अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी को दिए जा रहे आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछा। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब देते हुए बताया कि अप्रैल 2017 से अब तक कुल 47 हजार पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। इनमें 18 हजार सामान्य वर्ग, 2081 (ईडब्ल्यूएस), 9580 अनुसूचित जाति, 447 अनुसूचित जनजाति और 17,295 ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को नौकरी दी गई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट रागिनी सोनकर ने पूरक प्रश्न पूछते हुए आरक्षण के अनुपालन को लेकर दोबारा स्पष्टीकरण मांगा। इसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े होकर हंगामा करने लगे, जिससे सदन का माहौल गरमा गया। स्थिति को संभालते हुए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्तापक्ष के सदस्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, ष्जब हम विपक्ष से बात कर रहे हैं, तो आप लोग हंगामा क्यों कर रहे हैं। सदन हमें चलाना है या आपको। इसके बाद अध्यक्ष ने नाराजगी में अपना हेडफोन टेबल पर रख दिया और सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82626.76
निफ्टी 25471.10



सोना रु. 154000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 250000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,626.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ।

प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन टूटे हैं। यह दोनों सूचकांकों का 2 फरवरी के बाद का निचला स्तर है।मझौली और छोटी कंपनियों पर और भी अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.79 फीसदी गिर गया। आईटी, एफएमसीजी, धातु, रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।आईटी कंपनियों में सुबह तेज गिरावट थी, लेकिन बाद में उनमें काफी सुधार हुआ। सेंसेक्स में बजाज फाइनेंस (करीब ढाई प्रतिशत) और भारतीय स्टेट बैंक की तेजी को छोड़कर अन्य कंपनियों गिरावट में रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर और इटरनल के शेयर चार प्रतिशत से अधिक गिर गए। टाटा स्टील, टाइटन, टीसीएस, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटे। बीईएल, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, इंफोसिस, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इंडिगो में एक से दो प्रतिशत के बीच गिरावट रही।

## सोना और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड कीमतों के बाद पहली बार भारत में सोना डिस्काउंट रेट पर बिक रहा है, लेकिन खरीददार फिर भी दूरी बनाए हुए हैं। करीब एक महीने बाद इस हफ्ते भारतीय बाजार में सोना आधिकारिक कीमत से नीचे यानी डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहा है। एक ज्वैलर ने बताया कि मेकिंग चार्ज में छूट देने के बावजूद ज्वैलरी की मांग नहीं सुधरी है। मौजूदा ऊंची कीमतों पर रिटेल खरीदार सहज महसूस नहीं कर रहे। 13 फरवरी शुक्रवार को घरेलू बाजार में सोने का भाव करीब 1,54,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा। हालांकि पिछले हफ्ते कीमत फिसलकर 1,33,687 रुपए प्रति 10 ग्राम तक आ गई थी। यानी रिकॉर्ड हाई से गिरावट आई है, लेकिन कीमत अब भी आम खरीदार की पहुंच से ऊपर मानी जा रही है। रॉकेट की रफ्तार से भागने के बाद अब चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स पर चांदी फिसलकर करीब ढाई लाख रुपये प्रति किलो के स्तर तक आ गई है। इससे पहले चांदी ने 4.20 लाख रुपये प्रति किलो का ऐतिहासिक उच्च स्तर छुआ था। उस रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद से लगातार मुनाफावसूली और वैश्विक दबाव के कारण कीमतों में गिरावट जारी है। फिलहाल यह 2.30 लाख रुपये से 2.70 लाख रुपये प्रति किलो के दायरे में कारोबार कर रही है। मुंबई के एक निजी बैंक से जुड़े बुलियन डीलर ने बताया कि ज्यादातर ज्वैलर्स और डीलर फिलहाल बैंकों से खरीदारी से बच रहे हैं।

## चावल, गेहूं और खाद्य तेल मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव रहा, जबकि दालों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। गेहूं की कीमत सात रुपये चढ़कर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। आटे की कीमत गत दिवस के स्तर पर रही।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल औसतन 34 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल की कीमत 22 रुपये और चना दाल की 16 रुपये बढ़ी। मूंग दाल पांच रुपये चढ़ गई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा तीन रिंगिट की बढ़त में 4,046 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.52 प्रतिशत टूटकर 57.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल और वनस्पति की औसत कीमत 101 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 75 रुपये और सरसों तेल में 51 रुपये महंगी हुई। मूंगफली तेल में 14 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सोया तेल के भाव लगभग गत दिवस से स्तर पर पड़े रहे। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी में टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7785.08 रुपये, मसूर काली 8104.70 रुपये, मूंग दाल 10132.57 रुपये, उड़द दाल 10628.72 रुपये, तुअर दाल 11085.05 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.84 रुपये और चावल 3859.09 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3317.20 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
- HEALTH WITH CARE -
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मणिपुर हिंसा...** आ चुके हैं, इसलिए वे स्थानीय हालात को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और मणिपुर सरकार को निर्देश दिया कि वे जस्टिस गीता मित्तल कमेटी की सिफारिशों को हर हाल में लागू करें। यह कमेटी पीड़ितों के पुनर्वास और उनके कल्याण के लिए बनाई गई थी। इस कमेटी में तीन पूर्व महिला जज शामिल हैं, जो अब तक पीड़ितों की मदद के लिए कई रिपोर्ट सौंप चुकी हैं। मणिपुर में मई 2023 से शुरू हुई हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं और कई घायल हुए हैं। यह हिंसा तब भड़की थी जब मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित की तरफ से पेश हुई वकील वृंदा ग्रोवर ने एक पीड़ित महिला का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि गैंगरेप की शिकार एक कुकी महिला की पिछले महीने सदमे और बीमारी से मौत हो गई। वकील ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने चार्जशीट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और मुख्य आरोपी भी कोर्ट में पेश नहीं हो रहा है। उन्होंने जांच में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि मणिपुर में अब हालात पहले से बेहतर और शांतिपूर्ण हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि पीड़ितों को मुफ्त कानूनी मदद मिलनी चाहिए। अगर स्थानीय स्तर पर वकील उपलब्ध नहीं हैं, तो गुवाहाटी बार से वकील भेजे जा सकते हैं। वहीं, वकील कॉलिन गोंसाल्वेस ने शिकायत की कि उन्हें कमेटी की रिपोर्ट नहीं मिल रही है, जिससे पुनर्वास का काम धीमा पड़ा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट में कुछ संवेदनशील जानकारी हो सकती है, इसलिए उसे सावधानी से साझा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले पर 26 फरवरी को अगली सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जस्टिस गीता मित्तल कमेटी का कार्यकाल भी 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है ताकि राहत कार्य जारी रह सके।

**भारतीय पासपोर्ट...** या ई-वीजा की सुविधा मिलती है। वीजा के लिए कम कागजी काम और कम इंतजार करना पड़ता है। विदेश घूमने, पढ़ाई करने या बिजनेस ट्रिप पर जाना आसान हो जाता है। यह दिखाता है कि दूसरे देश उस देश के नागरिकों पर भरोसा करते हैं। 2026 की रैंकिंग में सिंगापुर पहले स्थान पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट से 192 देशों में वीजा-फ्री यात्रा की जा सकती है। दूसरे स्थान पर जापान और साउथ कोरिया हैं, जिनके नागरिक 187 देशों में बिना वीजा जा सकते हैं। तीसरे स्थान पर स्वीडन और यूएई हैं, जहां से 186 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन, स्विट्जरलैंड, नीदरलैंड्स और नार्वे हैं, जिनके पासपोर्ट से 185 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा संभव है। पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रिया, ग्रीस, माल्टा और पुर्तगाल हैं, जहां से 184 देशों में वीजा-फ्री एंट्री मिलती है। छठे से दसवें स्थान तक न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और अमेरिका शामिल हैं। अमेरिका के पासपोर्ट से 179 देशों में बिना पहले से वीजा लिए यात्रा की जा सकती है।

## मेरे भाषण से संसदीय कामकाज पर टिप्पणी और प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना हटाई गई: खड़गे

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सदन में कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा 'बिना किसी औचित्य के' कार्यवाही से हटा दिया गया, जिसमें उन्होंने संसदीय कामकाज पर टिप्पणियां और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की थी। शून्यकाल की समाप्ति के बाद खड़गे ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा में उन्होंने सामाजिक न्याय से लेकर संसदीय तथ्यों पर अपनी बातें रखी थीं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भाषण की समीक्षा करने पर मैंने पाया कि मेरे भाषण का बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के हटा दिया गया है। ए वे हिस्से हैं, जिनमें मैंने वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संसदीय कामकाज पर तथ्यों के साथ टिप्पणियां की हैं और प्रधानमंत्री की चंद नीतियों की आलोचना की है, जो नेता प्रतिपक्ष होने के नाते मेरा दायित्व भी है, क्योंकि मुझे लगता है कि वे नीतियां भारतीय जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। पांच दशक से अधिक के संसदीय जीवन में वह हमेशा भाषा की मर्यादा के प्रति सजग और सचेत रहे हैं। राज्यसभा के नियम एवं संचालन प्रक्रिया का नियम 261 केवल विशिष्ट और सीमित परिस्थितियों में ही लागू होता है। उन्होंने कहा कि जो टिप्पणियां हटाई गई हैं, उनमें कुछ भी असंसदीय नहीं है।

## आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य व नैतिक ढांचा प्रदान करती है: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



**ओम शांति सेंटर के रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां ब्रह्मा कुमारीज के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा 'सशक्त भारत के लिए कर्मयोग' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने गुरुग्राम स्थित ओम शांति 'रिट्रीट सेंटर' के रजत जयंती समारोह का भी शुभारंभ किया। मुर्मू ने कहा कि संतुलित और समग्र विकास के लिए नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता का भौतिक प्रगति के साथ समन्वय आवश्यक है। आर्थिक प्रगति समृद्धि को बढ़ावा देती है और तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता तथा प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। किन्तु नैतिकता के बिना आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन उत्पन्न कर सकता है। उदाहरण के लिए, अनैतिक आर्थिक प्रगति से धन और संसाधनों का केंद्रीकरण, पर्यावरण को क्षति तथा समाज के कमजोर वर्गों का शोषण हो सकता है। नैतिक मूल्यों के बिना प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आध्यात्मिकता हमें मूलभूत मूल्य और नैतिक ढांचा प्रदान करती है, जो हमें कर्मयोग अर्थात निस्वार्थ सेवा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करता है। आध्यात्मिकता सत्यनिष्ठा, करुणा, अहिंसा और सेवा जैसे गुणों पर भी बल देती है। ये एक शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक सिद्धांत हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग की शिक्षा देता है। यह केवल एक स्थान पर बैठकर आत्मचिंतन करने तक सीमित नहीं है। कर्मयोग इसका एक मूलभूत अंग है। कर्मयोग का अर्थ है अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उच्च आध्यात्मिक सिद्धांतों का पालन करना। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े लाखों लोग नियमित रूप से कर्मयोग का अभ्यास कर सार्थक जीवन जी रहे हैं।

# दिनदहाड़े 60 लाख की लूट का खुलासा, सात बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सराय रोहिल्ला थाना पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने दिनदहाड़े 60 लाख रुपये की लूट का पर्दाफाश करते हुए सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 28,12,800 रुपये नकद, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी और होंडा सिटी कार बरामद की है।

पुलिस ने खुलासा किया है कि शिकायतकर्ता की फर्म का एक कर्मचारी ही इस लूट का मास्टरमाइंड निकला। उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त राजा बंथिया ने शुक्रवार को बताया कि 7 जनवरी को सराय रोहिल्ला थाने में पीसीआर कॉल के जरिए लूट की सूचना मिली। शिकायतकर्ता संदीप स्वामी ने बताया कि वह करोल बाग स्थित मोबाइल एक्सेसरीज की दुकान में काम करता है और पार्टियों से नकदी लेकर ऑफिस में जमा करता है।शिकायतकर्ता ने आगे पुलिस को बताया कि उसी दिन वह अपने सहकर्मी शिवा के साथ रोहिणी सेक्टर-8 से 60 लाख रुपये नकद लेकर टीवीएस वेगो स्कूटी से करोल बाग जा रहा था। दोपहर करीब 1:45 बजे सुभद्रा कॉलोनी स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय के सामने काले रंग की बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हें रोका और पिस्तौल के बल पर 60 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में गठित संयुक्त टीम ने रोहिणी से लेकर घटनास्थल तक लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। 50 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की गई। कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर शिकायतकर्ता के कर्मचारी शिवा पर शक गहराया। सख्ती से पूछताछ में शिवा ने कबूल किया कि उसने अपने पड़ोसी और कुख्यात अपराधियों को नकदी की सूचना दी थी। उसकी निशानदेही पर 11 जनवरी को राजीव और करण को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के अन्य सदस्य दिल्ली-एनसीआर में कई मामलों में घोषित अपराधी हैं। गुप्त सूचना पर 27/28 जनवरी की रात हिंदूराव अस्पताल के पास से चार आरोपित करनैल सिंह, राहुल उर्फ छोटू पहाड़ी, रोहित उर्फ सनी उर्फ कैंची और नदीम उर्फ कल्लू को होंडा सिटी कार सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के पास से कुल 28,12,800 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, नदीम ने वारदात के लिए पिस्टल और बाइक उपलब्ध कराई थी।

## ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मथुरा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच मोदी मिल फ्लाईओवर के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दो छात्रों को कुचल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मृतक की पहचान मानव (19), और घायल की पहचान मोहम्मद साद (21) के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर भारी जाम लग गया था। जानकारी के अनुसार, स्कूटी को बदरपुर की ओर जा रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी।। ट्रक, जो दिल्ली के बादली से नागपुर जा रहा था और जिसमें किराने का सामान लदा था, अनियंत्रित होकर स्कूटी पर जा चढ़ा। इस हादसे में स्कूटी सवार छात्र मानव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मोहम्मद साद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। ट्रक का चालक, 32 वर्षीय जहुल, हरियाणा के नूंह का रहने वाला है।

# रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल (आईएससी) ने गोलीबारी कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मौजपुर निवासी अंकुश चोपड़ा उर्फ सचिन (25) के रूप में हुई है। वह वर्ष 2023 से फरार चल रहा था और अदालत ने उसे पिछले साल 30 जून को भगोड़ा घोषित कर दिया था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि 30 नवंबर 2023 को वजीराबाद थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के घर पर गोलीबारी की सूचना मिली थी। बाइक पर सवार बदमाशों ने घर के बाहर गोली चलाई और मौके पर 'गोगी गैंग' के नाम से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाली पर्ची फेंककर फरार हो गए। वजीराबाद थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दो नाबालिगों को पकड़ा गया था और छह अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अंकुश चोपड़ा लगातार फरार चल रहा था। इस बीच एसीपी रमेश चंदर लांबा की निगरानी में इंस्पेक्टर सतेंदर पूनिया, इंस्पेक्टर सोहन लाल व अन्य टीम ने गुप्त सूचना पर मौजपुर के शास्त्री मार्ग इलाके में छापेमारी कर आरोपित अंकुश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सह-आरोपित मनीष उर्फ सनी काकरान और मनमो. हन उर्फ गौरव, जो उस समय तिहाड़ जेल में बंद थे, उन्होंने नाबालिग साथियों के जरिए फायरिंग और रंगदारी की साजिश रची थी।

## दो ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने दो ऑटो-लिफ्टर को गिरफ्तार किया है।पूलिस ने उनके पास से पांच चोरी की गाड़ियां बरामद की है। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि जिले की एएटीएस टीम ऑटो चोरी में शामिल लोगों के बारे में लगातार खुफिया जानकारी इकट्ठा कर रही थी। इसी बीच 11.फरवरी को, इंस्पेक्टर योगेश वशिष्ठ की टीम ने डीडीए फ्लैट्स, न्यू उस्मानपुर के पास चे. कंग के दौरान बाइक पर सवार दो लोगों को रोका। पूछताछ करने पर, वे बाइक के मालिकाना हक से जुड़े कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं दिखा पाए। डिटेल में जांच करने पर, बाइक चोरी की पाई गई।इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनकी पहचान विवेक गुप्ता (32) और लखन देवल (31) के रूप में की है।

# महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन



विधानसभा अध्यक्ष महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में साथ में हैं उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट व विधायक सूर्य प्रकाश खत्री आदि।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महाराजा सूरजमल केवल अपने समय के शासक ही नहीं थे, बल्कि वे साहस, रणनीतिक कौशल और अपनी प्रजा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक थे। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।"

यह विचार दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधान सभा के ऐतिहासिक परिसर में महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। संबोधन से पूर्व, अध्यक्ष ने महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, क्षेत्रीय ग्रामीण मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, बारह गांवों के प्रधान और दिल्ली व देश के अन्य हिस्सों से आए गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गुप्ता ने महाराजा सूरजमल को साहस और रणनीतिक सूझबूझ का पर्याय बताया।

उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल की विरासत उनके कालखंड से परे है और आज भी एकता, लचीलेपन और जिम्मेदार नेतृत्व के मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है। गुप्ता ने 1912 में निर्मित दिल्ली विधान सभा भवन के ऐतिहासिक महत्व को भी रेखांकित किया। उपाध्यक्ष श्री मोहन सिंह बिष्ट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाराजा सूरजमल का जीवन साहस, दृढ़ संकल्प और जन कल्याण के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी महान विभूतियों को याद करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करता है और भविष्य की पीढ़ियों को एकता और सेवा के आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक ऐसी शक्ति के रूप में उभरे जिनका नेतृत्व क्षेत्रीय सीमाओं से परे था।

## एक नजर

### वेलेन्टाइन डे का एक अध्यात्मिक पहलू भी: संत राजिंदर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 14 फरवरी सेंट वेलेन्टाइन डे के रूप में मनाया जाता है। इसके विषय में एक कहानी प्रचलित है कि सेंट वेलेन्टाइन बच्चों से बहुत प्रेम करते थे। एक बार सेंट वेलेन्टाइन को जेल में बंद कर दिया गया और उनके चहेते बच्चे यह सहन नहीं कर पाए। इन बच्चों ने कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर अपनी कोमल भावनाओं को अंकित किया एवं जेल की सलाखों में से उन तक पहुँचाया। कदाचित यहाँ से प्रेम से परिपूर्ण भावनाओं के आदान-प्रदान का सिलसिला आरम्भ हुआ जो अब तक समय के अनुसार कई रूप बदल चुका है। संत राजिंदर सिंह जी महाराज के अनुसार यद्यपि आज के युग में वेलेन्टाइन डे प्रेमी और प्रीतम के बीच का ही एक उत्सव रह गया है, परन्तु इसका भी एक अध्यात्मिक पहलू है। वेलेन्टाइन डे संत वेलेन्टाइन व उनके शिष्यों के बीच प्रेम का प्रतीक है, ये प्रतीक है अध्यात्मिक प्रेम का जो कि एक गुरू और शिष्य के बीच या प्रभु व भक्त के बीच होता है जो कि एक इंसान का पूरी सृष्टि व मानवता के लिये होता है।

### गुलकी जोशी निभाएंगी अहम किरदार

**नई दिल्ली।** सोनी सब अपने नए मेडिकल ड्रामा हुई गुम यादें ख्र एक डॉक्टर, दो जिंदगियाँ पेश करने जा रहा है। यह शो विश्वभर में सराहे गए इटालियन सीरीज डीओसी का भारतीय रूपांतरण है, जिसे कई देशों में सफलतापूर्वक अपनाया गया है। ष्दूसरे मौकेष की थीम पर आधारित यह कहानी एक प्रतिभाशाली डॉक्टर देव (इकघ्बाल खघन) की असाधारण यात्रा को दर्शाती है, जो एक हादसे में आठ साल की याददाश्त खोने के बाद अपनी दुनिया को फिर से जोड़ने की कोशिश करता है। प्रसिद्ध अभिनेत्री गुलकी जोशी इस शो में अहम किरदार निभाने जा रही हैं। वह श्रीष्टी का रोल करेंगी, जो डॉक्टर देव मेहता की पूर्व पत्नी है। गुलकी एक मजबूत, बुद्धिमान और भावनात्मक रूप से गहरी महिला का किरदार निभाएँगी, जो अपने पेश. ेवर और निजी जीवन को शांत दृढ़ता के साथ संतुलित करती है। गुलकी जोशी ने अपने किरदार को लेकर कहा "मैं सचमुच बहुत उत्साहित हूँ कि यादें का हिस्सा बनी हूँ।

### बहादुरी के लिए दो कांस्टेबल को मिला आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप और कांस्टेबल नीरज को उनकी असाधारण बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिल्ली पुलिस ने श्आउट-ऑफ-टर्नश प्रमोशन दिया है। उन्हें वीरता पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है।दोनों पुलिसकर्मियों ने बहादुरी का परिचय देते हुए एक हिंसक झड़प के बाद एक हथियारबंद आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया। इस दौरान वे ड्यूटी पर रहते हुए चाकू लगने से घायल हो गए। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने जवानों को उनकी जान की परवाह किए बिना जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए सराहा है।

### इग्नू में बी.एड पाठ्यक्रम प्रवेश आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए बी.एड पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश केवल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होगा और पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर ही की जाएगी। किसी भी प्रकार के मुद्रित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार बी.एड पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को पहले पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा और उसके बाद प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र भरना अनिवार्य होगा। आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही पूर्ण करनी होगी। प्रवेश के लिए पात्रता न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताओं की पूर्ति पर आधारित होगी। अभ्यर्थियों के पास स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि निर्धारित अंकों के साथ होना आवश्यक है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचे: सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा के अंतर्गत एम ब्लॉक, प्रेम नगर, उत्तम नगर में नवनिर्मित "आयुष्मान आरोग्य मंदिर" का उद्घाटन किया। यह जनकपुरी में बनने वाला 5वां आरोग्य मंदिर है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जनकपुरी के विधायक और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा की यह आरोग्य मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की दिल्ली सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य के क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है तथा दिल्ली के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं।

## ओबेसिटी क्लीनिक लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फोर्टिस ला फॅम ने महिलाओं में बढ़ रहे मोटोपे और अन्य लाइफस्टाइल संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए स्पेश्यलाइज्ड ओबेसिटी क्लीनिक लॉन्च किया है। इस क्लीनिक का विधिवत उद्घाटन, इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथियों दिल्ली विधानसभा की माननीय विधायक शिखा रॉय और हर्ष महाजन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेश, महाजन इमेजिंग ने किया। यह क्लीनिक कई जटिल स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाव, हार्मोनल असंतुलन, जोड़ों के विकारों, बांझपन और हृदय रोगों के उपचार के लिए काम करेगा। इनमें से कई समस्याएं/विकार बदलती जीवनशैली, तनाव और मेटाबोलिक कारणों के चलते पैदा होती हैं।

# एनडीएमसी अध्यक्ष ने किया नवीनीत एस्केलेटर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा एवं उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने डॉ. राम मनो. हर लोहिया अस्पताल के पास बने फुट ओवर ब्रिज पर नवीनीकृत एस्केलेटरों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि, सरिता तोमर तथा एनडीएमसी के सचिव राकेश कुमार भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चहल ने कहा कि आरएमएल स अस्पताल तथा मदर टेरेसा क्रेसेंट रोड के पास सड़क पर बने फुट ओवर ब्रिज और एस्केलेटरों से मरीजों, बुजुर्गों, उनके परिजनों तथा अन्य आगंतुकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि अब इंदौर क्षेत्र के सभी एस्केलेटर चालू रखे जा रहे हैं तथा इनके रखरखाव के लिए विशेष स्टाफ तैनात किया गया है। साथ ही, एस्केलेटरों के पुर्जों की चोरी रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड भी नियुक्त किए गए हैं।

आगामी 16 फरवरी से दिल्ली में होने वाले एआई समिट का उल्लेख करते हुए चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नवाचार, तकनीक और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। एनडीएमसी इस विजन के साथ पूरी तरह जुड़ी हुई है। क्षेत्र को सुंदर एवं आधुनिक बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं, ताकि आने वाले प्रतिनिधियों और नागरिकों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक राजधानी का अनुभव हो। चहल ने जानकारी दी कि एनडीएमसी क्षेत्र में कुल 22 एस्केलेटर हैं, जिनमें से अधिकांश वर्तमान में चालू हैं। जो एस्केलेटर बंद हैं, उन्हें अगले 4ख्र5 महीनों में चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब सुरक्षा और रखरखाव से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी समाधान कर लिया गया है।

इस अवसर पर एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने कहा कि ये एस्केलेटर और फुट ओवर ब्रिज कॉमनवेल्थ गेम्स के समय बनाए गए थे, लेकिन तकनीकी कारणों से कुछ समय से बंद थे।

# 50 लाख की जबरन वसूली मामले में धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने फायरिंग और पचास लाख रुपये की जबरन वसूली के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है।आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लंबे समय से फरार था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि 30 नवंबर 2023 को वजीराबाद इलाके में शिकायत करने वाले, एक बिजनेसमैन के घर पर फायरिंग के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली। बताया गया कि बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर पीछे बैठे एक अज्ञात व्यक्ति ने घर की ओर गोलियां चलाईं और मौके से भाग गया। घटनास्थल पर "गोगी गैंग" के नाम पर पचास लाख की रंगदारी मांगने वाली एक पर्ची भी मिली। इसके बाद वजी. राबाद थाने में एफआई आर दर्ज कर जांच अपराध शाखा द्वारा की गई।इस दौरान विशिष्ट और विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होने पर एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र पूनिया और सोहन लाल के नेतृत्व मे एसआई राकेश शर्मा, एएसआई सुरेश कुमार और दलबीर सिंह की टीम ने , शास्त्री मार्ग, मौजपुर,में छापा मारकर आरोपी अंकुश चोपड़ा को पकड़ लिया।पुलिस को जांच से पता चला कि सह-आरोपी मनीष उर्फ घ्घ्सनी काकरान और मनमोहन उर्फ घ्घ्गौरव ने तिहाड़ जेल में रहते हुए, फायरिंग और जबरन वसूली की कोशिश के लिए नाबालिग साथियों को रखा था।



एनडीएमसीके अध्यक्ष केशव चंद्रा व उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास बने फुट ओवर ब्रिज पर नवीनीकृत एस्केलेटरों का उद्घाटन करते हुए।

# ज्योतिष व वास्तु सम्मेलन आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 5 तत्व स्पिरिचुअल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित ज्योतिष, वास्तु सम्मेलन एवं सम्मान समारोह दीप प्रज्वलित महावतार बाबा जी के आगाज में कुरुक्षेत्र में होटल शिवालिक में आयोजित किया गया जो कि संस्था की अध्यक्षा एवं ज्योतिष आचार्य और योग के क्षेत्र में दक्ष मीना कुमारी राष्ट्रीय महासचिव ज्योतिषाचार्य गुरु कुमार विनोद उपाध्यक्ष महिपाल शर्मा मीडिया प्रभारी मनजीत कुमार कोष अध्यक्ष मुस्कान एवं अन्य पदाधिकारियों की देखरेख में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकीं 'द डिवाइन स्पिरिट' संस्था दिल्ली से सोमिका सिंह को उनके अद्वितीय "सिग्नेचर स्किल्स" एवं आध्यात्मिक योगदान के लिए विशेष रूप से क्राउन पहनाकर सिग्नेचर क्वीन के पद से सम्मानित किया गया।

यूनाइटेड किंगडम, इटली, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड सहित 11 देशों में उनके कार्यों को सराहना मिली है। द डिवाइन स्पिरिटष,मुख्य अतिथि के रूप में जीडी वशिष्ठ , अक्षय शर्मा, आचार्य अनिल वत्स , पंडित राजीव शर्मा गणमान्य शामिल रहे और अपना बेमिसाल वक्तव्य दिया ज्योतिष विद्या पर अपनी अपनी रिसर्च सांझा की। कुरुक्षेत्र से जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्म पाल चौधरी की उपस्थिति में सम्मानित उम्मीद फाउंडेशन संस्था कुरुक्षेत्र से गोताखोर प्रगट सिंह को 11000 की सहयोग राशि से व सर्वश्रेष्ठ समाज सेवी के सम्मान से सम्मानित किया।

# सशक्त भारत पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विज्ञान भवन में एक भव्य, गरिमामय एवं राष्ट्रीय महत्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय "कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत" रहा, जिसका उद्देश्य कर्म को आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ते हुए जनमानस में जागरूकता उत्पन्न करना था।

प्रात:कालीन सत्र में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति जी ने कर्मयोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कर्म आत्मिक चेतना, निष्ठा और निष्काम भाव से किया जाता है, तभी वह राष्ट्र, समाज और मानवता के कल्याण का माध्यम बनता है। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल ने गीता के बचनों को कहते हुए कहा बन्धन वाला कर्म है जबकि मुक्ति देने वाला कर्मयोग है। प्रशासक वर्ग की अध्यक्षा राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि ष्कर्मयोग द्वारा सशक्त भारत कार्यक्रम का उद्देश्य हर भारतीय की आन्तरिक चेतना को जागृत करना है जिससे वह आध्यात्मिकता द्वारा जीवन शैली परिवर्तन करे। कर्म के साथ परमात्मा की याद कर्मयोग बन जाता है, जिससे सन्तुष्टता जीवन में आती है।

## ओपन बिजनेस इम्पैक्ट एआई प्लेटफॉर्म उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एआई-फर्स्ट, एंटर प्राइज-ग्रेड फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी में अग्रणी, इंटेलक्ट डिजाइन एरिना ने घोषणा की कि पर्पल फैब्रिक, भारत का निर्णय-केंद्रित फुल-स्टैक ओपन बिजनेस इम्पैक्ट एआई प्लेटफॉर्म, अब 99,500 प्रति माह पर श्एंटरप्राइज एआई ऑन टैपश के रूप में उपलब्ध है। यह 50 उपयोगकर्ताओं तक को पारंपरिक इंफ्रास्ट्रक्चर के बोझ के बिना बिजनेस इम्पैक्ट एआई को तैनात और स्केल करने में सक्षम बनाता है। यह कदम विश्वसनीयता-प्रथम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को प्रमाणित, भरोसेमंद, गवर्नेंस-रेडी संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में स्थापित करता है।

# राष्ट्र निर्माण में रेडियो की भूमिका महत्वपूर्ण: वत्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज विश्व रेडियो दिवस पर संघ के मुख्यालय बरवाला में राष्ट्र निर्माण में रेडियो की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास, सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारियां, शिक्षा, सूचना और मनोरंजन सभी कुछ रेडियो के जरिये करोडो लोगों तक मुफ्त में सरकार सुलभ करा रही है।

वत्स ने कहा कि रेडियो आज भी करोडो श्रोताओं तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यम है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्वयं जनता से जुडने के लिए रेडियो पर ही मन की बात करते हैं। मौसम की जानकारी हो, क्रिकेट की कमेंट्री हो, सम- सामयिक चर्चा हो, प्राकृतिक आपदाओं की त्वरित जानकारी हो या मनोरंजन के लिए गीत संगीत के कार्यक्रम हो यह सब रेडियो के माध्यम से पलभर में करोडों लोगों तक पहुंच रहे हैं।

देश में एफ.एम रेडियो और कम्यूनिटी रेडियो की संख्या भी दिनों दिन बढ रही है। रेडियो श्रोता कभी भी समाचार उद्घोषक देवकीनंदन पांडे, राजेंद्र अग्रवाल, संगम प्रोग्राम की चांदनी चड्ढा, रेडियो सीलोन के अमीन सयानी को नहीं भूला सकते।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# विधायक की धमकी पर एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन का रुख सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पर पत्रकार आकाश गौड़ को जान से मारने की धमकी देने और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज का गंभीर आरोप लगा है। पत्रकार आकाश गौड़ ने एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से गाजियाबाद पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें तत्काल कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की गई है।



आकाश गौड़ ने पुलिस आयुक्त को बताया कि 10 फरवरी 2026 को सुबह करीब 8:43 बजे लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने व्हाट्सएप कॉल पर संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मेरे द्वारा प्रकाशित एक खबर पर अश्लील गालियां देते हुए कहा, मैं अभी लखनऊ हूं, आते ही तुझे मार दूंगा, तुझे जहां भागकर जान बचानी है, बचा ले। यह धमकी न केवल आकाश गौड़, बल्कि उनके परिवार के लिए भी बड़ा खतरा बताई जा रही है। अध्यक्ष अपूर्वा चौधरी ने बताया कि आकाश गौड़ पिछले 15 वर्षों से गाजियाबाद में निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे हैं और जनहित के मुद्दों पर रिपोर्टिंग करते आए हैं।

नंदकिशोर गुर्जर पहले भी कई पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अधिकारियों पर हमले, मारपीट और धमकियों के आरोपों में घिर चुके हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के अंदर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो एसोसिएशन पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक आंदोलन करने को मजबूर होगा। पुलिस आयुक्त ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


मामले में ऑडियो क्लिप भी वायरल हो रही है, जिसे विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा रहा है। स्थानीय पत्रकारों और संगठनों ने इसकी निंदा की है और प्रेस की आजादी पर हमले को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है। आगे की जांच और कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### गाजियाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा

## बीएलओ व सुपरवाइजरों से किया संवाद कई बीएलओ को किया सम्मानित

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को गाजियाबाद भ्रमण के दौरान संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज, साहिबाबाद स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही हिन्दी भवन स्थित हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद की सभी विधानसभाओं के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सर्वप्रथम नगर निगम बालिका इण्टर कालेज स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण व्यवस्था एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित नागरिकों एवं मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर सुझाव लिए एवं उक्त प्रक्रिया में उनके द्वारा दिए जा रहे उत्कृष्ट सहयोग की प्रशंसा की।

## पिंकी चौधरी और यदि नरसिंहानंद सरस्वती को पुलिस ने किया नजरबंद





**गाजियाबाद।** मेरठ में हिंदू युवती आकांक्षा और उनके प्रेमी की शादी को लेकर सियासी और सामाजिक संवेदनाएं तेज हैं। गाजियाबाद में हिंदूवादी नेताओं पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में डासना मंदिर के प्रमुख और महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को मंदिर परिसर में नजरबंद कर लिया गया। मंदिर के गेट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यति नरसिंहानंद गिरी को मेरठ नहीं जाने दिया जाए। उधर, हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष को रात में ही पुलिस ने नजर बंद कर लिया था, उन्हें अपने घर पर पुलिस की निगरानी में रखेगा। साथ ही, उनकी हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। यदि वह कहीं पर कोई बयान देते हैं या भड़काऊ टिप्पणी करते हैं, तो उनकी वीडियोग्राफी की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई इलाके में शांति बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए की जा रही है।

# आईटीएस मोहननगर में संवाद श्रृंखला के अंतर्गत विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

■ **डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में देश में हो रही राजनीतिक एवं आर्थिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहन नगर में संस्थान के द्रोणाचार्य ऑडिटोरियम में आई. टी.एस. - संवाद श्रंखला के अंतर्गत विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर ख्यातिप्राप्त अर्थशास्त्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गोपाल कृष्णा अग्रवाल मुख्य वक्त के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष आई. टी. एस -द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, मुख्या वक्त गोपाल कृष्ण अग्रवाल, निदेशक डॉ सुनील कुमार पाण्डे एवं संयोजक डॉ विनय कुमार वास्तव द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न किया गया।



इस अवसर पर आईटीएस यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ नैंसी शर्मा भी उपस्थित रही। इस अवसर पर मुख्या वक्ता का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह और शाल प्रदान कर स्वागत करते हुए आई.टी.एस द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के ऐसे अकादमिक प्रयासों की सराहना की।

अपने संबोधन में अग्रवाल ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 के विभिन्न आयामों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट की तैयारी एक अत्यंत विस्तृत, जटिल एवं बहु-स्तरीय प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, विशेषज्ञों एवं नीति-निर्माताओं की सक्रिय भागीदारी होती है। बजट निर्माण की इस दीर्घ एवं महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया को उन्होंने सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया।

आई.टी.एस, मोहन नगर के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पाण्डेय ने अपने संबोधन में देश में हो रही राजनीतिक एवं आर्थिक गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम के संयोजक डॉ विनय कुमार श्रीवास्तव ने संवाद व्याख्यान क्रम आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आई.टी.एस संवाद श्रृंखला का यह आयोजन संस्थान की अकादमिक उत्कृष्टता, विचार- विमर्श की सशक्त परंपरा एवं उद्योग-अकादमिक समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ तहसील बार एसोशिएशन का चुनाव

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को तहसील बार एसोसिएशन गाजियाबाद सदर तहसील का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में कुल सात पदों के लिए 20 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला जिसके बाद मतगणना शुरू हो गई जो खबर लिखे जाने तक जारी थी। अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार शर्मा होदिया, अशोक कुमार वर्मा एवं अरुण कुमार चौधरी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। सचिव पद पर दीपक वाष्णेय एवं विशाल सिरोही आमने-सामने रहे। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए



विजय कसाना एवं शौकेन्द्र कुमार चौहान, सह सचिव पद के लिए महेन्द्र शर्मा एवं सुशान्त कुमार जोनी के बीच मुकाबला है। वहीं, सांस्कृतिक सचिव पद पर गुलिस्ता, रश्मि सिन्हा एवं वसीम खान मैदान में थे, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर हर्षित शर्मा मन्त्रू एवं ब्रजेश यादव के बीच सीधी टक्कर है। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए सागर शर्मा, दीपक चौहान, गजराज सिंह, पूजा अरोड़ा एवं विवेक कुमार गुप्ता चुनाव लड़ रहे थे।

## पोक्सो एक्ट का वांछित आरोपी पुलिस ने दबोचा

■ **आरोपी ने बताया की उसने शराब के नशे मे किशोरी के साथ गलत हरकत कर दी थी, जब उसके घर वालों को पता चला तो मुकदमा लिखवा दिया**

**गाजियाबाद।** थाना लिंक रोड पुलिस ने नाबालिग लड़की के वांछित आरोपी को मुखबिर की सूचना के आधार गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम सोनू शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी मुरादाबाद व वर्तमान पता ग्राम झण्डापुर बताया जा रहा है।

आरोपी पर थाना लिंकरोड पुलिस ने पीड़िता के 'न्यायालय में बयानों के आधार पर धारा 65(2) बीएनएस की बढोत्तरी की कर जेल भेज दिया। सोनू ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह मुरादाबाद का रहने वाला है और अनपढ़ है। वह केबल लाइन में फ्रेन्च कॉलोनी झिलमिल दिल्ली में काम करता है।

उसने बताया, मेरे पड़ोस में रहने वाली किशोरी अक्सर खेलने के लिए मेरे घर आती थी। 9 फरवरी को भी वह खेलने आई थी। आरोपी ने बताया की उसने शराब के नशे मे किशोरी के साथ गलत हरकत कर दी थी। जब उसके घर वालों को पता चला तो मुकदमा लिखवा दिया।

## चौधरी छबीलदास पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

**गाजियाबाद।** चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक रोहित गोस्वामी ने वार्षिक खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ शामिल थीं। इसके साथ ही लेमन स्पून और बनी रेस जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर चौधरी छबील दास पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनीता सक्सेना,



प्रभारी आशा सिंह, स्कूल प्रबंधक पंकज गुप्ता, समन्वयक सोनिका बिष्ट जी, खेल प्रभारी रजत मलिक, कन्नू और विशाल उपस्थित थे।

## ऑनलाइन होमवर्क पर सरकार लगाए रोक: त्यागी

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सरकार से स्कूलों द्वारा कम से कम कक्षा पांच तक के बच्चो को ऑनलाइन होमवर्क भेजने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।




उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ता स्क्रीन टाइम छोटे बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। छोटे बच्चे हो या फिर बड़े ऑनलाइन होमवर्क ने सभी को किताबों और खेल के मैदान से दूर कर मोबाइल और लैपटॉप तक सीमित कर दिया है। इससे आंखों की समस्या, तनाव, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी जैसी परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैं। जरूरी है कि स्कूल पारंपरिक और रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को अपनाएं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने केंद्र और राज्य सरकारों से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि सभी स्कूल इस व्यवस्था का ईमानदारी से पालन करें और बच्चों को अनावश्यक डिजिटल दबाव से मुक्ति मिल सके। अंत में सीमा त्यागी ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण रखें और उन्हें खेल-कूद, पुस्तक पढ़ने तथा रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें

## शिक्षा निदेशक द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को लेकर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बोर्ड एग्जाम 2026 के जनपद के प्रभारी दिनेश यादव सहायक शिक्षा निदेशक मेरठ मंडल मेरठ द्वारा जनपद का भ्रमण कर परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया गया।

जिसके अंतर्गत उनके द्वारा जीजीआईसी विजयनगर और शंभू यादव इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया तथा जिला विद्यालय कार्यालय में स्थापित बोर्ड परीक्षा से संबंधित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। परीक्षा से संबंधित सभी तैयारीयों की समीक्षा की सभी व्यवस्थाए सही पाई गई इस दौरान कंट्रोल रूम के प्रभारी पवन कुमार भाटी उनके साथ रहे।




### अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं0-03 सन् -2026**
**( कम्प्यूटर नं0 70 / 2026 )**

श्रीमती सुनीता पत्नी स्व० सुभाष यादव उम्र करीब 46 वर्ष निवासी 800 सी, कमला क्वाटर, नेहरू नगर, तहसील व जिला गाजियाबाद।

.........वादनी

**बनाम**

1. निशान्त यादव पुत्र स्व० सुभाष यादव उम्र करीब 27 वर्ष निवासी 800 सी, कमला क्वाटर, नेहरू नगर, तहसील व जिला गाजियाबाद। 2. श्रीमती हिमानी यादव पत्नी प्रताप यादव पुत्री स्व० श्री सुभाष यादव निवासी ग्राम सरफाबाद थाना सैक्टर 113, जिला गौतमबुद्धनगर।

...प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्रीमती सुनीता, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 6,31,200/- रूपये स्व० सुभाष यादव के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 05.03.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 14.01.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

लगभग 6,31,200/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थित-श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस.-जे**
**विविध वाद सं0-158 सन् -2025**
**( कम्प्यूटर नं0 543 / 2025 )**

अनिल वर्मा पुत्र स्व० श्री बालकराम वर्मा आयु करीब 47 वर्ष निवासी जी एफ-5/91, सैक्टर 2 राजेन्द्र नगर साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। आधार नं० 6938 6471 5011

...वादी

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र स्व० श्री बालकराम वर्मा निवासी 9/228 सैक्टर 3 राजेन्द्र नगर साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। 2. सतीश कुमार वर्मा पुत्र स्व० श्री बालकराम वर्मा निवासी 408 नीलगिरी अपार्टमेन्ट कौशाम्बी साहिबाबाद जिला गाजियाबाद। 3. श्रीमति विमलेश पुत्री स्व० श्री बालकराम वर्मा पत्नी श्री बलराम निवासी मकान नं० 6/49 ए गली नं० 5 विश्वासनगर शाहदरा दिल्ली।

...प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्री अनिल वर्मा, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 19,53,205/- रूपये स्व० राजेन्द्री देवी के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 05.03.2026 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुनासिब आदेश पारित कर दिया जाएगा। आज दिनांक 12.01.2026 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

लगभग 19,53,205/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**


# भगवान शिव को तत्व रूप में जानकर वास्तविक शिवरात्रि मनाएं: आशुतोष महाराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि का महापर्व एक बार फिर हमारे आस्था के द्वार पर दस्तक देने को है। इस दिन फिर से मंदिरों में जगमग-जगमग सहस्त्रों ज्योतियाँ जलेंगी। अनहद घंटों की ध्वनि गूँजेगी। शिवलिंगों पर जल अर्पित होगा। वातावरण शिवमय होने लगेगा। किन्तु शिव-भक्तों! भोलेनाथ का यह महापर्व हमें केवल बाहरी ज्योतियाँ दिखाने, बाहरी घंटियाँ सुनाने या केवल बाहरी जलाभिषेक अर्पित करने के लिए नहीं आता; बल्कि हमें देवाधिदेव शंकर की शाश्वत ज्योति, अनहद नाद और भीतरी अमृत के अनुभव से जोड़ने आता है। बाहरी मंदिर की पूजा ही नहीं, अंतर्जगत के अलौकिक मंदिर का साधक बनाने भी आता है। शिव की महिमा 'मनाने' ही नहीं; बल्कि शिवत्व को 'जानने' और उसमें स्थित तत्त्वज्ञान का बोध कराने भी आता है। शिवपुराण में अनेकानेक स्थानों पर 'ध्यान योग' की महिमा गाई गई है।



पुराण की वायवीय संहिता में वर्णित है- 'पंच यज्ञों में ध्यान और ज्ञान-यज्ञ ही मुख्य है। जिनको ध्यान अथवा ब्रह्मज्ञान प्राप्त हो गया है, वे काल के चक्रवातों में नहीं उलझते। वे भव-सिंधु से उत्तीर्ण हो जाते हैं।' यहाँ तत्त्वज्ञान के अंतर्गत प्रकाश की चर्चा करेंगे- शिवलिंग- प्रकाश स्तम्भ का द्योतक: भगवान शिव के प्रकाश स्वरूप का ध्यान कहाँ हो? कैसे हो? इसके विषय में भी शिवपुराण में उल्लेखित है कि परब्रह्म परमात्मा सबके हृदय में प्रकाशित है। हृदय स्थल के मध्य 'ध्यान' द्वारा उसकी आराधना की जाती है।

यदि शिव जी की बात की जाए तो भगवान शिव तत्त्वत: निराकार ब्रह्म हैं। अब जरा 'लिंग' शब्द पर भी विचार करते हैं। 'लिंग' का शाब्दिक अर्थ होता है- प्रतीक! तो इस प्रकार 'शिवलिंग' (जो शिव और लिंग के योग से बना है) का अर्थ हुआ- निराकार ब्रह्म का प्रतीकात्मक स्वरूप।

माने शिव के अव्यव, अक्षर व देह से रहित रूप का प्रतीकात्मक चिन्ह शिवलिंग है। अब चूँकि शिव के इन लिंगों को 'ज्योतिर्लिंग' कहकर भी महिमामंडित किया गया। इसीलिए शिवलिंग स्थूल रूप में मात्र एक पिण्डी प्रतीत होता है। किंतु यह ब्रह्म के प्रकाश स्वरूप का द्योतक है। दरअसल, पीठिका पृथ्वी का प्रतीक है- 'पृथ्वी तस्य पीठिका' (स्कन्द पुराण)। उस पर रखा पिण्ड विराट ज्योति स्तंभ का द्योतक है।

इस पीठिका और पिण्ड के संबंध को हम एक पवित्र उदाहरण से समझ सकते हैं। मिट्टी का दीपक याने पीठिका और दीपक में प्रज्वलित उर्ध्वगामी ज्योति याने प्रकाश स्तम्भ रूपी परम लिंग! सार रूप में हम कह सकते हैं, शिव के तत्त्व रूप- प्रकाश का प्रतीकात्मक चिन्ह है- शिवलिंग अथवा ज्योतिर्लिंग!

भगवान शिव के बाहरी पूजन से कई गुणा महिमाशाली है- अंतर्जगत में ज्योतिर्लिंग रूप में उनका दर्शन कर साधना करना। इसलिए शिव को तत्त्व रूप में जानकर वास्तविक शिवरात्रि मनाएँ। सिर्फ बहिर्मुखी रहकर बाहरी अभिव्यक्ति में ही न अटके रहें। ईश्वर को तत्त्वज्ञान से जानकर सही मायने में महाशिवरात्रि का पर्व मनाएँ। बाहरी संकेत हमें वास्तविक लक्ष्य की ओर अग्रसर करने के लिए है। तभी काल से छुटकारा है; नान्य: पन्था विद्यतेऽयनाय - और कोई अन्य मार्ग है ही नहीं

# उस्मानपुर में पुलिस व बदमाशों के बीच चली गोलियां, 3 शूटर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर इलाके में शुक्रवार सुबह तड़के गोलियों की गूंज से इलाका गूंज उठा, दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम और बदमाशों के बीच एक-दो नहीं बल्कि 9 से 10 राऊंड गोलियां चली और क्राइम ब्रांच ने असद गैंग के तीन शार्प शूटर दबोच लिए जिनपर कि पच्चीस पच्चीस हजार का ईनाम घोषित था।

यह तीनो मेरठ में हुई एक हत्या में आरोपी है और फरार चल रहे थे स टीम ने इनके पास से तीन सैमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 11 जिन्दा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है स जबकि मौके से गोली के 9 खाली खोल बरामद किए है। पकड़े गए शार्प शूटरों की पहचान असद (36), अमिर उर्फ हुसैन (24) और जव्वाद (22) के रूप में हुई है।

असद पर कई आपराधिक मामले दर्ज है स क्राइम टीम को इनके बारे में जानकारी मिली थी जिसके बाद क्राइम ब्रांच डीसीपी संजीव यादव के सुपरविजन में इंस्पेक्टर सुंदर गौतम के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अरविन्द सिंह, एसआई मनीष, नवीन, बिजेंद्र, भारत, सुधीर, वीरेंद्र, एएसआई अजय, अमित, विकास, संजीव हेड कॉस्टेबल गौरव, रोहित, रामजस, सुमित, जित.ेंद्र, सोनू, पवन और कॉस्टेबल विनीत की टीम तैयार की गयी। शुक्रवार सुबह तड़के वजीराबाद मैन रोड, मेट्रो के पिलर नं-पी/187, उस्मानपुर के पास टीम को एक बाइक पर यह तीनो आते हुए नजर आए, जब टीम ने इनको रुकने का इशारा किया तो इन्होने गोलियां चलानी शुरू कर दी, एक गोली टीम में मौजूद एक एसआई की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी, जिसके बाद जबाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गोलियां चलाई और असद के पैर में एक गोली जा लगी, जिसके बाद वह बाइक से गिर पड़े और टीम ने तीनो को पकड़ लिया।

इन शूटरों ने मेरठ में असलम नाम के व्यक्ति की हत्या की थी इस वारदात में शोहेब नाम का युवक घायल हुआ था, इन्होने यह हत्या पुरानी रंजिश के कारण की थी।

## तीन स्कूलों को फिर बम से उड़ाने की मिली धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर कई स्कूलों को ई-मेल और फोन कॉल के जरिए बम की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और स्कूल परिसरों में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सबसे पहले सुबह करीब 9:13 बजे झंडेवालान स्थित एक स्कूल को फोन कॉल के जरिए बम होने की धमकी दी गई। इसके बाद कुछ तीन अन्य स्कूलों को भी इसी तरह के संदेश मिलने की जानकारी सामने आई। धमकी मिलते ही स्कूल प्रशासन ने एहतियातन सभी छात्रों और स्टाफ को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कई स्कूलों में अभिभावकों को सूचना देकर बच्चों को घर भेजा गया। स्कूलों के बाहर सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया और आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बढ़ाई गई।

मौके पर पहुंची पुलिस टीमों के साथ बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड ने स्कूल परिसरों की गहन जांच की। एहतियात के तौर पर दिल्ली दमकल विभाग की गाड़ियां भी तैनात की गईं। अधिकारियों के अनुसार अब तक किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं पुलिस अधिकारी के अनुसार सभी मामलों की स्पेशल सेल की साइबर यूनिट धमकी भरे ई-मेल और कॉल की तकनीकी जांच में जुटी है, ताकि संदेश भेजने वाले की पहचान की जा सके। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों और पिछले कुछ महीनों में लगातार राजधानी के कई स्कूलों को इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। अधिकांश मामलों में जांच के बाद धमकियां फर्जी पाई गई थीं।

## ट्रैफिक लोक अदालत आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पेंडिंग ट्रैफिक चालानों का बोझ कम करने और मामलों का सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटारा करने के लिए 14 फरवरी को दिल्ली में विशेष लोक अदालत आयोजित की जा रही है। यह एक एक-दिवसीय अभियान है, जिसे दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, लोक अदालत आज सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तीस हजारी, साकेत, कड़कड़डूमा, पटियाला हाउस, रोहिणी, राउस एवेन्यू और द्वारका जिला अदालत परिसरों में लगेगी। इसके अलावा, भीड़ प्रबंधन और त्वरित निपटारे के लिए कम्युनिटी सेंटर्स और स्कूल परिसरों को भी अस्थायी स्थल के रूप में उपयोग किया जा सकता है। अपने इलाके के स्थानीय नोटिस या घोषणाएं जांचना समय बचा सकता है।

## उबर कंपनी के साथ ठगी करने वाले दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका साइबर थाना पुलिस ने उबर कंपनी के साथ कथित धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया गया है। आरो. पियों प्रदीप और सोमबीर उर्फ चेतन के पास से 53 मोबाइल फोन और तीन लैपटॉप जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच कर रही है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि उबर कम्पनी की ओर से भी एक शिकायत ई-मेल के जरिए मिली थी। शिकायत पर द्वारका साइबर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 61(2) और 3(5) के तहत एफआई आर दर्ज कर एसआई तेज सिंह राठी को सौंपी गई। मामले की जांच के दौरान 21 जनवरी 2026 को छावला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद एक सूचना पर झज्जर के मोहम्मद माजरा गांव के रहने वाले 39 वर्षीय प्रदीप को पकड़ा। उसके कब्जे से 36 संदिग्ध मोबाइल फोन और दो लैपटॉप बरामद किए गए। उससे पूछताछ के बाद झज्जर के ही गांव छारा के रहने वाले 30 वर्षीय सोमबीर उर्फ चेतन को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 17 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद हुआ। पुलिस ने सभी 53 मोबाइल फोन और तीन लैपटॉप को जब्त किए गए।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी उबर टैक्सी सेवा में राइडर/फ्लीट ओनर के रूप में काम कर रहे थे। वह वर्चुअल नंबरों के जरिए फर्जी ग्राहक खाते बनाकर नई आईडी पर मिलने वाले बोनस का दुरुपयोग करते थे। आरोपी खुद ही इन फर्जी खातों से राइड बुक कर अपने राइडर अकाउंट से स्वीकार कर लेते थे, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचता था।

## भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में निर्णायक मोड़ परः विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस के युग में एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हमारा उद्देश्य ऐसी तकनीक का लाभ उठाना होना चाहिए जो अवसरों को मजबूत करे, निष्पक्षता की रक्षा करे और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा दे्ये विचार दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष, विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विवि के शहीद भगत सिंह कॉलेज के शैक्षणिक सभागार में 'चुनौतियाँ और अवसर: एक आर्थिक परिप्रेक्ष्य' विषय पर आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस सेमिनार में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य प्रो. राम सिंह के साथ-साथ शिक्षा और उद्योग जगत के अन्य गणमान्य वक्ता भी उपस्थित थे। कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक संरचनात्मक आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हो चुकी है, जो उत्पादकता, श्रम बाजार, पूंजी आवंटन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को नया आकार दे रही है। उन्होंने गौर किया कि दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं अब डेटा, एल्गोरिदम और कम्प्यूटेशनल क्षमता के इर्द-गिर्द पुनर्गठित हो रही हैं। एआई आज वित्तीय प्रणालियों, विनिर्माण, भविष्य कहने वाली विश्लेषिकी के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रसद और सार्वजनिक प्रशासन को गहराई से प्रभावित कर रहा है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता फतेहपुर बेरी से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दक्षिण दिल्ली स्थित फतेहपुर बेरी गांव से राजधानी को 51 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सौगात दी।

इन नए केंद्रों की शुरुआत के बाद से दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कुल संख्या बढ़कर 370 हो गई है, जो मात्र आठ महीनों में हासिल की गई बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को समय पर सुलभ और किफायती उपचार उपलब्ध हो। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने छतरपुर विधानसभा में भी 322 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की शुरुआत की।इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर, निगम पार्षद सुंदर सिंह तंवर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने आयुष्मान केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक जांच, दवाइयां और उपचार सेवाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं और नागरिकों को समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना से स्वास्थ्य व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इन केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को न केवल उपचार बल्कि प्रोमोटिव और प्रिवेंटिव स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य को खर्च नहीं, बल्कि निवेश मानती है।

## हाइपोथायरायडिज्म से बढ़ सकता है बच्चों की हार्ट रिदम बिगड़ने का खतरा

**नई दिल्ली।** बच्चों में हाइपोथायरायडिज्म को अक्सर विकास में देरी या थकान जैसी सामान्य समस्याओं से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन नए शोध ने इसके हृदय पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अध्ययन में पाया गया है कि इस बीमारी से पीड़ित बच्चों के दिल की इलेक्ट्रिकल गतिविधि में सूक्ष्म लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो आगे चलकर हार्ट रिदम बिगड़ने का खतरा बढ़ा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि बच्चे में धीमी शारीरिक वृद्धि, अत्यधिक थकान, वजन बढ़ना, कब्ज, सूखी या पीली त्वचा, ठंड अधिक लगना, चेहरे पर सूजन, जीभ का बड़ा होना या गर्दन में सूजन जैसे लक्षण दिखें तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# केजरीवाल-सिसोदिया पर फैसला 27 फरवरी को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय करने के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और सभी आरोपियों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा। अब इस मामले में 27 फरवरी को अदालत अपना फैसला सुना सकती है। अदालत के आगामी आदेश पर अब सभी की निगाहें टिकी हैं।

सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि पहली चार्जशीट और पूरक आरोप पत्र में साजिश के पर्याप्त आधार मौजूद हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों की ओर से आरा.ेपों को निराधार बताया गया है। सीबीआई का आरोप है कि साउथ लॉबी ने दिल्ली की आबकारी मामला अपने पक्ष में कराने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी।

अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियां निभा रहे थे और उन्हें किसी भी तरह की रिश्वत मांगने या लेने से जोड़ने वाला कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केजरीवाल का नाम पहली चार्जशीट और तीन पूरक चार्जशीट में नहीं था, बल्कि चौथी पूरक चार्जशीट में जोड़ा गया, जो पहले की चार्जशीट का दोहराव है। बहस के दौरान अप्रूवर बने राघव मगुंटा के बयान का भी जिक्र हुआ। बचाव पक्ष ने कहा कि ऐसा कोई सीधा लिंक नहीं है जिससे साबित हो कि केजरीवाल ने किसी से पैसे लेने को कहा था। आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आबकारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी समन को चुनौती देने वाली अपनी याचिका हाईकोर्ट से वापस ले ली है। बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि याचिका में उठाए गए सभी कानूनी मुद्दे आगे के लिए खुले रहेंगे। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने अदालत को बताया कि अब इस याचिका पर जोर देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि समन के बाद ईडी के सामने पेश न होने के मामले में ट्रायल कोर्ट पहले ही उन्हें बरी कर चुका है।

### एआई सम्मेलन 16 से, खुले रहेंगे रास्ते

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 16 से 20 फरवरी को होने जा रहे भारत-एआई इपैक्ट समिट के दौरान कोई भी मार्ग बंद नहीं रहेगा। समिट के दौरान 15 डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) और ट्रैफिक पुलिस के 4200 जवान ट्रैफिक को संभालेंगे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों का कहना है समिट के दौरान वीआईपी मूवमेंट के चलते आधा घंटे तक ट्रैफिक प्रभावित जरूर रहेगा।

## ट्रक की टक्कर से छात्रा की मौत, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में मथुरा रोड स्थित मोदी मिल फ्लाईओवर के पास गुरुवार रात सड़क हादसे में 19 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 13 फरवरी को पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि मथुरा रोड पर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को सरिता विहार की ओर जाने वाली लेन में भारी जाम मिला। राहगीरों ने बताया कि वहां सड़क हादसा हुआ है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि 12 और 13 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच एक स्कूटी को बदरपुर की ओर जा रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

ट्रक किराना सामान से लदा था और बवाना के बादली क्षेत्र से नागपुर जा रहा था। ट्रक में चालक के अलावा कोई क्लीनर मौजूद नहीं था। पुलिस अधिकारी के अनुसार हादसे में सराय जुलैना निवासी मानव (19) की मौके पर गंभीर चोटें आईं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं जामिया नगर निवासी मोहम्मद साद (21) गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। स्कूटी साद के पिता के नाम पंजीकृत है।

## चोरी का मामला सुलझा, चोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग थाने के स्टाफ ने घर में हुई चोरी का मामला सुलझाकर एक चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से सोने और चांदी के कुल 9 गहने बरामद किए है। आरोपी पहले भी चोरी और घर में चोरी के 22 क्रिमिनल केस में शामिल रहा है और आसानी से पैसे कमाने के लिए उसने यह जुर्म किया था। दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि 02. फरवरी को लगभग 04:00 बजे, शिकायतकर्ता के घर पर चोरी की खबर मिली। एक अनजान आदमी ने घर का मेन दरवाजा गलत तरीके से खोला और मौके से भागने से पहले उसमें रखा सामान चुरा लिया।इसके बाद शालीमार बाग थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी राजबीर लांबा की देखरेख में एसएचओ शालीमार बाग राम पाल के नेतृत्व मे टीम ने जांच शुरू की।



समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह पूठ कलां में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित करते हुए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार : रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने पूठ कलां में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप केंद्र) का लोकार्पण कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।लोकार्पण के उपरांत मंत्री ने आरोग्य मंदिर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, डायग्नोस्टिक सेवाओं, दवा वितरण व्यवस्था, टीकाकरण सुविधाओं तथा जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सेवाएं सुचारु, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संचालित हों।इस आरोग्य मंदिर के शुरू होने से पूठ कलां और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को घर के पास ही सुलभ और नि:शुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

यहां जनरल ओपीडी, आवश्यक डायग्नोस्टिक जांच, दवाइयों का वितरण, टीकाकरण, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य परामर्श और निवारक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

# डीटीसी बस चालक को पीटा, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में ड्यूटी पर तैनात डीटीसी बस चालक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 33 वर्षीय सुरेश वर्मा अपने परिवार के साथ विजय पार्क, नजफगढ़ इलाके में रहता है। वह दिल्ली परिवहन निगम बस चालक के रूप में कार्यरत हैं और वर्तमान में वह केशवपुर डिपो में तैनात हैं। पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 9:10 बजे वह अपनी बस लेकर तिलक नगर से मित्राऊँ गांव की ओर लेकर जा रहे थे। मित्राऊँ चौक पर यू-टर्न लेते समय कैख डिपो की एक बस वहां आ गई। पीछे अन्य वाहन खड़े होने के कारण वह बस पीछे नहीं ले सके। आरोप है कि दूसरी बस के चालक से पीछे लेने का इशारा करने पर उसने बस रोक दी और गाली-गलौच शुरू कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि बस पीछे न करने पर आरोपी बस चालक ने झगड़ा किया और विरोध करने पर दूसरी बस के चालक व कंडक्टर ने अपने साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने जबरन सुरेश वर्मा की बस का दरवाजा खोलकर अंदर घुसकर उसके साथ मारपीट की आरोपियों ने लोहे के कड़े से हमला किया। मारपीट के दौरान उनकी वर्दी की जेब में रखे 5,500 रुपये भी निकाल लिए गए। आरो.पियों के जाने के बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल चालक को पहले आरटीआरएम अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर चोटों के चलते उन्हें डीडीयू अस्पताल रेफर कर दिया गया। मेडिकल रिपोर्ट में नाक, सिर, पसलियों, कमर और बाईं आंख में चोटें पाई गईं।

पुलिस ने उसकी शिकायत पर बीएनएस की धारा 115(2), 126(2) और 3(5) के तहत मुक.दमा दर्ज किया गया है। मौके की सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ली है, जिसमें मारपीट की घटना दिखाई दे रही है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तीस लाख की चरस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड (एएनएस) टीम ने ड्रग सप्लाई के मामले में 1.755 किलोग्राम चरस के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है।

दक्षिण पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ हेमंत तिवारी ने शुक्रवार को बताया कि 11 फरवरी को गुप्त सूचना और तकनीकी इनपुट के आधार पर एएनएस टीम ने सुनियोजित अभियान चलाया। गुरु निहाल सिंह मार्ग, अमर कॉलोनी स्थित मेट्रो पिलर नंबर-42 के पास छापेमारी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसकी पहचान 25 वर्षीय मन बहादुर के रूप में हुई है। वह नेपाल का रहना वाला है। तलाशी के दौरान उसके नीले रंग के बैकपैक से 1.296 किलोग्राम चरस बरामद हुई। जब्ती की कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अमर कॉलोनी थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपित के गुरुग्राम स्थित किराये के कमरे पर छापा मारा, जहां से अतिरिक्त 459 ग्राम चरस बरामद हुई। इस तरह कुल 1.755 किलोग्राम चरस जब्त की गई।पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह चरस की सप्लाई में शामिल है।

## मादीपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मेडिटेशन सेंटर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली के माद.ीपुर में नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मादीपुर से विधायक कैलाश गंग.वाल और हेल्थ डिपार्टमेंट के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उद्घाटन अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की पहल प्रायमरी हेल्थ केयर को लोगों के और करीब लाने के लिए हमारी सरकार का विजन है। मंत्री ने आगे कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि मांताओं, बुजुर्गों और स्थानीय परिवारों को बेसिक मेडिकल केयर के लिए अस्पतालों तक जाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़े, क्योंकि अब स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी सेवाएं उनके घर के आस-पड़ोस में ही मिल रही हैं। दिल्ली के मादीपुर में खुले नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में डेडिकेटेड मैटरनिटी वार्ड भी बनाया गया है , जो राजधानी दिल्ली के अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विस्तार के लिए एक मॉडल का काम करेगा। सेंटर में मेडिटेशन और योग की सुविधा भी मौजूद है। साथ ही ट्रेंड योग इंस्ट्रक्टर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर और होलिस्टिक वेलबीइंग को बढ़ावा देने के लिए हफ्ते में दो बार सेशन होंगे।

## हत्या का आरोपित नोएडा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले में जमानत पर बाहर आकर पांच महीने से फरार चल रहे आरोपित को नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान उत्तम नगर निवासी पवन तिवारी के रूप में हुई है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित के खिलाफ वर्ष 2023 में विकासपुरी थाना में हत्या का मामला दर्ज है। 21 दिसंबर 2023 को पवन ने अपने एक साथी के साथ मिलकर एक व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद शव की पहचान छिपाने के लिए चेहरे को पत्थर से कुचल दिया गया था। मामले में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन पवन को 5 जून 2025 को जमानत मिल गई। जमानत पर रिहा होने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ और फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम लगातार फरार और जमानत तोड़ने वाले आरोपितों की तलाश में जुटी थी। निरीक्षक राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपित के पुराने पते, जमानतदारों और जेल मुलाकातियों की जानकारी जुटाई। तकनीकी और मानवीय स्रोतों से पता चला कि आरोपित गाजियाबाद और नोएडा में छिपकर रह रहा है। इसके बाद जाल बिछाकर सेक्टर-63, नोएडा से आरोपित को दबोचा। पूछताछ में पता चला कि आरोपित ने वर्ष 2017 में इग्नू से बीकॉम की पढ़ाई की।

## नकली पासपोर्ट से अमेरिका में रहा 7 साल, लौटने पर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के अंबाला निवासी आकाश कुमार फर्जी पासपोर्ट के सहारे सात साल अमेरिका में रहा। नौ फरवरी को इमरजेंसी सर्टिफिकेट पर दिल्ली वापस लौटा तो दस्तावेज जांच में पकड़ा गया। पुलिस ने आईजीआई एयरपोर्ट थाने में फर्जीवाड़े का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की है।

हवाईअड्डे पर जांच के दौरान उसके पासपोर्ट पर भारत से जाने के साक्ष्य नहीं मिलने पर उसपर शक हुआ। पूछताछ करने पर यात्री ने अपना गुनाह कबूल कर लिया और बताया कि वह नकली पासपोर्ट पर अमेरिका गया था। इसके बाद इमिग्रेशन अधिकारी ने आईजीआई एयरपोर्ट थाने में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने आखिरी बार 25 अप्रैल 2019 को दिल्ली से किसी और के पासपोर्ट पर भारत से उड़ान भरी थी। उसके पासपोर्ट पर वीजा नहीं मिलने पर उसने एजेंट से संपर्क किया और एजेंट से मिले एक अलग पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था, जिसमें उसकी जन्म तिथि, जन्म की जगह अलग थी। साथ ही उसके पते में भी परिवर्तन किया गया था।

यात्री के फोन से नकली पासपोर्ट की एक कॉपी मिली है। इससे साफ हो गया कि यात्री ने विदेश यात्रा के लिए नकली पासपोर्ट का इस्तेमाल करके भारतीय इमिग्रेशन को धोखा दिया। इमिग्रेशन अधिकारियों ने यात्री को आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही अधिकारियों ने इससे संबंधित दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं।

# बाइपास पर टंकी की पाइप लाइन लिकेज होने से सड़क बनी तालाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बाइपास पर बिलाल मस्जिद के सामने पिछले एक महीने से पानी की टंकी की पाइप लाइन में लिकेज होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ है। लगातार पानी जमा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई बार बाइक सवार फिसलकर गिर भी चुके हैं, जिससे लोगों में रोष है।

चौसाना बिलाल मस्जिद के सामने बाइपास मार्ग क्षेत्र का प्रमुख रास्ता है, यहां से दिनभर दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। पाइप लाइन से रिस रहा पानी सड़क पर फैलकर कीचड़ में बदल गया है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हालात और बिगड़



गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक महीने से समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया।

ग्रामीण अफजाल मंसूरी, इनायत, राजेश मिस्त्री, सुलेमान, गुड्डू, इनाम और हाजी महफूज का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत सचिव को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक लिंकेज ठीक नहीं कराया गया। उनका कहना है कि रात के समय सड़क पर भरे पानी का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। उनका कहना है कि मामूली सी खराबी के कारण लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्राम पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि उन्हें इस लिकेज की जानकारी नहीं थी। अब मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि कल ही मजदूर लगवाकर पानी की टंकी की पाइप लाइन की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि सड़क पर जलभराव की समस्या समाप्त हो सके।

## अपरायुक्त का निरीक्षण रद्द, पुलिस प्रशासन ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के निरीक्षण हेतु अपरायुक्त भानु प्रताप यादव का 13 फरवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित था निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर तहसील प्रशासन तैयारी में जुटा था तहसील प्रशासन द्वारा बुकलेट तैयार की गई थी तथा सभी पटल पर फाइलों के रखरखाव, लंबित वादों का पटल पर अपलोड करने तथा तहसील में साफ सफाई चाक-चौबंद की गई थी बृहस्पतिवार सुबह से ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरीक्षण हेतु अपरायुक्त की प्रतीक्षा कर रहे थे लेकिन ऐन वक्त पर कार्यक्रम टल गया उसके बाद तहसील प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।इस संबंध में उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने बताया कि अपरायुक्त का प्रस्तावित निरीक्षण कार्यक्रम व्यस्तता के चलते टल गया है।

# डीएम ने किया विकास कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने अपने निरीक्षण में नगर पंचायत जलालाबाद कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा निकाय में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउट सोर्सिंग कर्मचारियों एवं उनको दिए जाने वाली सुविधाओं जैसे राज्य वित्त आयोग से कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन, पी. एफ, आदि व भवनकर/जलमूल्य विविध आदि देयों की वसूली एवं नगर में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जो संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा पुराने कार्यालय भवन को तोडकर नए कार्यालय भवन का निर्माण कराए जाने हेतु बनवाए गए मानचित्र का अवलोकन किया गया तथा कार्यालय की पुरानी बिल्डिग को नियमानुसार धवस्त किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत जलालाबाद द्वारा नगर से निकलने वाले कूडे के निस्तारण हेतु बनाए गए डम्पिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया। जिसमें बनाए गए पिट कम्पोस्टिंग प्लान्ट के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी की गई, जिसके अन्तर्गत कम्पोस्ट खाद बनाने में लगने वाले टाइम एवं कूडे को अलग-अलग करने हेतु लगाई गई ट्रोमल मशीन तथा एमद्गआरद्गएफद्ग सेंटर को संचालित किए जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित फर्म मैद्ग संजय कुमार कॉन्ट्रक्टर, सहारनपुर के सुपरवाइजर से पूछे जाने पर उनके द्वारा संतोषजनक जवाब न दिए जाने पर उन्हे चेतावनी भी दी गई व उक्त कार्य का भुगतान न किए जाने हेतु अधिशासी अधिकारी, नद्गपंद्ग जलालाबाद को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष जहीर मलिक, जयबीर शर्मा, अधिशासी अधिकारी, नद्गपंद्ग जलालाबाद व समस्त सभासदगण एवं समस्त नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# प्राथमिक विद्यालय में मिली अव्यवस्था, हिन्दी भी नहीं पढ़ पाए बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज अपने निरीक्षण में वि0क्षे0 थानाभवन के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 ग्राम हरड़ फतेहपुर व प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 कम्पोजिट का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 ग्राम हरड़ फतेहपुर का निरीक्षण करते हुए बच्चों से बात की गई कुछ बच्चे बिना ड्रेस के नजर आए जिनको प्रॉपर ड्रेस में लाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय प्रांगण



में बने किचन गार्डन का भी निरीक्षण किया और उसकी प्रॉपर निराई गुड़ाई के निर्देश दिए।

**प्राथमिक विद्यालय नं. 1 ग्राम हरड़ फतेहपुर में बिना यूनिफॉर्म के कक्षा में बैठे मिले बच्चे कम्पोजिट विद्यालय में नहीं मिली बैंच, डीएम दिखाई दिए असंतुष्ट**

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में निर्वाचन संबंधी कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के अगले क्रम में जिला. धिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नंबर-1 कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण करते हुए क्लास रूम में बच्चों के बैठने के लिए बैंच की व्यवस्था कराने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी द्वारा कक्षा एक में जाकर बच्चों से हिन्दी विषय की पुस्तक पढ़वाई गई जिसको बच्चे पढ़ नहीं पाए, जिसके लिए बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में शौचालय आदि की साफ-सफाई आदि को लेकर भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौर, जिला समन्वयक मिड डे मील जितेन्द्र कुमार स्कूली स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### बिजली बकाएदारों पर सख्ती, 11 कनेक्शन काटे, सवा लाख की वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

चौसाना। कस्बे में बिजली विभाग ने बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। टीम ने 11 बकायदारों के कनेक्शन काटे और मौके पर ही एक लाख पच्चीस हजार रूपए की वसूली की। बिजली विभाग द्वारा चलाए



जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में जांच की गई। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिल बकाया था और बार बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया था, उनके कनेक्शन तत्काल प्रभाव से विच्छेदित कर दिए गए। कार्रवाई से बकायदारों में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने मौके पर ही बकाया जमा कराने में भलाई समझी। अभियान की अगुवाई अवर अभियंता आजम अकबर ने की। उनके साथ बृजेश कुमार, रंजीत कुमार टेक्नीशियन सहित संविदा कर्मी रामपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, जगत सिंह, रामकुमार, चरण सिंह, किरण पाल, दीपक और मेजर मौजूद रहे। टीम ने एक एक कनेक्शन की जांच करते हुए बकाया सूची के अनुसार कार्रवाई की।

### ब्रह्माकुमारीज भवन पर समागम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर ब्रहमा कुमारीज शामली द्वारा शहर के कैराना रोड स्थित ब्रहमा कुमारीज भवन पर सुंदर समागम का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्य आत्माओं व शिव तथा महाशिवरात्रि पर्व पर प्रकाश डाला गया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल, उद्यमी अनुज गर्ग तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा संतोष देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बहन सुरभि ने भगवान शिव के बताए गए मार्गो पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाशिवरात्रि पर्व के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई। इससे पूर्व दयानंदनगर स्थित शिव ज्योति धाम से एक कलश यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए कैराना रोड स्थित ब्रहमा कुमारीज भवन पर संपन्न हुई। इस दौरान अनेकों स्थानों पर कलश यात्रा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बहन सुरभि, बहन मुकेश, बहन रीता, पानीपत से बहर सुनीता, दिनेश कुमार माउंनटाबू, कुलक्षेष्ठ, रामनिवास, अनिल कुमार, जितेन्द्र निर्वाल आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। आज दिनांक 13-02-2026 को महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के पत्रांकध्समे0शि0ध्6204ध्2025-26 लखनऊ में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में ब्लाक संसाधन केन्द्र द्धबी0आर0सी0ऋ बनत, शामली पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 09 फरवरी 2026 से संचालित के अन्तिम दिन लता राठौर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी जिला समन्वयक समेकित जितेन्द्र कुमार द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चल रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा प्रशिक्षण के मुख्य उदेश्यय के संबंध में बताया गया कि विशिष्ट आवश्यकता वाले द्धदिव्यांग बच्चोंऋ के प्रति विद्यालय को समावेशी एवं संवे. दनशील विद्यालय बनाए जाने हेतु परिषदीय विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को समावेशी शिक्षा विषय पर केसकेड मोड में पांच दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना तथा स्पेशल आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा देने के गुण बताए गए। जिला समन्वयक द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा दिए जाने वाले उपकरण, स्टाईपेन्ट, स्कॉर्टएलाउन्स, होमबेस्ड-किट व अन्य जानकारी दी गई। साथ की विभागीय पोर्टल के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही समापन के अवसर पर यह अपेक्षा जताई गई कि प्रशिक्षण में प्रतिभा करने वाले सहायक अध्यापक अपने-अपने विद्यालय में जाकर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण में उन्नयन करेंगे यह प्रशिक्षण विकास क्षेत्र शामली में कार्यरत विशेष शिक्षक अखिलेश मौर्या सचिन कुमार एवं अनिल कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें विकास क्षेत्र शामली के 50 शिक्षकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# व्यापारियों ने उठाई सचल दल प्रणाली समाप्ति की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले दर्जनों व्यापारियों ने सचल दल प्रणाली समाप्त करने की मांग को लेकर शुक्रवार को शामली के झिंझाना रोड स्थित जीएसटी विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के नेतृत्व में जीएसटी व्यापार कर आयुक्त प्रदेश सरकार के नाम जीएसटी व्यापार कर उपायुक्त डॉ। लोमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सचल दल विभाग द्वारा लक्ष्य पूरा करने के नाम पर व्यापारियों पर दबाव बनाकर भारी पेनल्टी लगाई जाती है,



जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जीएसटी टीम द्वारा अनावश्यक सर्वे और छापों के नाम पर प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर उत्पीड़न किया जाता है, जिस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप संगल के साथ हुए कथित उत्पीड़न तथा जिला महामंत्री राजेश सिंघल की शक्कर से भरी गाड़ियों को रोककर अनावश्यक कार्रवाई करने के प्रयास का मुद्दा भी उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि व्यापारियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो प्रदेशभर के व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उपायुक्त डॉ। लोमेश कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी भावनाओं और ज्ञापन को आयुक्त तक पहुंचा दिया जाएगा तथा शामली जनपद में किसी भी व्यापारी का किसी स्तर पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदित्य कुमार भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में सुभाष चंद्र धीमान, नरेंद्र अग्रवाल, राजेश जैन, अमित गर्ग, अभिषेक गर्ग, महेश धीमान, अनुज गोयल, सुशील चौधरी, शिवकुमार, रोहित संगल सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# वैदिक भजन, यज्ञ व प्रवचन का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आर्य समाज मंदिर शामली द्वारा आयोजित ऋषि बोध उत्सव के छठे दिन मंदिर परिसर में वैदिक भजन, यज्ञ एवं प्रवचन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल रहे। उन्होंने बदलते सामाजिक परिवेश पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को संस्कारवान बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाज को वैदिक मूल्यों से जोड़ने का आ]वान किया।

प्रात:काल आर्य समाज की यज्ञशाला में वैदिक यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के ब्रह्मा पुरोहित सुदेशपाल आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत यज्ञ कराया। यजमान दंपत्तियों में रामकुमार गुप्ता व रूक्मणी आर्या, गिरधारी लाल आर्य



व हेमलता आर्या, सुधाकर आर्य व मोनिका आर्या तथा राजपाल सिंह आर्य व कौशल्या आर्या शामिल रहे। आर्य भजन सम्राट कुलदीप आर्य ने सच्चे शिव की खातिर जिसने छोड़ा टंकारा, टक्कर ली तूफानों से था केवल ओम सहारा सहित कई भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि उन्नीसवीं शताब्दी का भारत सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वा. सों से जूझ रहा था। ऐसे समय में स्वामी दयानंद सरस्वती ने सत्य की खोज को जीवन का लक्ष्य बनाया। गुजरात के टंकारा में जन्मे मूलशंकर आगे चलकर स्वामी दयानंद के रूप में विख्यात हुए और उन्होंने संन्यास ग्रहण कर सत्य, ज्ञान और पवित्रता के मार्ग को अपनाया। कार्यक्रम में संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान सुभाष गोयल आर्य, मंत्री नितिन वर्मा आर्य, कोषाध्यक्ष देवेंद्र आर्य, संयोजक राजपाल सिंह आर्य उपस्थित रहे।

# तीन शातिर चोर व एक कबाड़ी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में विभिन्न थाना क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर और टड्ढूबवेल की विद्युत लाइनों की हो रही चोरी की घटनाओं का थाना कांधला पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों व एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा, चोरी की बाइक तथा बड़ी मात्रा में तांबे का तार व अन्य सामान बरामद किया गया है।



शुक्रवार को पुलिस लाईन में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी एनपी सिंह ने बताया कि विगत दिनों थाना गढ़ीपुख्ता, कोतवाली शामली, झिंझाना, थानाभवन, कैराना और कांधला क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर तार व टड्ढूबवेल की विद्युत लाइन चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को चलाए गए अभियान के तहत थाना कांधला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकडे गए आरोपियों ने अपने नाम शौकत पुत्र यामीन निवासी आलखुद कैराना, फुरकान पुत्र नजामुदीन निवासी खुरगान, शिवम पुत्र आनंद निवासी नंदूप्रसाद शामली, राशिद पुत्र सलीम निवासी सरवरपीर मस्जिद के पास शामली बताया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन में बाइक से जंगलों में घूमकर टड्ढूबवेल व ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे और रात में बिना मोबाइल फोन ले जाए वारदात को अंजाम देते थे। केबिल कटर से तार काटकर और कटआउट व स्टार्टर तोड़कर कॉपर तार निकाल लेते थे। चोरी का माल ग्राम गंगेरू के कब्रिस्तान के पास खंडहर में इकठा कर बाद में कबाड़ी राशिद को बेच देते थे, जो उसे अपनी भट्टी में गलाकर तांबे की चूड़ियां बनाकर ऊंचे दामों में बेचता था। प्राप्त धनराशि आपस में बांट ली जाती थी। आरोपियों ने जनपद के कई गांवो लव्या दाउदपुर, बशीचुन्दयारी, कसेरवाखुर्द, झारखेड़ी, पंजीठ, हरड़ फतेहपुर, हसनपुर लुहारी सहित अन्य क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं स्वीकार की हैं। गढ़ीपुख्ता क्षेत्र में एक टड्ढूबवेल से इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी करने की बात भी कबूल की। पकडे गए आरोपियों के पास से एक अवैध तमंचा, दो अवैध चाकू, बाइक, 127 किलो जला हुआ तांबे का तार, 24 किलो ट्रांसफार्मर तार व अन्य सामान, 33 मीटर बिजली लाइन का तार, 6।300 किलोग्राम तांबे की चूड़ी बनाने की पत्ती, 40 तांबे की चूड़ियां, एक चोरी की बैटरी, व तार काटने के उपकरण बरामद किए है।

# विधायक अशरफ अली खान ने दलित युवाओं के भविष्य को लेकर सदन में उठाई आवाज

## अप्रैल 2018 के मुकदमे वापस लेने की सिफारिश, भर्ती से वंचित युवाओं का मुद्दा उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** जनपद शामली के दलित युवाओं के भविष्य को लेकर थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने विधानसभा में जोरदार तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने अप्रैल 2018 के भारत बंद आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। विधायक ने सदन में कहा कि अप्रैल 2018 में हुए भारत बंद आंदोलन के दौरान जनपद शामली के 105 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इनमें कई ऐसे युवा भी शामिल हैं जिनका आंदोलन से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था। कुछ युवा उस समय स्कूलों और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत थे, लेकिन उनके खिलाफ भी मुकदमे दर्ज हो गए। उन्होंने आगे बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 60,244 पुलिस कर्मियों की भर्ती की गई, जिसमें जनपद शामली से 30 युवाओं का चयन हुआ था, किंतु पुलिस सत्यापन (वेरिफिकेशन) में लंबित मुकदमों के कारण इन युवाओं को नियुक्ति से वंचित रहना पड़ा। विधायक ने इसे युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि ऐसे मामलों के कारण उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है।



विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि जिन युवाओं का आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध नहीं है, उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमों को वापस लिया जाए, ताकि वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूर्ण विश्वास है कि सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता से विचार करेगी और न्यायपूर्ण निर्णय लेगी।

## शहीद को श्रद्धासुमन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 14 फरवरी, 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बलद्धसी0आर0पी0एफ0ऋ के काफिले पर आर0डी0एक्स हमलें में बल के 40 जवान शहीद हो गए थे,उनमें से जनपद शामली के शहीद अमित कोरी भी थे।अमर शहीद अमित कोरी जी के 7वीं पुण्यतिथि पर उनके शहीद स्मारक कुड़ाना रोड शामली में भाव पूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन दिनांक 14-02-2026 दिन शनिवार को प्रात: 9रू00 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम व 10रू00 बजे प्रसाद वितरण अयोजन होगा। भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान जी उपस्थित रहेंगे।

# स्पेशल 3 कार्यक्रम में सिखाया अनुशासन का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिविल लाइन में शुक्रवार को स्पेल 3.0 कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एसपी एनपी सिंह ने कहा कि जीवन में अनुशासन, भारत के संविधान के प्रति आस्था तथा देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा युवाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के माध्यम से पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद स्थापित होगा तथा पुलिस की छवि में भी सकारात्मक सुधार आएगा। एएसपी सुमित शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 120 घंटे की यह योजना विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और निर्भीक बनाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी अर्शी खान ने बताया कि यह योजना छात्रों और पुलिस-प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यातायात व्यवस्था, बीट प्रणाली, फील्ड विजिट और नशा मुक्ति जैसे विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विजय सिंह पथिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा कुमारी ईशा और कुमारी खुशी ने अपने अनुभव साझा किए। समापन अवसर पर प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



# अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**24 दोपहिया वाहन बरामद, तीन गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सेक्टर-49 थाने की पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 22 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी, एक फर्जी नंबर प्लेट तथा एक अवैध तमंचा . 32 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से कार्रवाई करते हुए बिजलीघर सेक्टर-50, नोएडा क्षेत्र से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल उर्फ सलीम (23 वर्ष), दीपक (22 वर्ष) और दिवाकर सरकार (30 वर्ष) के रूप में हुई है। इनमें से विशाल के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। बरामद वाहनों में से कुछ मोटरसाइकिलें पहले से दर्ज मुकदमों से संबंधित पाई गई हैं। एक मोटरसाइकिल थाना सेक्टर-20 नोएडा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 347/2025 से संबंधित है। वहीं, दो अन्य मोटरसाइकिलें दिल्ली के अशोक नगर और पुल प्रहलादपुर थानों में दर्ज मुकदमों से जुड़ी हुई हैं। पुलिस अब अन्य बरामद वाहनों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।



पूछताछ में पता चला है कि ये गैंग नोएडा, दिल्ली और गाजियाबाद सहित एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में पहले रैकी करते थे और फिर मौका देखकर दोपहिया वाहनों की चोरी कर लेते थे। चोरी के बाद वाहनों को किसी सुनसान स्थान पर एकत्र कर लिया जाता था और बाद में राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी विशाल उर्फ सलीम पर पहले से ही आर्म्स एक्ट, चोरी, गैंगस्टर एक्ट सहित 13 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दीपक के खिलाफ भी चोरी, आयुध अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। दिवाकर सरकार का भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह लम्बे समय से सक्रिय था और विभिन्न राज्यों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। बरामदगी के आधार पर अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है।

# बोर्ड एग्जाम के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 24 घंटे रहेगी कैमरा की नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं के लिए 60 परीक्षा केंद्रों पर अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक चलेगी। अधिकारियों ने गुरुवार को एक समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक में केंद्र अधीक्षक और मजिस्ट्रेट और साथ ही पुलिस अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि परीक्षा में पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और बिना किसी नकल के आयोजित हो।

गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के मुता. बिक परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई कम न रह जाए इसके लिए पहले से ही सभी परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि इस साल निगरानी और सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जाएगा, और परीक्षा केंद्रों पर बने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। मेधा रूपम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूरी परीक्षा अवधि के दौरान हर केंद्र पर इंस्टॉल किए गए कैमरा पूरी तरह से चालू रहने चाहिए।

**स्टूडेंट्स को मिले बुनियादी सुविधाएं:** गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने अधिकारियों से कहा है कि परीक्षा केंद्रों पर स्टूडेंट्स को साफ-सफाई, लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था, पीने का साफ पानी, साफ-सुथरे वॉशरूम और फर्स्ट एड की सुविधा मिलनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने बैठक के दौरान आश्वसत किया कि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रश्न पत्र ट्रांसपोर्ट प्रोटोकॉल के तहत परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल की निगरानी में डिलीवर किए जाएंगे।

**42,917 छात्र परीक्षा में होंगे शामिल:** जिला स्कूल निरीक्षक (डीआईओएस) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले में क्लास 10 और 12 के 42,917 छात्रों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सभी 60 केंद्रों पर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और परीक्षाओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने कहा है कि वह पूरी परीक्षा अवधि के दौरान सिविल और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखेगा।

## कैंसर सर्वाइवर्स की देखभाल पर बना रोडमैप

**नोएडा।** पीजीआई चाइल्ड हेल्थ में शुक्रवार को श्अन्वेषण 2026श कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के हेल्थकेयर विशेषज्ञ, नीति निर्माता और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सेंटर फॉर हेल्थ इनोवेशन एंड पॉलिसी (चिप) फाउंडेशन और पीजीआई चाइल्ड हेल्थ के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस बैठक में कैंसर सर्वाइवर्स की चुनौतियों जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (एनपी, एनसीडी) के तहत सर्वाइवरशिप सेवाओं को जोड़ने की संभावनाओं पर जोर दिया। बैठक में कैपेसिटी बिल्डिंग, मल्टीडिसिप्लिनरी केयर और लॉन्ग-टर्म फॉलो-अप मॉडल पर सहमति बनी।

# बिल्डर से 60 लाख रुपये ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराध थाना पुलिस ने गुरुवार को एक साइबर अपराधी को जिला रामपुर से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पिछले दिनों नोएडा के एक बिल्डर से 60 लाख रुपये ठगे थे। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-43 में रहने वाले बिल्डर मनोज ने बताया था कि वह 20 अगस्त को फेसबुक से माही नाम की महिला ठग के संपर्क में आए। उसके बाद व्हाट्सऐप पर बातें होने लगीं। ठग ने ऑनलाइन स्टोर से जुड़कर खुद कारोबार करना और 15-20 प्रतिशत तक लाभ होना बताया। मनोज को भी अपनी गारंटी पर कारोबार करने को राजी किया। मनोज ने उसके कहने पर विश शाप नाम के स्टोर पर थोक में सामान खरीदना शुरू कर दिया और 24 घंटे में ही ऑनलाइन सामान बेच दिया।

पहली ही डील पर मनोज को 20 प्रतिशत का लाभ हुआ। रकम बैंक खाते में ट्रांसफर होने पर मनोज का विश्वास बढ़ने लगा। इसके बाद महिला और अन्य जालसाजों के कहने पर मनोज ने 24 नवंबर तक 22 बार में 60 लाख रुपये निवेश कर दिए। ऐप पर 1.10 करोड़ रुपये दिखने लगे तो उसने मुनाफे समेत रकम निक. ालने का आवेदन किया। ठगों ने कर के रूप में 11 लाख जमा कराने के लिए कहा। मनोज के रकम जमा नहीं करने पर ठगों ने अमेरिकी सरकार द्वारा ऐप खाता बंद करने की बात कहकर डराया। खुद भी 11 लाख में से आठ लाख रुपये जमा करने की बात कही, लेकिन शक होने पर मनोज ने रकम नहीं दी तो ठगों ने संपर्क तोड़ दिया। साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने जांच के बाद कार्रवाई करते हुए गुरुवार को जिला रामपुर के नौंगावा निवासी शहनवाज अहमद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, एक आधार कार्ड, एक पेन कार्ड, एक डीएल और 26 कॉपी कालिंग डाटा बरामद हुआ है। कई राज्यों में केस दर्ज पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जो निवेश पर अच्छी आय का झांसा देकर धोखाधड़ी करता है। इसके अलावा साइबर अपराधियों को रुपये लेकर बैंक खाता उपलब्ध कराता है। आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र के नासिक सिटी में मुकदमा दर्ज है। आरोपी के बैंक खातों के खिलाफ महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में 15 शिकायतें दर्ज हैं। साइबर ठगी के एक करोड़ 30 लाख रुपये इन खातों में आए।




## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट व छेड़छाड़ के आरोपी को मिली जमानत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर के गांव पीपलका सूरतपुर में घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और हत्या के प्रयास के आरोप में तलब किए गए आरोपी गौरव को जिला अदालत ने जमानत दे दी। 2023 में वादिनी ने आरोप लगाया था कि 9 फरवरी 2021 की शाम गांव में वॉलीबॉल खेलने के दौरान विवाद हो गया। विरोध करने पर गौरव समेत अन्य आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की।

आरोप है कि मारपीट के दौरान वादिनी के साथ छेड़छाड़ की गई और उसके कपड़े फाड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही सिर पर फावड़े से वार कर जान से मारने की कोशिश की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने अंतिम आख्या लगा दी थी, जिस पर वादिनी ने प्रोटेस्ट पिटीशन दायर की गई थी। बचाव पक्ष ने अदालत में दलील दी कि विवाद आपसी कहासुनी का था और आरोप बढ़ा-चढ़ाकर लगाए गए हैं। अभियोजन ने जमानत का विरोध करते हुए आरोपों की गंभीरता पर बल दिया, लेकिन अदालत ने मामले की परिस्थितियों और सह-आरोपी को मिली जमानत को ध्यान में रखते हुए गौरव की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली।

### रेलवे स्टेशन के पास से 950 ग्राम गांजे के साथ तस्कर दबोचा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेलवे स्टेशन के आसपास यात्रियों और अन्य लोगों को गांजा बेचने का काम करता था। आरोपी की पहचान मंडपा गांव निवासी रऊफ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 950 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पिछले कई महीनों से गांजे की तस्करी कर रहा था और स्टेशन के आसपास सक्रिय था। पूछताछ में आरोपी ने अवैध धंधे में शामिल होने की बात स्वीकार की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

### नोएडा और ग्रेनो में एक्यूआई बढ़ा पर प्रदूषण से राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेनो को शुक्रवार को एक्यूआई बढ़ गया, लेकिन प्रदूषण से राहत है। दोनों शहर की हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। हालांकि, गुरुवार के मुकाबले ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 14 अंक और नोएडा का 32 अंक तक बढ़ गया है। जिले में सुबह आठ बजे के आसपास धूप तेज हो गई। हवा की गति कम होने के चलते लोगों को सर्दी से भी राहत मिली। हालांकि, सुबह और शाम को ठंड रही। हालांकि मौसम में हो रहे इस बदलाव ने हवा को साफ किया है। नोएडा का एयर क्वालिटी इंडेक्स 162 और ग्रेटर नोएडा का 170 दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी में आता है। गुरुवार को नोएडा का एक्यूआई 130 व ग्रेटर नोएडा का 156 था। वहीं, तेज धूप के चलते लोगों को सर्दी से राहत मिली है। करीब एक सप्ताह से मौसम गर्म हैं, ऐसे में धूप के चलते लोगों ने दिन में गर्म कपड़े तक पहनने बंद कर दिए हैं। वहीं, सुबह व शाम को सेक्टर व सोसाइटियों के पार्कों व बाजारों में भीड़ तक बढ़ गई है।

### पढ़ाई में खलल डाल रहा डीजे, कार्रवाई की मांग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बैंक्वेट हॉल में देररात तक बजने वाले तेज संगीत से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बोर्ड परीक्षाएं नजदीक होने के चलते अभिभावकों और विद्यार्थियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विवाह स्थलों पर रात 10:30 बजे के बाद भी तेज आवाज में डीजे बजता रहता है, जिससे छात्रों की पढ़ाई में खलल पड़ता है। गौड़ सिटी निवासी रश्मि ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के लिए रात का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में लगातार शोर-शराबा पढ़ाई में बाधा बन रहा है। नियमों के अनुसार, निर्धारित समय सीमा तक ही डीजे बज सकता है, लेकिन विवाह स्थल इसका पालन नहीं करते। वहीं, दिनकर पांडे ने बताया कि अधिकांश बैंक्वेट हॉल में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं है। कार्यक्रम के दौरान वाहन सड़कों पर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है।

# युवक से 38 हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक मजदूर से रिश्तेदार बनकर 38 हजार रुपये की ठगी की गई है। अज्ञात आरोपी ने फोन पर खुद को रिश्तेदार बताकर यह धोखाधड़ी की। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित लख्मी ने बताया कि उन्हें शुक्रवार को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को उनका दूर का रिश्तेदार बताया और किसी जरूरी काम के लिए तत्काल पैसों की आवश्यकता होने की बात कही। आरोपी ने मदद के लिए 38 हजार रुपये मांगे। रिश्तेदारी का हवाला और जरूरत की बात सुनकर लख्मी ने उस पर भरोसा कर लिया। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से पांच बार में कुल 38 हजार रुपये आरोपी द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपने असली रिश्तेदार से संपर्क किया, तो ठगी का खुलासा हुआ। असली रिश्तेदार ने किसी भी प्रकार की रकम मांगने से इनकार कर दिया।

ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने आरोपी को दोबारा फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद पीड़ित सीधे कोतवाली पहुंचे और पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित बैंक खाते और मोबाइल नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सोसाइटी पार्क में कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में लावारिस कुत्तों से आतंक से लोग परेशान है। आरोप है कि पार्क में कुत्तों का झुंड रहता है, जो हमला कर देता है। सोसाइटी में रहने वाले प्रणव ने बताया कि परिसर में बने पार्क के अंदर सात से आठ लावारिस कुत्तों का झुंड रहता है। यह लोगों पर आए दिन हमला कर देते हैं।

सुबह जब लोग टहलने के लिए जाते हैं तो कुत्ते उनके पीछे भाग लेते हैं। इससे सुबह के समय लोगों का घूमना भी बंद होता जा रहा है। दिलीप ने बताया कि कुत्तों के आतंक से लोगों ने बच्चों को पार्क में खेलना भेजना बंद कर दिया है। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण में मेंटेनेंस कार्यालय में की गई, पर सुनवाई नहीं हो रही।

# विजिलेंस ने मांगी विभागीय जांच की फाइल

## अधिकारियों और कर्मचारियों का मांगा नाम, 2021 में तोड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सुपरटेक ट्विन टावर मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। शासन के निर्देश पर चल रही लखनऊ विजिलेंस की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे प्राधिकरण के अधिकारियों की मुसीबतें बढ़ती नजर आ रही हैं। विजिलेंस ने हाल ही में दो अहम बिंदुओं पर नोएडा प्राधिकरण से जवाब तलब किया है, जिनका सीधा संबंध विभागीय जांच से है।

**विजिलेंस ने प्राधिकरण से स्पष्ट जानकारी मांगी है:** सुपरटेक बिल्डिंग से जुड़े मामलों में किन-किन अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई थी? किन अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच पूरी कर समाप्त की गई? संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित कॉपी भी मांगी गई है। इन सवालों ने प्राधिकरण के भीतर हलचल बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार, दोनों बिंदुओं पर जवाब तैयार किया जा रहा है।

**3 फरवरी को विजिलेंस टीम की दस्तक:** इससे पहले 3 फरवरी को लखनऊ से विजिलेंस टीम नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंची थी। टीम ने नोडल अधिकारी से संपर्क कर ट्विन टावर ध्वस्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज तलब किए थे। इनमें प्रकरण में तैयार कार्यवृत योजना का विस्तृत ब्योरा,ध्वस्तीकरण से संबंधित जारी आदेश पत्र जैसे दस्तावेज शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त 2021 को ट्विन टावर गिराने के साथ-साथ इनके बनने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश दिए थे। कोर्ट का आदेश आने के बाद प्रदेश सरकार ने इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। टावर बनने के मामले में एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में 26 अधिकारियों के अलावा सुपरटेक के चार निदेशकों और दो आर्किटेक्ट कंपनियों पर लापरवाही तय की थी। नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक की शिकायत पर लखनऊ विजिलेंस में 24 आरोपित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

**11 अधिकारियों की विभागीय जांच:** जांच रिपोर्ट के आधार पर नोएडा प्राधिकरण ने लखनऊ विजिलेंस संबंधित आरोपियों के खिलाफ 4 अक्टूबर 2021 को मामला दर्ज करा दिया था। एसआईटी ने अपनी जांच रिपोर्ट में 11 अधिकारियों और कर्मचारियों का भी दोषी माना था। इनकी विभागीय जांच कराने को कहा गया था।

## सिलिंडर के साथ दो चोरों को रंगेहाथ दबोचा

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख में गैस सिलिंडर चोरी कर भाग रहे युवकों को मकान मालिक ने रंगेहाथ पकड़ लिया। ओम गार्डन चिपियाना बुजुर्ग निवासी मुकेश शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने बताया कि बुधवार को जब वह घर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति उनके घर से सिलिंडर लेकर बाहर निकल रहा था। शक होने पर उन्होंने उससे पूछताछ की तो वह सिलिंडर छोड़कर भागने लगा। मुकेश शर्मा ने पड़ोसियों की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शहनबाज निवासी गाजियाबाद बताया। उसने बताया किया कि दूसरा सिलिंडर उसके साथी दिनेश निवासी चिपियाना बुजुर्ग के पास है जो आगे दीवार के पास खड़ा है। मौके पर पहुंचे तो दिनेश दो सिलिंडरों के साथ भागने की को. शिश कर रहा था। लोगों ने पीछा कर उसे भी दबोच लिया।

# नोएडा में बेटियों के लिए सुरक्षित आवास

## बनेंगे दो हजार कमरों के चार छात्रावास, एक साल में बनकर होंगे तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर की बेटियों और कामकाजी महिलाओं को पीजी के महंगे किराए या असुरक्षित ठिकानों की चिंता नहीं करनी होगी। महिला कल्याण विभाग की पहल पर जिले में चार अत्याधुनिक महिला छात्रावासों का निर्माण शुरू हो गया है। सुरक्षा मॉडल, आधुनिक सुविधाओं और किफायती किराए के साथ तैयार हो रहे ये छात्रावास न सिर्फ रहने की जगह देंगे, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत आधार भी प्रदान करेंगे। शहर में महिलाओं और छात्राओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए महिला कल्याण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। जिले में चार महिला छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रत्येक छात्रावास में करीब 500 कमरे बनाए जाएंगे, यानी कुल मिलाकर 2,000 कमरे तैयार किए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार, इन छात्रावासों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, ताकि संरचना मजबूत और सुविधाएं आधुनिक हों। एक छात्रावास नोएडा के सेक्टर-85 के पास बनाया जा रहा है। वहीं ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर गोल चक्कर के पास दो छात्रावासों का निर्माण होगा। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में कॉलेज और शिक्षण संस्थान हैं, जहां बाहर से आकर छात्राएं पढ़ाई करती हैं और अधिकतर पीजी में ठहरती हैं। नए छात्रावास बनने से करीब एक हजार छात्राएं सुरक्षित माहौल में रह सकेंगी। इसके अलावा कामकाजी महिलाएं भी यहां ठहर सकेंगी, जिससे उन्हें कम किराए में सुरक्षित आवास मिलेगा। चौथा छात्रावास कासना क्षेत्र में बनाया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में अन्य जिलों और राज्यों से महिलाएं काम के सिलसिले में आती हैं।

**इस सुवाधाओं से लेश होंगें छात्रावास:** इन छात्रावासों में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। परिसर में पुलिस बूथ की स्थापना, सीसीटीवी निगरानी, 24 घंटे सुरक्षा गार्ड और बायोमेट्रिक एंट्री सिस्टम की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही रहने वाली महिलाओं के लिए जिम, कैंटीन और स्वच्छ भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। छात्राओं के लिए अलग अध्ययन कक्ष और शांत वातावरण की व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे परीक्षा की तैयारी भी कर सकें। गौरतलब है कि सेक्टर-62 में पहले से एक महिला छात्रावास संचालित है, जहां कई छात्राएं और कामकाजी महिलाएं रह रही हैं। उसी मॉडल को और बेहतर बनाते हुए नए छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं इस साल के केंद्रीय बजट में प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास के निर्माण का प्रावधान किया गया है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर कल से वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर कल यानी 15 फरवरी को रात 12 बजे के बाद हल्के वाहन 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे। 15 दिसंबर के बाद एक्सप्रेसवे पर पुरानी गति सीमा निर्धारित कर दी जाएगी। फिलहाल सर्दियों और कोहरे के चलते दिसंबर 2025 में लागू गति सीमा पर वाहन दौड़ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबा यमुना एक्सप्रेसवे गौतमबुद्ध नगर के अलावा अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा जिलों से होकर गुजरता है। यमुना किनारे होने की वजह से सर्दीयों में कोहरे की आशंका अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में खराब विजिबिलिटी के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाना पड़ता है।

विगत 15 दिसंबर 2025 को प्रबंधन ने एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति सीमा 75 किलोमीटर किलोमीटर और भारी वाहनों की 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित कर दी थी। 15 फरवरी से दोबारा गति सीमा को बढ़ा दिया जाएगा। 15 फरवरी रात 12 के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 100 किलोमीटर और भारी वाहन 80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से फर्राटा भर सकेंगे।

एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन 35 हजार वाहन गुजर रहे एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन करीब 35 हजार वाहन गुजरते हैं। वीकेंड, त्योहार और लंबी छुट्टी के समय वाहनों की संख्या बढ़कर करीब 50 हजार तक पहुंच जाती है। एक्सप्रेसवे पर सफर को सुरक्षित बनाने के लिए प्रबंधन गति सीमा के उल्लंघन की खासतौर पर मॉनिटरिंग करता है।

# पत्नी को छत से धक्का देने का आरोप, कमर की हड्डी टूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कसना कोतवाली क्षेत्र में युवक पर पत्नी को छत से धक्का देने, जेवर बेचने और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा है। गिरने से विवाि. हता की कमर की हड्डी टूट गई। परि. जनों ने तहरीर में इलाज के लिए खर्च न देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की मां मायरा के तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

गोंडा निवासी पीड़िता की मां मायरा वर्तमान में आरके पब्लिक स्कूल के पास कसना में रहती हैं। उन्होंने बताया कि 20 वर्षीय बेटी सना की शादी करीब दो वर्ष पहले कासना कस्बे में पुरानी मस्जिद के पास रहने वाले आमिर से हुई थी। तहरीर के मुताबिक शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सना को प्रताड़ित करते थे।

आरोप है कि 5 फरवरी को आमिर ने शराब के नशे में सना को घर की छत से धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गिरने से उसकी कमर की हड्डी टूट गई और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पीड़िता की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पहले उसके जेवरात बेच दिए और अब इलाज के लिए भी कोई आर्थिक सहायता नहीं दे रहे हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# ग्रेनो वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति जल्द शुरू की जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति इस माह के अंत तक शुरू कर दी जाएगी। मुख्य पाइप लाइन के सर्वेक्षण का काम तेज कर दिया गया है। तीन जगह पर मिली लीकेज की समस्या को दूर किया जा रहा है। इसके बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। शुरूआत में भूजल के साथ 40-50 फीसदी गंगाजल की आपूर्ति की जाएगी। दरअसल भूजल को बचाने के लिए प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति की योजना पर शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रयासरत है।


ग्रेटर नोएडा ईस्ट क्षेत्र के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा, सिग्मा, स्वर्णनगरी सहित ज्यादातार सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। अभी भूजल के साथ मिलाकर घरों में आपूर्ति की जा रही है। वहीं बचे हुए सेक्टरों में एक सप्ताह के अंदर गंगाजल पहुंचा जाएगा। अधिकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों में गंगाजल आपूर्ति की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि चार मूर्ति/ गौड़ चौक तक गंगाजल पहुंच गया है। मुख्य पाइप लाइन के सर्वेक्षण का काम चल रहा है। मुख्य लाइन में तीन जगह पर लीकेज की समस्या आई है,जिसे दूर किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह से ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। बता दें कि इस समय ग्रेटर नोएडा ईस्ट व वेस्ट में मिलाकर करीब 270 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसमें आंशिक रूप से 60-70 एमएलडी गंगाजल शामिल है। भविष्य में गंगाजल की मात्रा बढ़ाई जाएगी।

# डूब क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण की तरफ से शुक्रवार को बिसरख के डूब एरिया में खसरा संख्या-135 की जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया और लगभग 30 हजार वर्ग मीटर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त करा ली गई।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस अभियान से अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने परियोजना विभाग को अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रखने के निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा कि अधिसूचित एरिया में कहीं भी अनुमति के बिना निर्माण करना गलत है। प्राधिकरण की तरफ से अवैध निर्माण पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि कॉलोनाइजरों के चंगुल में फंसकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।



**दो जेसीबी, तीन डंपर मौके पर रहे:** परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम बिसरख के खसरा संख्या-135 की लगभग 30000 वर्ग मीटर जमीन पर कॉलोनाइजर कॉलोनी बसाने के फिराक में थे। बाउंड्री बनाकर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल-3 के प्रबंधक रोहित गुप्ता के नेतृत्व में सहायक प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य की टीम ने दो जेसीबी, तीन डंपर, प्राधिकरण का पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# तेज रफ्तार ऑटो विद्युत पोल से टकरा, 7 लोग घायल

## बागपत के चमरावल रोड पर हुआ हादसा, सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक तेज रफ्तार ऑटो विद्युत पोल से टकरा गया। यह दुर्घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के चमरावल रोड पर हुई। हादसे में ऑटो में सवार छह लोग और सड़क किनारे चल रही एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। कुल सात लोग घायल हुए, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं।

घायलों में ऑटो सवार दो महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि सड़क किनारे चल रही महिला भी गंभीर रूप से घायल हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। स्थानीय निवासी राकेश असलम ने बताया कि ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी। सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में ऑटो अनियंत्रित होकर अचानक विद्युत पोल से जा




टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो को सड़क किनारे हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।





## साक्षी शर्मा ने सांसद व प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन से की शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के यमुना नदी के किनारे बसे गाँव जागोस की लाडली बेटी युवा लेखिका साक्षी शर्मा ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक शिष्टाचार भेंट के दौरान साक्षी ने अपनी स्वरचित पुस्तक सफलता की ओर आसान कदम की प्रथम प्रति गोरखपुर के सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता रवि किशन को भेंट की।

इस अवसर पर रवि किशन ने साक्षी के लेखन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकल. कर साहित्य जगत में पहचान बनाना प्रेरणादायक है। उन्होंने साक्षी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। सफलता के सरल सूत्रों पर आधारित यह पुस्तक पाठकों को जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करती है। साक्षी शर्मा की इस उपलब्धि से पूरे बागपत जनपद और जागोस गाँव में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में साक्षी शर्मा का कहना है कि यह सब मेरे गुरुजनों मेरे परिजनों के आशीर्वाद से ही में सफलता की पूंजी की तरफ दौड़ रही हूं। इससे पूर्व में भी मेरे द्वारा कई पुस्तकों का उत्तर प्रदेश में विमोचन हो चुका है। उन्होंने अपनी सफलता के बारे में बताया कि मेरे माता-पिता के आशीर्वाद से ही मुझे इतना सम्मान मिल रहा है।

# युवक से मारपीट कर हजारों की नगदी लूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सिंगोली तगा मार्ग पर रात्रि तीन बदमाशों ने एक शराब की दुकान पर सेल्समेन का काम करने वाले युवक से मारपीट कर हजारों की नगदी और मोबाइल लूट लिया।

पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पहुंच तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सरफाबाद निवासी अंकित पुत्र विधाराम अहैड़ा में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समेन का काम करता है,उसने बताया की रात्रि लगभग 10 बजें वह रटौल सिंगोली मार्ग से अपनी स्कूटी से गांव लौट रहा था, जब वह कुटी के समीप पहुंचा तो तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और मारपीट कर 6700 रूपये और एक मोबाइल लूट लिया जिसके बाद उसे जंगल में खीचने का प्रयास किया लेकिन एक कार आती देख वह फरार हो गये। पीड़ित ने किसी तरहा गांव पहुंचा और अपने साथ हुई घटना के बारे मे बताया सुबह वह रटौल पुलिस चौकी पहुंचा तो सीमा चांदीनगर की बताते हुए उन्होंने वहा जाने को कहा जहा सीमा विवाद भी सामने आया बाद में रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है।

उधर रटौल चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह ने बताया की मामला लूट का नही मारपीट का है। युवक की अन्य युवकों से कहासुनी हुई थी जिससे लेकर मारपीट हुई लूट का आरोप निराधार है।

# टीम द्वारा दिया गया जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा दिया गया जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण को नगर पालि. का परिषद बड़ौत के वार्ड 4 तहसील में उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार कई अलग अलग विभागों (नगर विकास विभाग, विधुत विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग, स्वाथ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाकर भारत सरकार एव राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी दौरान नगर पालिका परिषद बड़ौत एव आईटीसी मिशन सुनहरा कल टीम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत होम कंपोस्टिंग स्टॉल लगाकर जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया गया। किस प्रकार गीले कचरे से जैविक खाद बनाकर अपने कचरे का निस्तारण कर सकते है। इस अवसर पर अंकिता सिंह एडीजे, एडवोकेट हरबीर सिंह जिला मीडिया प्रभारी बीजेपी मंडल उपाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया एव सभी विभागों की तारीफ़ की गई।

इस कार्यक्रम के दौरान सफ़ाई एव खाद निरक्षक वीरेंद्र सिंह तेवतिया, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मीनाक्षी सिसोदिया स्वच्छता चैंपियन राजेश उजवाल आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार, आसिफ चौधरी, मोहित शर्मा, राकेश अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मंडलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने किया कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को प्रशासनिक व्यवस्था की मजबूती और जनसेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेरठ मंडल के मंडलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी ने बागपत कलेक्ट्रेट का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं और अनुभागों का गहन अवलोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को रिकॉर्ड प्रबंधन, फाइल निस्तारण, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने सबसे पहले कलेक्ट्रेट की समग्र व्यवस्था, कार्यालयों की साफ-सफाई और कार्य वातावरण का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित रिकॉर्ड और कार्यालयीन वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि बेहतर कार्य वातावरण कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाता है और इससे जनसेवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र होता है, जहां से जिले के विकास, राजस्व, कानून व्यवस्था और जनकल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं, इसलिए यहां रिकॉर्ड और फाइलों का सुव्यवस्थित होना अत्यंत आवश्यक है।

### 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा:शास्त्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और शक्ति के मिलन का महापर्व है। शास्त्रों में कहा गया है कि भावी मेट सकें त्रिपुरी अर्थात भगवान शिव सभी संकटों का नाश कर भावी संकट और विपदाओं को मिटाने की सामर्थ रखते है। भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाने का भी महत्व बताया गया है। भगवान शिव को बेलपत्र चढ़ाने से पूजा का कई गुणा फल मिलता है और भगवान शिव साधक को उसके तीन जन्मों के पापों से मुक्ति दिलाते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडिज राजकुमार शास्त्री ने बताया कि 15 फरवरी को शाम पांच बजकर छह मिनट पर चर्तुदशी का प्रवेश होगा। 15 फरवरी को ही महाशिवरात्री का पर्व मनाया जाएगा। शास्त्रों में महाशिवरात्री पर चार पहर ही पूजा का विधान बताया गया है। इनमें निशीथ काल को सबसे उत्तम बताया गया है। महाशिवरात्री पर रात 12 बजकर 10 मिनट से लेकर रात एक बजकर 30 मिनट तक निशीथ काल रहेगा। चारों प्रहर में भगवान शिव की पूजा और अभिषेक करने से साधक का मन व कर्म पवित्र होता है और जीवन में खुशहाली आती है। भगवान शिव और मां पार्वती का पूजन करने से साधक को कर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्री पर भगवान शिव का भांग, धतूरा, घी, दूध, दही, शहद से अभिषेक करने से जीवन में आ रही बाधाओं और विपत्तियों का विनाश होता है और सुख-समृद्धि का विकास होता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव भावी को भी मेटने की सामर्थ रखते है, जिसके लिए उन्हें देवों के देव महादेव कहा गया है। भगवान शिव अपने आप में संपूर्ण है और इन्हीं की कृपा से संसार का संचालन हो रहा हैं।

# जिलाधिकारी का लंगूर के साथ खेलते हुए का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट में जिला. धिकारी अस्मिता लाल का एक लंगूर के साथ खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गुरुवार को डीएम किसानों की समस्याएं सुनने पहुंची थीं।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता और पदाधिक. ारी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। इसी दौरान, डीएम के किसानों के बीच पहुंचने पर एक लंगूर भी वहां आ गया। यह लंगूर, जिसे लोग (मटरू) के नाम से जानते हैं, अक्सर डीएम कार्यालय के आसपास देखा जाता है और लोगों से घुलमिल जाता है। किसानों की समस्या सुनते हुए डीएम अस्मिता लाल ने लंगूर से बातचीत की और करीब पांच मिनट तक उसके साथ



खेलती रहीं। इस पूरे मामले का वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर खूब साझा किया जा रहा है। बागपत की जिला. धिकारी अस्मिता लाल अपनी पशु प्रेम के लिए जानी जाती हैं और अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने बेजुबान जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण कराया था। इसके अतिरिक्त, पक्षियों के लिए भी कलेक्ट्रेट परिसर में कृत्रिम घोंसले तैयार करवाए थे। अस्मिता लाल 2015 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और उन्हें पहली बार जिलाधिक. ारी का प्रभार मिला है। इससे पहले, वह गाजियाबाद में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के पद पर कार्यरत रह चुकी हैं। डीएम का लंगूर के साथ खेलने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग उनकी इस सहजता तथा पशु प्रेम की सराहना कर रहे हैं।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने अमेरिका से हुए कृषि ट्रेड डील का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने गुरुवार शाम दोघट कस्बे के नांगल गेट पर अमेरिका से हुए कृषि ट्रेड डील का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने इस समझौते को किसान विरोधी बताते हुए जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शन के दौरान, कार्यकर्ताओं ने ट्रेड डील की प्रतिलिपि भी जलाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह समझौता किसानों को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। भाकियू युवा जिलाध्यक्ष धीरज राठी ने कहा कि सरकार ने किसानों की सलाह के बिना अमेरिका से कृषि पर जो ट्रेड डील की है, वह किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते से किसानों को कोई लाभ नहीं मिलेगा और भाकियू इसका पुरजोर विरोध करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में राजेंद्र चौधरी, सहदेव सिंह राठी, पवन राठी, पप्पू राठी, मनीष राठी, प्रताप सिंह, देवेंद्र पंवार, बबलू, विकास राणा, अक्षय तोमर और नितिन सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गावों मे मनरेगा बचाओ पद यात्रा का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर तहसील क्षेत्र के गांव गांव में प्रदेश व्यापी अभियान के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के मंशा के अनुरूप शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह एवं शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे न्याय पंचायत बरवाला, सिनोली जागस लुहारी के अन्तर्गत मलकपुर चोबली ओढापुर कोताना जोनमाना गावों मे मनरेगा बचाओ पद यात्रा का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने गांवो मे नुकड सभाओं के दोरान मनरेगा मे किये गये बदलाव श्रमिकों के साथ हो रहे अन्याय शोषण उत्पीड़न को लेकर रोष प्रकट किया। कहा केंद्र व गरीब दलित मजदूर के अधिकार समाप्त करने पर तुली है। मजदूरो के हितो की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। काम व मज़दूरी की गारंटी जबाबदेही की गारंटी मनरेगा मे किये गये बदलावो की तत्काल वापसी काम के संवेधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली न्युनतम वेतन 400 रूपये कांग्रेस मजदूरों की भलाई के लिए कन्धे से कन्धा मिलाकर हमेशा साथ खडी रहेगी। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने मनरेगा के नियमो मे बदलाव को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया की कहा 17 फरवरी 2026 को विभिन्न मुद्दो को लेकर विधानसभा लखनऊ का घेराव किया जायेगा। अवसर पर



किसान कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्दर राणा किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा महिला जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह प्रवेश तोमर सोनू त्यागी मुनेश सुमन संजीव तोमर रामरंग पंवार दीपक त्यागी आर्यन कुरबान बिजेन्द्र शर्मा इरशाद देवेन्द्र शर्मा गोरव डा.सुभाष शर्मा औमवीर दुहण सोमपाल शर्मा मो प्रवेज नन्दकिशोर मोहसिन रामजिस्टर मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# यूपीएमएसआरए ने चार श्रम संहिताओं का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में पहुंचकर शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा 44 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर चार नई श्रम संहिताएं लागू किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तहसील परिसर में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी की गैरमौजूदगी में तहसीलदार को सोपा।

यूपीएमएसआरए के सदस्यों ने अपने ज्ञापन में बताया कि सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनमें अवैध स्थानांतरण, जबरन कार्य रुकवाना, बर्खास्तगी और वेतन व यात्रा भत्ता रोकने जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिक्री संवर्धन कर्मचारी (सेवा की शर्तें) अधिनियम 1976 सहित अन्य श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। संगठन का कहना है



कि इससे कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है। संगठन की प्रमुख मांगों में चारों नई श्रम संहिताओं को निरस्त कर पुराने श्रम कानूनों को बहाल करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, फिक्स्ड टर्म रोजगार पर रोक लगाने, न्यूनतम वेतन 26,910 घोषित करने, ईपीएस पेंशन 9,000 सुनिश्चित करने और 8 घंटे कार्य दिवस लागू करने की मांग भी उठाई गई। साथ ही दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी शून्य करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने और स्वास्थ्य बजट को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5 प्रतिशत करने की भी मांग की। संगठन ने श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं पर सख्त कार्रवाई की भी अपील की। संगठन ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों को इन समस्याओं से राहत दिलाने का आग्रह किया है। इस दौरान राजीव शर्मा, सूर्य दत्त शर्मा, प्रदीप पुरी, राजकुमार चौहान, पवन शर्मा, विपिन शर्मा, सूरज तोमर आदि मौजूद रहे।

### 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर परिषद ने जारी की गाइडलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर परिषद ने गाइडलाइन जारी कर दी है। परीक्षा में दिव्यांग छात्रों को निर्धारित अवधि से प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा।

बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का समय 3.15 मिनट निर्धारित किया गया है। इसमें पहले 15 मिनट छात्रों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित किए गए है। परीक्षा में दिव्यांग व दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा में दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान केंद्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेगा। राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को कम से कम 20 पाली में डयूटी की अनिवार्यता की गई है। परीक्षा के दौरान केंद्र बाहरी व्यक्ति का प्रवेश और फोटोग्राफी वर्जित रहेगी। प्रश्नपत्रों क सुरक्षा नाइट विजन कैमरों से 24 घंटे की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक केंद्र पर 50 प्रतिशत स्टॉफ वाह्य विद्यालयों से नियुक्त किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला स्तर पर भी तैयारी तेज हो गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र हैदर व उसकी पत्नि साहिस्ता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। नवाब अली पुत्र मजीद अली निवासी ग्राम सूरजपुर महनवा निकट काले. सिंह, थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र इरशाद व उसकी पत्नि अलफिशा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। दिलशाद पुत्र सकरू निवासी मौहल्ला गढी कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट नम्बर एन.9387714 में मेरा नाम त्रुटिवश विकास कुमार जैन (VIKAS KUMAR JAIN) के स्थान पर विकास कुमार जैन (VIKASH KUMAR JAIN) गलत दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में मेरा नाम विकास कुमार जैन (VIKAS KUMAR JAIN) सही दर्ज है।-पुत्र विनोद कुमार जैन निवासी 19/137 शांतिपुरा गली न.5 गांधी रोड बडौत, बागपत उत्तर प्रदेश 250611.

## लापता व्यक्ति की परिजनों ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छपरौली क्षेत्र के ग्राम लूम्ब निवासी एक 56 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गए हैं। परिजनों ने इस संबंध में थाना छपरौली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, लूम्ब निवासी राहुल कुमार पुत्र संजीव कुमार ने 10 फरवरी को थाना छपरौली में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके पिता संजीव हलवाई, जिनकी उम्र लगभग 56 वर्ष है, 7 फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। संजीव हलवाई तब से अब तक वापस नहीं लौटे हैं। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। तहरीर के आधार पर, थाना छपरौली में रपट संख्या 18 पर सुबह 10:30 बजे गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त हुलिए वाले व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल थाना छपरौली को सूचित करें। इससे गुमशुदा व्यक्ति को सुरक्षित बरामद किया जा सके। मामले की जांच प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार और उप निरीक्षक महेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है।



# डीएम व एसपी ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महा. शिवरात्रि पर ऐतिहासिक परशुरामेश्वर महादेव मंदिर, पुरा में प्रसिद्ध मेला 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिला. धिकारी अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार राय ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

इस वर्ष प्रशासन ने मेला (जीरो वेस्ट महोत्सव) के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संतुलन स्थापित करना है। डीएम अस्मिता लाल ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का अवसर भी है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की निगरानी के लिए गेस्ट हाउस में 24 घंटे कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां अधिकारी और कर्मचारी सतर्क रहेंगे। अपराध और भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा बल यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए तत्पर रहेंगे। मेले के सुचारू संचालन के लिए पूरे जनपद को 10 जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात हैं। मंदिर परिसर में अधिकारी दो शिफ्टों में 24 घंटे डयूटी पर रहेंगे। डीएम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य बागपत को एक ऐसा मॉडल बनाना है, जहां



धार्मिक आयोजन भी पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से संपन्न हों।

# मवाना में रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत

**■ लिसाड़ी गेट निवासी तहेरे व चचेरे भाई थे मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शुक्रवार शाम मवाना मेरठ मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मेरठ की ओर से आ रही रोडवेज बस ने सामने से अपाचे बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। मृतक मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले तहेरे चचेरे भाई थे। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपाचे बाइक सवार युवक मेरठ की दिशा में जा रहे थे, जबकि रोडवेज बस मवाना की ओर आ रही थी। शाम करीब 4:30 बजे दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सहायता का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान आहद पुत्र एहसास एवं उमर पुत्र गुलफाम, निवासी आशियाना कॉलोनी, लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई है। मृतकों के ताऊ के बेटे नावेद अंसारी पुत्र मुस्तफा अंसारी ने दोनों की शिनाख्त की। परिजनों के अनुसार, आहद सिलाई का कार्य करता था, जबकि उमर पावरलूम पर काम करता था। दोनों आपस में तहेरे चचेरे भाई लगते थे और एक ही परिवार से थे। असमय मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्रीय लोगों में भी घटना से गम का माहौल है। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भिजवा दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर फरार चालक व परिचालक की तलाश शुरू की है।





# रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग, एसएसपी से मिला पीड़ित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/मवाना।** थाना मवाना क्षेत्र के ग्राम खेड़की जदीद में हुई मारपीट के मामले में पीड़ित ने एसएसपी से को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। इस मामले में एसएसपी मेरठ ने थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के लिए आदेशित किया है। खेड़की जदीद निवासी सतबीर पुत्र ज्ञान सिंह व कार्तिक उर्फ भूरा ने बताया कि 11 फरवरी को गांव में ट्रैक्टर-बुग्गी की साइड लगने पर गांव निवासी गौरव, निशांत, गोलू, सुंदर व धीर सिंह ने उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया था। आरोप है कि पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनीं और डाक्टरी नहीं कराई, जबकि उनके खिलाफ ही मुक. दमा दर्ज कर लिया। पीड़ितों की शिकायत के बाद एसएसपी अविनाश पांडेय ने थाना पुलिस को मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई का आदेश दिया है।

# रमजान माह को लेकर तमाम व्यवस्थाएं सुचारू करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** रमजान महीने को लेकर साफ-सफाई, जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति को लेकर राजद के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम मवाना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तमाम व्यवस्थाओं को लेकर रमजान के अनुरूप करने की मांग की। जिससे रोजेदारों को परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे पार्टी के प्रदेश महासचिव यूसुफ कुरैशी ने कहा कि 19 फरवरी से रमजान माह शुरू होने की संभावना है। सेहरी में तड़के 2 बजे से 6 बजे तक व अफतार के समय शाम 6 बजे से रात के 11 बजे तक जल व विद्युत आपूर्ति पूरे तहसील क्षेत्र में होनी चाहिए। तहसील क्षेत्र के सभी कस्बों में मस्जिदों व मदरसों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरूस्त रहनी चाहिए। खंभों पर लगी खराब लाइटों को रमजान माह से पहले ठीक कराया जाना चाहिए। जलनिगम द्वारा डाली गई पाइप लाइन से बने गड्ढों को जल्द भरा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। इस पर एसडीएम संतोष सिंह ने जल्द ही सभी मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। राजेंद्र प्रसाद जाटव, नवेद आलम, जावेद अंसारी, राहत अली, मोहम्मद शाह, मोहित, फरहाज आदि मौजूद रहे।

# डीएन पॉलिटेक्निक में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डी.एन. पॉलिटेक्निक, मेरठ में सोमवार से चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को सफलता पूर्वक समापन हो गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन स्टाफ सदस्यों के बीच आयोजित क्रिकेट मैच दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कप्तान आशीष प्रवक्ता, सिविल की टीम ने जीत दर्ज की। मैच में आशीष, कपिल, कुलदीप, अमित और सागर ने शानदार बल्लेबाजी की, जबकि अमित कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहा शर्मा और निशांत चैंपियन ऑफ द ईयर बने। प्रतियोगिताओं के समग्र परिणाम के आधार पर व्यक्तिगत उपलब्धियों की घोषणा की गई। छात्र वर्ग नेहा शर्मा अंतिम वर्ष, इलेक्ट्रिकल को छात्र चैंपियन और सादिया चौहान द्वितीय वर्ष, कंप्यूटर साइंस को छात्र कैप्टन की उपाधि दी गई। छात्र वर्ग निशांत प्रथम वर्ष, मैकेनिकल मिस्टर चैंपियन बने, जबकि अभिषेक तृतीय वर्ष, सिविल को कैप्टन चुना गया। विभिन्न स्पर्धाओं के परिणाम संस्था द्वारा जारी विस्तृत सूची के अनुसार, प्रमुख स्पर्धाओं के विजेता इस प्रकार रहे। लंबी कूद छात्र रचित प्रथम, रीतिका शर्मा द्वितीय रहे।

# बिजेन्द्र सूद बने मंडल अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद एवं भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह द्वारा बिजेन्द्र सूद को मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर आसपास के जिलों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

कार्यकताओं का कहना है कि बिजेन्द्र सूद ने दिन-रात अथक परिश्रम करते हुए हर गरीब, शोषित और पीड़ित की आवाज को बुलंद करने का कार्य किया है। मेरठ में हर जनसमस्या को मजबूती के साथ उठाकर उन्होंने न्याय दिलाने का सराहनीय प्रयास किया। उनकी संघर्षशील कार्यशैली, निष्ठा और समर्पण को देखते हुए यह दायित्व उन्हें सौंपा गया है। बिजेन्द्र सूद के समर्थकों ने कहा कि उनकी नियुक्ति न केवल उनके संघर्ष का सम्मान है, बल्कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनसेवा की भावना का भी प्रमाण है। उनके समर्थकों का कहना है कि है कि उनके नेतृत्व में मेरठ मंडल में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय की आवाज पहुंचेगी। बिजेन्द्र सूद को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

## दिनभर जाम के झमेले में रहा महानगर

**मेरठ।** महानगर आज कल दिनभर जाम के झमेले में उलझा रहता है। एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने के लिए लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हापुड़ अड्डा चौराहा, घंटाघर चौराहा, लिसाड़ी गेट चौराहे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं इस जाम से व्यापारियों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि जाम ने पूरा कारोबार चोपट कर दिया है।

# ललित कला संस्थान में पुलवामा दिवस पर शहीदों को कलात्मक श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला संस्थान में पुलवामा दिवस के अवसर पर वर्ष 2019 के आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, संवेदनशीलता और कर्तव्य बोध की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पुलवामा के शहीदों के हस्तनिर्मित चित्र बनाकर उन्हें अपनी सृजनात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की। कला के माध्यम से व्यक्त यह सम्मान न केवल स्मरण का प्रतीक था, बल्कि नई पीढ़ी को शौर्य, त्याग और समर्पण के आदर्शों से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास भी रहा। इस अवसर पर प्रोफेसर अलका तिवारी ने पुलवामा की घटना का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए शहीदों की वीरता, राष्ट्रनिष्ठा और बलिदान की गाथा विद्यार्थियों को सुनाई। उन्होंने कहा कि कला केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों के संवहन का प्रभावी साधन भी है। यह आयोजन विश्वविद्यालय की उस शैक्षिक परंपरा का प्रतीक है। जिसमें ज्ञान, संवेदना और राष्ट्रीय उत्तर दायित्व का समन्वय करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक एवं मूल्यनिष्ठ नागरिक बनाने का सतत् प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया तथा मौन रखकर उनकी स्मृति को श्रद्धासुमन अर्पित किए। आयोजन की सफलता में डॉ. पूर्णिमा वशिष्ठ, डॉ. शालिनी धामा, डॉ. रीता सिंह, दीपांज. लि, खालिद एवं कृतिका का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों ने पूरे वातावरण को भावनात्मक एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।

**उत्तराधिकार के प्रमाण पत्र लेने हेतू प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की सूचना**
**न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर**

सैक्सेशन प्रार्थना पत्र संख्या 31सन 2024 नरेश चन्द सिघंल पुत्र स्व. श्री चन्द्रभान सिघंल आयु 68 वर्ष निवासी 49 घेर खत्ती नई मण्डी मुजफ्फरनगर परगना, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर.......सायल...**बनाम** 1.-रमेश चन्द सिघंल पुत्र स्व. श्री चन्द्रभान आयु 72 वर्ष निवासी दी सेकसरिया शुगर फैक्ट्री बिसवा जिला सीतापुर उ.प्र.।2.-सुरेश चन्द सिघंल पुत्र श्री चन्द्रभान सिघंल आयु लगभग 71 वर्ष निवासी 806 शिप्रासन इन्दिरा पुरम जिला गाजियाबाद। 3.-श्रीमति सन्तोष तायल पुत्री स्व. श्री चन्द्रभान सिघंल पत्नि श्री सतीश कुमार तायल आयु लगभग 80 निवासी 706 अँहिसा खन्ड इन्दिरापुरम जिला गाजियाबाद। 4.-श्रीमति मन्जू गोयल पुत्री स्व. श्री चन्द्रभान सिघंल आयु 66 वर्ष निवासी ए-3 एन.डब्लू. शालीमार हाइटस 28 जोपलिंग मार्ग लखनऊ, उ.प्र.। 5.-श्रीमति अनिता बंसल पुत्री स्व. श्री चन्द्रभान सिघंल पत्नि नारायण प्रकाश बंसल आयु 64 वर्ष निवासी मं. नं08 गेट नं0 2. हरमुखपुरी मोदीनगर, जिला गाजियाबाद। 6.-संजय सिघंल पुत्र श्री टेकचन्द सिघंल आयु 54 वर्ष निवासी 60/87/1 जानसठ रोड लक्ष्मण विहार कम्बल वाला बाग मुजफ्फरनगर। 7. -श्रीमति सुविधा मित्तल पुत्री स्व. टेकचन्द सिघंल पत्नि रतेश कुमार मित्तल आयु 54 वर्ष निवासी 836/1 योगेन्द्रपुरी मुजफ्फरनगर।8.-शोर्यवीर सिघंल पुत्र श्री अजय सिघंल आयु 22 वर्ष निवासी 60/76 जानसठ रोड, कम्बलवाला बाग-1 लक्ष्मण विहार मुजफ्फरनगर।......
**विपक्षीगण**
मृतक चन्द्रभान सिघंल पुत्र श्री हरद्वारी लाल निवासी 49 घेर खत्ती नई मण्डी मुजफ्फरनगर, जिला मुजफ्फरनगर, के रिलायन्स इण्डस्ट्रीज कम्पनी व आइ एस जी ई सी इन्जीनयरिंग लि. कम्पनी व विनायक कैमीकल इं. लि. कम्पनी के शेयरो की धनराशि मय बयाज मार्किट वैल्य के अनुसार, की वसूली के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रार्थी/ नरेश चन्द सिघंल उपरोक्त ने यह आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है तथा जिसकी सुनवाई के लिये दिनाक 06 माह 03 वर्ष 2026 ई. नियत की गयी है। अत: हर आम व खास को यह सूचना दी जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध मे कोई आपत्ति हो वह दिनाक उपरोक्त को प्रात: 10:00 बजे दिन न्यायालय उपरोक्त मुजफ्फरनगर मे स्वंय या अपने अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे उक्त दिनाक के बाद कोई आपत्ति दर्ज नही की जावेगी तथा उक्त आवेदन पत्र पर उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा ।आज दिनाक 12 माह 2 वर्ष 2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। **आज्ञा से अपर सिविल जज ( सी. डि. ) कोर्ट संख्या 1, मुजफ्फरनगर।**

# केंद्र सरकार के फैसलों का विरोध




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का नाम एवं नियम बदलने के विरोध में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत विशाल पैदल मार्च निकाला गया। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर इकट्ठा हुए जहां से क्रांतिकारी वीर मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा का शुभारंभ किया गया।

यह पदयात्रा मंगल पांडे की प्रतिमा से आरंभ होकर बुढ़ाना गेट, सत्यम प्लाजा, खैर नगर चौराहा, छतरी वाला पीर, अहमद रोड, अस्पताल रोड होते हुए टाउन हाल स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समाप्त हुई। महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही रवैये से देश चला रही है, जिससे गरीब एवं श्रमिक वर्ग का भविष्य खतरे में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लागू की गई मनरेगा योजना करोड़ों श्रमिक परिवारों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है। पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने कहा कि मनरेगा गरीब परिवारों के लिए सम्मान जनक रोजगार का अधिकार है। यदि इसके नियमों में बदलाव कर इसे कमजोर किया गया तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। किठौर विधानसभा से चुनाव लड़ चुकी बबीता गुर्जर ने इसे केंद्र सरकार की तानाशाही बताया और कहा कि मनरेगा ने देश को मजबूत किया लेकिन भाजपा द्वारा इसके नियम बदलने से देश के मजदूरों का नुकसान होगा। इस दौरान मॉनिंदर सूद वाल्मीकि, सलीमुद्दीन शाह, शमसुद्दीन चौधरी, मो. बदर, तेजपाल डाबका, नसीम राजपूत, यासर सैफी, गफ्फार आदि मौजूद रहे।


## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☛

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:

**04054/04053 नई दिल्ली - बरौनी जं. - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04054 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04053 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:50 | नई दिल्ली | 03:50 | --- |
| 22:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 00:45 |

**चलने के दिन: 04054 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04053 बरौनी जं.** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जंक्शन और शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**04060/04059 नई दिल्ली - सुपौल - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 30 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04060 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:35 | नई दिल्ली | 16:10 | --- |
| 04:00 | --- | सुपौल | --- | 07:00 |

**चलने के दिन: 04060 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04059 सुपौल** से दिनांक 22.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर और सहरसा जं. स्टेशन।

**04066/04065 आनन्द विहार (ट.) - खोरधा रोड जं. - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:30 | आनन्द विहार (ट.) | 08:15 | --- |
| 12:30 | --- | खोरधा रोड जं. | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 04066 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 (प्रतिदिन) और **04065 खोरधा रोड जं.** से दिनांक 28.02.2026 से 04.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जं., बराभूम, चाण्डिल जं., टाटानगर जं., घाटशिला, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्द्रुझर रोड, कटक और भुवनेश्वर स्टेशन।

**04070/04069 आनन्द विहार (ट.) - शेखपुरा - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक) — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04070 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04069 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 00:20 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | --- |
| 20:30 | --- | शेखपुरा | --- | 22:30 |

**चलने के दिन: 04070 आनन्द विहार (ट.) से** और **04069 शेखपुरा** से दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
**ठहराव:** गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्रनगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बिहार शरीफ जं., अस्थावाँ और बरबीघा स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 32 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | --- |
| 12:00 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली से** दिनांक 21.02.2026 से 08.03.2026 (प्रतिदिन) और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026 से 09.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** पानीपत, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04010/04009 दिल्ली जं. - सीतामढ़ी - दिल्ली जं. आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04010 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 23:20 | --- |
| 22:30 | --- | सीतामढ़ी | --- | 23:55 |

**चलने के दिन: 04010 दिल्ली जं. से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04009 सीतामढ़ी** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. और बैरगनिया स्टेशन।

**04014/04013 आनन्द विहार (ट.) - लौकहा बाजार - आनन्द विहार (ट.) आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 16 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04014 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04013 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:40 | आनन्द विहार (ट.) | 03:40 | --- |
| 20:15 | --- | लौकहा बाजार | --- | 21:30 |

**चलने के दिन: 04014 आनन्द विहार (ट.) से** दिनांक 27.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04013 लौकहा बाजार** से दिनांक 28.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, शीशो, सकरी जं. और झंझारपुर जं. स्टेशन।

**04022/04021 नई दिल्ली - गोरखपुर - नई दिल्ली आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04022 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

**चलने के दिन: 04022 नई दिल्ली से** दिनांक 20.02.2026 से 06.03.2026 (शुक्रवार) और **04021 गोरखपुर** से दिनांक 21.02.2026 से 07.03.2026 (शनिवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।

**04203/04204 लखनऊ - नई दिल्ली - लखनऊ आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04203 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

**चलने के दिन: 04203 लखनऊ से** और **04204 नई दिल्ली** से दिनांक 23.02.2026 एवं 02.03.2026 (सोमवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04209/04210 वाराणसी - दिल्ली जं. - वाराणसी आरक्षित विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:30 | वाराणसी | 09:40 | --- |
| 13:30 | --- | दिल्ली जं. | --- | 19:25 |

**चलने के दिन: 04209 वाराणसी से** दिनांक 24.02.2026 से 06.03.2026 (प्रतिदिन) और **04210 दिल्ली जं.** से दिनांक 25.02.2026 से 07.03.2026 (प्रतिदिन) तक।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, रायबरेली जं., लखनऊ, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04213/04214 अयोध्या कैंट - आनन्द विहार (ट.) - अयोध्या कैंट आरक्षित विशेष रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04213 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04214 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:20 | अयोध्या कैंट | 22:00 | --- |
| 06:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | --- | 09:00 |

**चलने के दिन: 04213 अयोध्या कैंट से** दिनांक 24.02.2026, 26.02.2026, 01.03.2026, 03.03.2026 एवं 05.03.2026 और **04214 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 25.02.2026, 27.02.2026, 02.03.2026, 04.03.2026 एवं 06.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बाराबंकी, लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद स्टेशन।

**04227/04228 वाराणसी - चण्डीगढ़ - वाराणसी आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04227 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:50 | वाराणसी | 01:20 | --- |
| 07:45 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04227 वाराणसी से** दिनांक 21.02.2026 एवं 28.02.2026 (शनिवार) और **04228 चण्डीगढ** से दिनांक 22.02.2026 एवं 01.03.2026 (रविवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी और अंबाला कैंट स्टेशन।

**04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - वाराणसी - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04604 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04603 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी | --- | 05:00 |

**चलने के दिन: 04604 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.02.2026, 26.02.2026, 02.03.2026 एवं 06.03.2026 और **04603 वाराणसी** से दिनांक 24.02.2026, 28.02.2026, 04.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04514/04513 चण्डीगढ़ - गोरखपुर - चण्डीगढ़ आरक्षित सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04514 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04513 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | चण्डीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

**चलने के दिन: 04514 चंडीगढ़ से** दिनांक 26.02.2026 एवं 05.03.2026 (गुरूवार) और **04513 गोरखपुर** से दिनांक 27.02.2026 एवं 06.03.2026 (शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

489/26

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया को हराया

# जिम्बाब्वे ने किया बड़ा उलटफेर




- **दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर किया**

**कोलम्बो, वार्ता।** ब्लेसिग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी 20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी-20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है। ब्लेसिग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम जिम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस - जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे - सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि जरूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिग टच दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाए।

# आईसीसी ने आयरलैंड, जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दी




- **आयरलैंड ने पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम ऑपिंग को शामिल किया जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया**

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड और जिम्बाब्वे टीम में रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को शामिल किया गया, जबकि जिम्बाब्वे टीम में ब्रेंडन टेलर की जगह बेन करन को शामिल किया गया। 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ मैच के दौरान दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद टेलर के बाहर होने पर करन को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है। विश्व कप की इवेंट टेक्निकल कमिटी में वसीम खान (चेयर, आईसीसी जनरल मैनेजर - क्रिकेट), गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर - इवेंट्स और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, आईबीसी रिप्रेजेंटेटिव), हेमांग अमीन (टूर्नामेंट डायरेक्टर, होस्ट रिप्रेजेंटेटिव) और शॉन पोलक (इंडिपेंडेंट नॉमिनी) शामिल हैं।

### टॉपिंग टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आयरलैंड टीम में स्टर्लिंग की जगह लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की इवेंट टेक्निकल कमिटी ने शुक्रवार को आयरलैंड टीम में पॉल स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिग को शामिल करने की मंजूरी दे दी। 11 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आयरलैंड के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय घुटने के लिगामेंट में चोट लगने के कारण स्टर्लिंग के बाहर होने के बाद टॉपिग को रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना गया था। किसी खिलाड़ी की जगह लेने के लिए इवेंट टेक्निकल कमिटी की मंजूरी जरूरी है, तभी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग (आईएफएल) के तौर पर रीब्रांड किया गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक घोषणा में कहा कि एआईएफएफ एग्जीक्यूटिव कमेटी ने 12 फरवरी, 2026 को हुई अपनी मीटिंग में, 2025-26 सीजन से आई-लीग को इंडियन फुटबॉल लीग के तौर पर रीब्रांड करने को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया कि कमेटी ने इंडियन सुपर लीग और इंडियन फुटबॉल लीग की गवर्निंग काउंसिल के चार्टर को और मंजूरी दी। यह कदम जनवरी में हुई चर्चा के बाद उठाया गया है।

### मेरी व धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी: हर्ष ठाकर


**नई दिल्ली, वार्ता।** कनाडा के मध्यम क्रम के बल्लेबाज हर्ष ठाकर ने शुक्रवार को कहा कि मेरी और नवनीत धालीवाल की योजना 10 ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का भी यहीं मैसेज था। कनाडा के बल्लेबाज ठाकर ने पहली पारी के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हमारा स्कोर बराबर है, यहां 150 बुरा नहीं है। जब आप बैक ऑफ लेंथ गेंदबाजी करते हैं, तो गेंद थोड़ी रुकती है और थोड़ी टू-पेस खेलती है। मेरी और धालीवाल की योजना 10वें ओवर तक बल्लेबाजी करने की थी और कोच का यही मैसेज था। जाहिर है, एक टी-20 मैच में, आपको पॉजिटिव रहना होता है। मैंने अपनी पहली कुछ गेंदों पर थोड़ा समय लिया, लेकिन एक बार जब मैं जम गया, तो मैं और अधिक आक्रामक तरीके से खेल पाया। उन्होंने कहा कि जब आप पर दबाव में होते है तो आपको शांत बनाए रखना होता हैं।

# हनी बैसोया ने जीता डीपी विश्व प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब




**नई दिल्ली, वार्ता।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुक.ाबले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतजार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी। बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, ष्इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता।

# पाक के खिलाफ खेल सकते हैं अभिषेक: वरुण



**पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का मानना है कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के महत्वपूर्ण मैच में अभिषेक शर्मा वापसी कर सकते हैं। पेट में संक्रमण के कारण अभिषेक नामीबिया के खलिफ मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इससे पहले दिल्ली पहुंचने पर जांच के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ा था। हालांकि बाद में वह डिस्चार्ज भी हो गए और नामीबिया के खलिफ मैच से पहले मैदान में भी थे। वहीं विश्व कप में उनका डेब्यू कुछ खास नहीं था था और वह अमेरिका के खलिफ पहले मैच में शून्य पर आउट हो गए थे। वरुण ने कहा कि मुझे लगता है वह अगला मैच खेलेंगे।

मैं पक्का नहीं कह सकता, लेकिन जितनी मेरी उनसे बात हुई है, वह ठीक लग रहे हैं। उन्होंने आज थोड़ा अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि वह वापसी की राह पर हैं। यह भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव के टॉस के समय दिए गए बयान से ज्यादा सकारात्मक संकेत था। उन्होंने कहा था। उन्हें एक-दो मैच लग सकते हैं, मुझे नहीं पता। मैच के बाद अर्शदीप सिंह के एक सोशल मीडिया वीडियो में भी अभिषेक दिखे, जिसमें उन्हें कहते सुना गया कि वह ठीक हैं, लेकिन उनका वजन थोड़ा कम हो गया है।

अभिषेक की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन ने पारी की शुरुआत की और आठ गेंदों पर 22 रन बनाते हुए तीन छक्के जड़े। हालांकि, दूसरे ओपनर इशान किशन ने विकेटकीपिग की जिम्मेदारी संभाली, जिससे संकेत मिलता है कि फिलहाल सैमसन बैक-अप ओपनर ही हैं। किशन ने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए अपनी जगह मजबूती से पक्की कर ली है।

# नामीबिया के खिलाफ भारत के ऑलराउंड प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए सूर्यकुमार यादव



- **कहा: शिवम-हार्दिक पांड्या के बीच पार्टनरशिप काबिल-ए-तारीफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गुरुवार को टी-20 वर्ल्ड कप ग्रुप ए मुकाबले में नामीबिया पर 93 रन की जीत के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और गेंदबाजी की गहराई की तारीफ की। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि सभी के लिए काफी अच्छा खेल था। मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी के लिए आसान विकेट नहीं था, लेकिन जिस तरह से ईशान और संजू ने शुरुआत की, ऐसा लग रहा था कि यह एक आसान विकेट है।

उन्होंने आगे कहा कि फिर शिवम और हार्दिक के बीच पार्टनरशिप, जिस तरह से उन्होंने दो या तीन जल्दी विकेट खोने के बाद बल्लेबाजी की, मुझे लगता है कि यह बहुत तारीफ के काबिल था। गेंद थोड़ी रुक रही थी, लेकिन मैं नामीबिया के गेंदबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, जोश के साथ मैदान में उतरे और अपने प्लान को पूरा किया। भारत ने इशान के 24 गेंदों में 61 रन और हार्दिक पांड्या के 28 गेंदों में 52 रन की मदद से नौ विकेट पर 209 रन बनाए, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने चार विकेट लिए। नामीबिया ने पावरप्ले में अच्छा जवाब दिया और एक विकेट पर 57 रन बना लिए। हालांकि, भारत के स्पिनरों और सीमरों ने मिलकर कंट्रोल वापस पा लिया।

वरुण चक्रवर्ती (दो ओवर में 3/7), अक्षर पटेल (तीन ओवर में 2/20) और हार्दिक (चार ओवर में 2/21) ने नामीबिया को 18-2 ओवर में 116 रन पर आउट कर दिया। सूर्यकुमार ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को अपने पूरे चार ओवर फेंकते देखना एक बड़ा प्लस पॉइंट था। उनका टीम में वापस आना अच्छा है। वह अगले मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने स्पिन कॉम्बिनेशन की भी तारीफ की। जिस तरह से वरुण अक्षर के साथ पार्टनरशिप में बॉलिंग करते हैं, मुझे लगता है कि यह कॉम्बिनेशन खेलना मुश्किल है। टीम के अब तक के कैंपेन पर बात करते हुए, कप्तान ने कहा कि ठीक वही जो आप आगे बढ़ने के लिए देख रहे हैं। हर गेम जरूरी है। हमने थोड़ी खराब शुरुआत की, लेकिन मुझे लगता है कि हम सही रास्ते पर हैं। दो मैचों में दो जीत के साथ, भारत ग्रुप ए में टॉप पर है, नेट रन रेट पर पाकिस्तान से आगे।

# डी मिनौर ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की




**रोटर्डम, वार्ता।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिंग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं, जिसमें अकापुल्को (2023, 2024) और वाशिंगटन (2025) में उस लेवल पर ट्रॉफी जीती हैं। रोटर्डम में अपना टाइटल जीतने का मौका खत्म करने के मकसद से, वह अगला मैच बोटिक वैन डे जैंडशुल्प से खेलेंगे। डचमैन वैन डे जैंड्सचुल्प ने 2022 के फाइनलिस्ट सितसिपास को 6-4, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोटर्डम में क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी 500 में आखिरी आठ में पहुंचने वाले चौथे एक्टिव डचमैन हैं।

दूसरे सीड और वर्ल्ड नंबर 6 फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे अपने साथी टॉप 10 स्टार डी मिनौर के साथ रोटर्डम में आखिरी आठ में शामिल हुए, उन्होंने हमाद मेडजेडोविच के खिलाफ एक मुश्किल दूसरे राउंड को पार किया। ऑगर-अलियासिमे, जिन्होंने रविवार को मोंटपेलियर में एक इनडोर एटीपी 250 ट्रॉफी जीती थी, ने 6-4, 6-4 से जीत हासिल की व अपनी जीत का सिलसिला छह मैचों तक बढ़ाया।

## शेल्टन क्वार्टरफाइनल में, डिफेंडिग चैंपियन शापोवालोव भी आगे बढ़े

**डलास, वार्ता।** बेन शेल्टन ने गुरुवार को नेक्सो डलास ओपन में फ्रेंच लेफ्टी एड्रियन मानेरिनो के कड़े मुकाबले का सामना किया और जीत हासिल कर अपने 25वें टूर-लेवल क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए। एटीपी रैंकिंग में नंबर 9 के खिलाड़ी शेल्टन ने शानदार शॉटमेकिग से भरे एक उतार-चढ़ाव वाले मुकाबले में मानेरिनो को 7-6(2), 6-7(4), 6-3 से हराया। पिछले हफ्ते मोंटपेलियर में फाइनलिस्ट मानेरिनो ने शेल्टन की फायरपावर को अच्छे से झेला, जिसका सबसे अच्छा प्रदर्शन पहले सेट के टाई-ब्रेक के शुरुआती पॉइंट पर 29-शॉट की रैली के दौरान हुआ, लेकिन दूसरे सीड वाले खिलाड़ी ने दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ने के लिए जरूरी मौकों पर अपना लेवल बढ़ाया। शेल्टन का अगला मुकाबला सर्बिया के मिओमिर केकमानोविच से होगा, जिन्होंने दिन के आखिरी मैच में पांचवीं सीड टॉमी पॉल को हराया था। केकमनोविच ने पॉल के खिलाफ 5-7, 6-4, 6-4 से जीत के साथ सीरीज में 4-2 की बढ़त बना ली।

# न्यूजीलैंड-द. अफ्रीका मैच में होगी दिग्गजों की टक्कर

### ग्रुप डी के इस मुकाबले में दोनों टीमें बिना हारे पहुंची है, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं




**अहमदाबाद, वार्ता।** रिकॉर्ड दांव पर लगे हैं, लेकिन न हारने वाली बड़ी टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर होगी, और बैटिंग के स्वर्ग में ओस के नीचे लक्ष्य का पीछा करने का ड्रामा होगा।

शनिवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फैंस को यही इंतजार रहेगा, जब न्यूजीलैंड विश्व कप के ग्रुप डी के एक बड़े मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। दोनों टीमें बिना हारे पहुंची हैं, दोनों ने दो-दो मैच जीते हैं, जिससे टॉप स्पॉट की रेस में यह एक अहम मुकाबला बन गया है। न्यूजीलैंड इस मैच में जबरदस्त फॉर्म में है, फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच ऐतिहासिक ओपनिग पार्टनरशिप की बदौलत। यूएई के खिलाफ, दोनों ने नाबाद 175 रन की पार्टनरशिप की, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप है, और टीम ने सिर्फ 15-2 ओवर में 174 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। एलन, जो बिग बैश लीग 2025-26 के रन चार्ट में 11 मैचों में 466 रन बनाकर टॉप पर थे, ने 168 के स्ट्राइक रेट से 50 गेंदों में 84 रन बनाकर अपनी खतरनाक फॉर्म जारी रखी है, जबकि सीफर्ट ने 211-9 की स्ट्राइक रेट से 42 गेंदों में 89 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिशेल की लीडरशिप में मिडिल ऑर्डर में गहराई और अग्रेसन है, जो मोमेंटम बनाए रखने और गेम को अधिकार के साथ खत्म करने में सक्षम है।

न्यूजीलैंड का बॉलिंग अटैक एक बैलेंस्ड यूनिट है, जिसमें मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन और जैकब डफी पेस की अगुआई करते हैं, जबकि स्पिनर मिशेल सेंटनर, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बीच के ओवरों में ब्रेकथ्रू दिलाते हैं। कीवी टीम टॉप पर विस्फोटक बैटिंग के साथ भरोसेमंद बॉलिंग को जोड़ती है, जो उन्हें इस टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनाती है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ड्रामे से अनजान नहीं है। अफगानिस्तान के खिलाफ एक रोमांचक मुक.ाबले में, प्रोटियाज ने दबाव में जबरदस्त धैर्य दिखाते हुए डबल सुपर ओवर में भी जीत हासिल की। क्विटन डी कॉक ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन मैचों में 149 रन बनाकर टॉप पर लीड किया है, जबकि रयान रिकेल्टन अफगानिस्तान के खलिाफ 28 गें.दों पर 61 रन बनाकर अग्रेसिव और फॉर्म में रहे हैं। एडेन मार्करम और डेविड मिलर बीच में स्टेबिलिटी देते हैं, लेकिन प्रोटियाज का मिडिल ऑर्डर अभी भी कमजोर नजर आता है।

बॉलिंग की कमान लुंगी एनगिडी के हाथ में है, जिन्होंने दो मैचों में सात विकेट लिए हैं, उनका साथ मार्को यानसन और कगिसो रबाडा दे रहे हैं। स्पिन ऑप्शन केशव महाराज और जॉर्ज लिंडे का पिच पर कम असर पड़ा है, जिससे टर्न बहुत कम मिलता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बैटिंग के लिए स्वर्ग है, जो फ्लैट है, जिसमें सही बाउंस और तेज आउटफील्ड है। 200 से ज्यादा के हाई स्कोर आम हैं, खासकर लाइट्स में, जबकि शाम को ओस चेज करने वाली टीम के लिए फायदेमंद होती है, जिससे टॉस एक जरूरी फैक्टर बन जाता है। साफ आसमान, 22 सेल्सियस और 33 सेल्सियस के बीच टेम्परेचर और हल्की हवाओं के साथ, हाई-ऑक्टेन मुकाबले के लिए कंडीशन आइडियल हैं। इस मैच में धमाकेदार ओपनर, मजबूत मिडिल ऑर्डर और स्ट्राइक बॉलर लाइट्स में भिड़ेंगे। रिकॉर्ड टूट सकते हैं, टेंशन बढ़ सकती है, और एक टीम टूर्नामेंट में शुरू में ही साइकोलॉजिकल बढ़त हासिल कर लेगी। स्ट्रोक बनाने के लिए बनी पिच पर और ओस के साथ जो टीम बाद में बैटिंग करती है, न्यूजीलैंड की फायरपावर उन्हें दो अजेय हैवीवेट टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले में थोड़ी बढ़त दिलाती है।

### 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर नीलाम होंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है। लीग में गोल्फर्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफेशनल गोल्फ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्सके साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फाइनल 6 मार्च 2026 को होगा।

# रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने



**जयपुर, वार्ता।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38-57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है। कुल मिलाकर, पराग ने 84 आईपीएल मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें उन्होंने 141-84 के स्ट्राइक रेट से 1566 रन बनाए हैं। उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 2024 में आया, जब उन्होंने 149-21 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए। हालांकि पिछले सीजन में उन्होंने और भी तेज 166-52 की औसत से रन बनाए थे, लेकिन उनका कुल स्कोर घटकर 393 रह गया, जिसमें सिर्फ एक हाफ-सेंचुरी शामिल थी। 2025 सीजन के बाद राहुल द्रविड़ के भी हेड कोच के तौर पर जाने के साथ, रॉयल्स आईपीएल 2026 में एक नई लीडरशिप जोड़ी के साथ उतरेगी, क्योंकि कुमार संगकारा पराग के साथ कमान संभालेंगे, जो फ्रेंचाइजी के लिए एक नया अध्याय होने का वादा करता है।

# सम्पादकीय

शनिवार, 14 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## चर्चाओं में ट्रेड डील

शुक्रवार को संसद सत्र की कार्रवाई 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 13 दिनों तक चली लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई अधिक समय तक बाधित ही रही और बजट सत्र का 13वां दिन भी अन्य दिनों से इतर नहीं रहा और लोकसभा व राज्यसभा की कार्रवाई पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्रवाई जहां करीब दस मिनट तक चल पाई तो वहीं राज्यसभा की कार्रवाई दो घंटे तक चल पाई। वैसे भी अब लोग यह देखने के लिए आदि हो चले हैं। अब संसद में चर्चाएं कम, शोर-शराबा अधिक होता है और इस प्रवृत्ति में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। यह भी समझना मुश्किल है कि आखिर हमारे माननीय चर्चाओं से क्यों बचते हैं। सरकार अपने कार्यों का बखान करती नहीं थकती और विपक्षी दलों को चूका हुआ बताती है। वहीं विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर जनहित कार्यों से मुंह मोड़ने का आरोप लगाते रहते हैं। जब ये दोनों बातें अगर सही हैं तो फिर चर्चाओं से क्या भागना। माना कि चर्चा संसद में कार्रवाई सुचारू रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी दोनों पक्षों की होती है, लेकिन सरकार को यह मानना ही पड़ेगा कि यह जिम्मेदारी उसके हिस्से में ज्यादा आती है। अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, निश्चित रूप से वह बेहद महत्वपूर्ण समझौता है और सरकार उसकी तारीफ भी कर रही है और बता रही है कि इस समझौते से देश में रोजगार के द्वार खुलेंगे, विशेषकर किसानों को बहुत फायदा होगा, जबकि विपक्ष ऐसा नहीं मानता। सबसे बड़ी बात यह है कि किसान भी ऐसा नहीं मानते। इस ट्रेड डील को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच संसद व संसद से बाहर भी तकरार जारी है। शुक्रवार को भी दो बयान सामने आए हैं। इसमें एक बयान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का है, जो अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते को किसानों के हित में बता रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर किसानों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया। गोयल के अनुसार अमेरिका से समझौता देश के किसानों को फायदा देगा। खेती के सामान का ज्यादा निर्यात होगा और उत्पादों की मांग बढ़ेगी, जिससे किसानों में ज्यादा खुशहाली आएगी। तो वहीं लोकसभा के परिसर में किसान संगठनों के अनेक नेताओं ने राहुल गांधी से बात की। बताया जा रहा है कि बातचीत में भारत अमेरिका अंतिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने पर चर्चा हुई। किसान नेताओं का कहना था कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी रोटी पर इससे प्रभाव पड़ेगा। बड़ी बात यह है कि अभी तक सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट रूप से सामने नहीं आया कि वास्तव में यह डील किस तरह हुई है। केवल प्रशंसा ही सामने आ रही है। जाहिर है इससे भ्रम की स्थिति बनेगी, जोकि बन भी रही है और लगता है कि यह ट्रेड डील भारतीय राजनीति में काफी उथल पुथल मचाएगी।

## चंद हाथों की जागीर बन चुका था कानून



आज नई परिभाषा के साथ उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है, 2017 से पहले सत्ता के संरक्षण में गुंडे और माफिया पनप रहे थे, अपराधी, अपराधी होता है, हमारी सरकार ने पहले दिन जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई थी और आज भी उसी पर कायम है, पहले कानून चंद हाथों की जागीर बन चुका था, कर्फ्यू और दंगे आम बात थे तथा पर्व-त्योहार आशंका के पर्याय बन गए थे, पहले पुलिस का मनोबल टूटा हुआ था, न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी, आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव प्रदेश है, 2017 के बाद से प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ और आज भय नहीं, आस्था का वातावरण है, महिला सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है, 2 लाख से अधिक पुलिस भर्तियों में 20 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री , उप्र**

## नई प्रजातियों की खोज समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक नई उपलब्धि




हाल के वर्षों में समुद्र विज्ञान की दुनिया में एक अद्भुत उपलब्धि सामने आई है, जब प्रशांत महासागर की गहराइयों का अन्वेषण कर रहे शोधकर्ताओं ने लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया। यह खोज केवल वैज्ञानिक उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर जीवन की विविधता और उसकी जटिलता को समझने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है और इसका अधिकांश हिस्सा महासागरों से बना है। इनमें भी प्रशांत महासागर, जो विश्व का सबसे बड़ा और सबसे गहरा महासागर है, अपनी रहस्यमई गहराइयों के कारण लंबे समय से वैज्ञानिकों को आकर्षित करता रहा है। अब जब आधुनिक तकनीक, गहरे समुद्र में उतरने वाले स्वचालित यंत्र और उन्नत कैमरों की सहायता से इन गहराइयों तक पहुंचना संभव हुआ है, तब समुद्री जीवन के अनदेखे संसार की परतें खुलनी शुरू हुई हैं।

प्रशांत महासागर की गहराइयों में स्थित समुद्री तल, जिसे सीबेड कहा जाता है, अत्यंत कठोर और चुनौतीपूर्ण वातावरण प्रस्तुत करता है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और जल का दबाव इतना अधिक होता है कि सामान्य जीवों का वहां जीवित रह पाना लगभग असंभव प्रतीत होता है। फिर भी जीवन ने इन विषम परिस्थितियों में भी अपने लिए स्थान बना लिया है। शोधकर्ताओं ने जिन 800 नई प्रजातियों को दर्ज किया है, उनमें विभिन्न प्रकार के स्पंज, कोरल, केंचुए जैसे जीव, अजीब आकार की मछलियां, सूक्ष्म जीव, समुद्री तारे, झींगा और कई प्रकार के अकशेरुकी जीव शामिल हैं। इन जीवों की बनावट, रंग और व्यवहार इतने अनोखे हैं कि वे मानो किसी दूसरे ग्रह से आए हुए प्रतीत होते हैं।

यह खोज मुख्य रूप से गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों की संभावित खोज के दौरान किए गए सर्वेक्षणों के माध्यम से सामने आई। जब वैज्ञानिकों ने समुद्री तल का मानचित्रण करना प्रारंभ किया, तब उन्हें वहां जीवन की अप्रत्याशित विविधता देखने को मिली। इन अभियानों में स्वचालित पनडुब्बियों, रोबोटिक आर्म से युक्त रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल्स और उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरों का उपयोग किया गया। इन उपकरणों ने हजारों मीटर की गहराई में जाकर तस्वीरें और नमूने एकत्र किए। बाद में प्रयोगशालाओं में इन नमूनों का विश्लेषण कर यह पाया गया कि इनमें से सैकड़ों जीव विज्ञान के लिए पूर्णत: नए हैं।




नई प्रजातियों की खोज का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि हमने पृथ्वी पर जीवन के नए रूप देखे हैं, बल्कि इस तथ्य में भी है कि ए प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। गहरे समुद्र के जीव कार्बन चक्र, पोषक तत्वों के पुनर्चक्रण और समुद्री खाद्य श्रंखला में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यदि इन क्षेत्रों में बिना पर्याप्त अध्ययन के खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियां आरंभ की जाती हैं, तो इससे इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक समुदाय अब यह आग्रह कर रहा है कि गहरे समुद्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि से पहले व्यापक पर्यावरणीय आकलन किया जाए।

इन खोजों ने यह भी सिद्ध किया है कि पृथ्वी पर जैव विविधता का एक विशाल हिस्सा अभी भी हमारे ज्ञान से परे है। वैज्ञानिक अनुमान लगाते हैं कि समुद्र की गहराइयों में लाखों प्रजातियां ऐसी हो सकती हैं, जिनका अभी तक कोई रिकॉर्ड नहीं है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल पर पाए गए जीवों की अनुकूलन क्षमता अद्भुत है। कुछ जीवों के शरीर पारदर्शी हैं, ताकि वे अंधेरे में छिपे रह सकें। कुछ के शरीर पर ऐसे रासायनिक यौगिक होते हैं, जो उन्हें अत्यधिक दबाव और कम तापमान में जीवित रहने में सहायता करते हैं। कई जीव जैव-दीप्ति का उपयोग करते हैं, जिससे वे स्वयं प्रकाश उत्पन्न कर सकते हैं। यह प्रकाश उन्हें शिकार आकर्षित करने, साथी को पहचानने या शत्रुओं से बचने में मदद करता है।

समुद्री तल पर पाए गए नए कोरल और स्पंज की प्रजातियां विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। कोरल संरचनाएं समुद्री जीवन के लिए आश्रय स्थल का कार्य करती हैं। हालांकि अधिकांश लोग कोरल को उथले जल में पनपते हुए देखते हैं, परंतु गहरे समुद्र में भी ठंडे पानी के कोरल पाए जाते हैं, जो हजारों वर्षों तक जीवित रह सकते हैं। ए कोरल संरचनाएं अत्यंत धीमी गति से बढ़ती हैं, इसलिए यदि इन्हें कोई क्षति पहुंचती है तो उनका पुनर्निर्माण बहुत लंबा समय लेता है। नई प्रजातियों की खोज ने यह स्पष्ट किया है कि गहरे समुद्र का पारिस्थितिकी तंत्र उतना ही समृद्ध और जटिल है जितना कि स्थल पर स्थित वर्षावन। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू औषधीय अनुसंधान से भी जुड़ा है। समुद्री जीवों में पाए जाने वाले रासायनिक यौगिक कई बार औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। पहले भी समुद्री स्पंज और अन्य जीवों से कैंसर रोधी तथा संक्रमण-रोधी दवाओं के लिए प्रेरणा मिली है। अब जब सैकड़ों नई प्रजातियां सामने आई हैं, तो संभावना है कि इनमें से कुछ भविष्य की दवाओं के विकास में सहायक सिद्ध हों। इस प्रकार समुद्री जैव विविधता का संरक्षण मानव स्वास्थ्य के लिए भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण है।

वैज्ञानिकों ने यह भी रेखांकित किया है कि समुद्र की गहराइयों का अध्ययन जलवायु परिवर्तन को समझने में सहायक हो सकता है। समुद्री तल पर जमा अवसाद और वहां रहने वाले सूक्ष्म जीव पृथ्वी के जलवायु इतिहास का रिकॉर्ड संजोए रखते हैं। इनके अध्ययन से यह जाना जा सकता है कि अतीत में पृथ्वी का तापमान कैसे बदलता रहा और समुद्री जीवन ने उन परिवर्तनों के साथ कैसे अनुकूलन किया। यह ज्ञान भविष्य में संभावित जलवायु परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में सहायक हो सकता है। प्रशांत महासागर के समुद्री तल की यह खोज हमें यह भी याद दिलाती है कि मानव ज्ञान अभी भी सीमित है। अंतरिक्ष की खोज जितनी रोमांचक है, उतनी ही रहस्यमई हमारे अपने ग्रह की गहराइयां भी हैं।

समुद्र की अंधेरी, ठंडी और उच्च-दबाव वाली दुनिया में जीवन की इतनी विविधता का मिलना इस बात का प्रमाण है कि प्रकृति कितनी सृजनशील और अनुकूलनशील है। यह खोज वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और आम जनता सभी के लिए एक संदेश है कि हमें महासागरों के संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज जब विश्वभर में समुद्री संसाधनों के दोहन की होड़ लगी हुई है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करें। यदि गहरे समुद्र में खनन की अनुमति दी जाती है, तो उससे पहले वहां के जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन और संरक्षण रणनीतियों का निर्माण अनिवार्य होना चाहिए। लगभग 800 नई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण इस दिशा में पहला कदम है, परंतु यह यात्रा अभी लंबी है। आने वाले वर्षों में और भी अनगिनत खोजें सामने आ सकती हैं, जो हमें जीवन के मूलभूत प्रश्नों के उत्तर खो. जने में सहायता करेंगी। अंतत: प्रशांत महासागर की गहराइयों में हुई यह खोज मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक समर्पण का परिणाम है। यह हमें सिखाती है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, जीवन अपना रास्ता खोज लेता है। यह खोज न केवल विज्ञान की जीत है, बल्कि प्रकृति की अदम्य शक्ति और विविधता का उत्सव भी है। महासागरों के संरक्षण और सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने में यह उपलब्धि एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है, और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बनेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इनसेक्ट्स के लिए घातक हर वक्त रोशनी

**कीटों का प्रकाश की ओर आकर्षण अब तक एक रहस्य है किंतु हमें समझना होगा कि कीट-पतंगे मिट्टी को उपजाऊ बनाने में, परागण में व खाद्य उद्योग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । मल एवं लाशों का सफाया करने में भी कीटों का बड़ा योगदान है । हम कई मामलों में इनकी 9 लाख प्रजातियों पर निर्भर हैं । इसलिए इन्हें बचाने के लिए हमें कृत्रिम प्रकाश का उपयोग कम करके अन्य विकल्प खोजने होंगे ।**

जंतु जगत के संघ आर्थोपोडा के वर्ग इंसेक्टा में विचित्र प्रकार के कीट शामिल हैं और उनके क्रियाकलाप भी विचित्र होते हैं। इसलिए इन कीटों का अध्ययन, शोध और इनके रहस्यमय जीवन की जानकारियां पाना अत्यधिक रूचिकर व मजेदार होता है। सामान्यत: जंतु और पौधे प्रकाश के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं। पौधों में प्रकाशानुवर्तन और गुरुत्वानुवर्तन के गुण विद्यमान हैं। कीटों में भी प्रकाशानुवर्तन होता है। प्रकाशानुवर्तन में कीट प्रकाश स्रोत की ओर गमन करते हैं। यह प्रवृत्ति धनात्मक प्रकाशानुवर्तन कहलाती है। कीटों का प्रकाश के प्रति आकर्षण भिन्न-भिन्न होता है। कॉकरोच Periplaneta americana रोशनी से दूर अंधेरे की तरफ भागते हैं। इस प्रवृत्ति को ऋणात्मक प्रकाशानुवर्तन कहते हैं। कई कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत से आकर्षित होकर इनके करीब आते हैं। उदाहरण के लिए, बारिश के मौसम में जलते हुए बल्ब के चारों तरफ हमें ढेरों कीट-पतंगों के झुंड देखने को मिलते हैं। कीट-पतंगे रोशनी के स्रोत के इर्द-गिर्द भिनभिनाते रहते हैं और अंत में प्रकाश स्रोत से टकराकर उसकी गर्मी से मर जाते हैं।

वैज्ञानिकों ने इनकी इस प्रवृत्ति पर कई शोध किए हैं और तर्क, अवधारणाएं व सिद्धांत दिए हैं किंतु पूरी तरह से सटीक रूप से आज भी इसका जवाब विवादास्पद है। बायोलोजिकल कंजर्वेशन में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 30 में से 10 कीट बल्ब को चांद समझकर रात भर बल्ब के चक्कर लगाते हैं व सुबह तक मर जाते हैं। एक प्रसिद्ध परिकल्पना के अनुसार जब पूर्व में कृत्रिम प्रकाश स्रोत नहीं थे, तब कीट पतंगे



चांद का अनुगमन किया करते होंगे ताकि वे अपनी दिशा का निर्धारण कर सकें। चूंकि चांद से इनकी दूरी बहुत अधिक है इसलिए इनके द्वारा गति करने पर बनाया गया कोण हमेशा ही एक समान बना रहेगा, लेकिन अब कृत्रिम प्रकाश स्रोत के होने से उन्हें यह आभास होने लगा कि चांद धरती पर आ गया है। इस परिकल्पना के मुताबिक वे अपने और कृत्रिम प्रकाश स्रोत (जिसे वे चांद समझ रहे हैं) के बीच समान कोण बनाए रखना चाहते हैं, किंतु प्रकाश स्रोत करीब होने से ऐसा संभव नहीं हो पाता और वे उसी से टकराकर मर जाते हैं। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि केवल नर कीट ही प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं जबकि मादा नहीं। ज्ञात हुआ है कि नर कीट-पतंगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए मादा कीट-पतंगे विशेष प्रकार की गंध छोड़ते हैं। यह गंध वैसी ही होती है जैसी गंध जलते हुए प्रकाश स्रोत से निकलती है। इस कारण से नर कीट को आभास होता है कि वहां कोई मादा है और वह उसकी खोज में प्रकाश के करीब पहुंच जाते हैं एवं प्रकाश स्रोत से टकराकर मर जाते हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार 60 प्रतिशत कीटों को कृत्रिम प्रकाश में दिखना भी बंद हो जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि कीट-पतंगे रोशनी के संपर्क में आने के बाद जब उससे दूर होते हैं तब इन्हें करीब आधे घंटे तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है। इस वजह से अंधेपन से बचने के लिए वे प्रकाश स्रोत के चारों ओर मंडराते रहते हैं। जब अचानक से ये स्रोत के बहुत करीब पहुंचकर उससे टकराते हैं तब उसकी गर्मी से इनकी मौत हो जाती है। परीक्षणों द्वारा यह भी पता चला है कि कुछ मादा पतंगे अपने शरीर से अवरक्त प्रकाश (इंफ्रारेड) उत्पन्न करती हैं जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। ठीक उसी तरह का अवरक्त प्रकाश आग या जलती हुई चीजों से उत्पन्न होता है जिससे नर पतंगे आकर्षित होते हैं। यही कारण है की कीट-पतंगे प्रकाश स्रोत के आसपास मंडराते रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जर्मनी में गाड़ियों की हेडलाइट से सालाना करीब 120 करोड़ से ज्यादा कीट मारे जाते हैं। रात में कीट सफेद व पीले रंग के कपड़ों में चिपकने लगते हैं क्योंकि इन्हें पराबैंगनी प्रकाश और कम तरंग दैर्घ्य के रंग अत्यधिक आकर्षित करते हैं। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि यह प्रकाश के प्रति अत्यधिक संवेदी होते हैं। स्पष्ट है कि अब तक कीटों के प्रकाश के प्रति आकर्षण के बारे में वैज्ञानिकों द्वारा कोई ठोस व एकमेव सिद्धांत नहीं दिया गया है।

**...साभार**

## वर्ल्ड रेडियो डे : एक दौर था जब रेडियो का हर कोई दीवाना था




राधा नामदेव के नाम से मुझे रेडियो से पहचान मिली है और मैं एक व्यवसाई महिला हूं और रेडियो मेरा जीवन साथी 1985 से मैं 8 साल की उम्र से रेडियो सुनती आ रही हूं या यूं कहें मेरी जिंदगी में एक अहम भूमिका रेडियो ने निभाई है। विश्व रेडियो दिवस के विषय में बहुत लिखने का मन है, रेडियो दिवस की अधिकारिक घोषणा 2011 में की गई थी और 2012में 13 फरवरी को पहली बार विश्व रेडियो दिवस मनाया गया, तब से हम रेडियो प्रेमी हर साल 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाते आ रहे हैं, रेडियो दिवस हमारे लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है।

रेडियो का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है हम सभी रेडियो प्रेमी एक परिवार की तरह रहते हैं। रेडियो 90के दशकों में जितना दुर्लभ था। आज के टाइम में उतना ही आसान है। वो वक्त था जब हम रेडियो सिर्फ घर में ही सुन सकते थे आज के टाइम में हम रेडियो हर वक्त अपनी जेब में रखते हैं और कोई प्रोग्राम नहीं छूटता। बड़ा ही सरल है आज के टाइम में



रेडियो सुनना महत्वपूर्ण जानकारियां, समाचार गीत संगीत का एक ऐसा भंडार जो आज भी लोगों के दिलों पर राज करता है। एक बार फिर से विश्व रेडियो दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

### सितारों ने रूपहले पर्दे पर दी रेडियो को आवाज



**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सितारों ने रूपहले पर्दे पर रेडियो को आवाज़ दी है। हर साल 13 फरवरी को वर्ल्ड रेडियो डे मनाया जाता है। रेडियो आज भी ऐसा माध्यम है जो दूरियों को मिटाता है, लोगों को जोड़ता है और भावनाओं को आवाज़ देता है। पॉडकास्ट और डिजिटल प्लेटफॉर्म से बहुत पहले, रेडियो ही बातचीत, संगीत और खबरों का सबसे भरोसेमंद ज़रिया था। बॉलीवुड ने रेडियो को हमेशा सिर्फ़ एक पेशे के रूप में नही, बल्कि लोगों को जोड़ने वाले एक भावनात्मक सहारे के रूप में दिखाया है। सिर्फ यही नही, हिदी फिल्मों ने रेडियो के इस असर को कई यादगार किरदारों के ज़रिए भी दिखाया है। सलाम नमस्ते 2005 में प्रीति जिंटा ने रेडियो जॉकी अम्बर एम्बी मल्होत्रा का किरदार निभाया था। यह किरदार आत्मनिर्भर, बेबाक और मॉडर्न था। उस समय जब एफएम रेडियो युवाओं में लोकप्रिय हो रहा था, एम्बी ने दिखाया कि आरजे सिर्फ़ गाने नहीं बजाते, बल्कि श्रोताओं के दोस्त भी होते हैं। लगे रहो मुन्नाभाई 2006 में विद्या बालन यानी जान्हवी एक रेडियो शो होस्ट थी, जो अपने शो के ज़रिए गांधीजी के विचार आम लोगों तक पहुंचाती हैं। इस फिल्म ने दिखाया था कि रेडियो कैसे समाज में सकारात्मक सोच और बदलाव ला सकता है। लगे रहो मुन्नाभाई में संजय दत्त का किरदार रेडियो जॉकी नहीं था, लेकिन रेडियो की भूमिका कहानी में बहुत अहम थी। रेडियो के ज़रिए गांधीगिरी लोगों तक पहुंची और यह साबित हुआ कि यह माध्यम किसी की भी सोच को प्रभावित करने की जबरदस्त ताक़त रखता है। गुजारिश 2010 ऋतिक रोशन ने ईथन मैस्करेनहास का किरदार निभाया था, जो हादसे के बाद रेडियो जॉकी बन जाता है। उनका लेट-नाइट शो भावनाओं और शायरी से भरा होता है। यह किरदार दिखाता है कि रेडियो आवाज़ के ज़रिए दिलों से कैसे जुड़ता है। तुम्हारी सुलु 2017 में विद्या बालन एक साधारण गृहिणी सुलु के रूप में नज़र आती हैं, जो लेट-नाइट रेडियो जॉकी बन जाती है। उनका किरदार रेडियो की सादगी और अपनापन दिखाता है, जहां श्रोता खुलकर अपनी बातें साझा करते हैं।




नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दौरान प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा व अन्य विपक्षी सांसद।

## दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय में गोलीबारी, दो की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिण कैरोलिना विश्वविद्यालय के परिसर में हुई गोलीबारी की एक घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। 'फॉक्स न्यूज' ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। यह घटना गुरुवार शाम 'ह्यूजाइन सूट्स' छात्र आवासीय परिसर में हुई। घटना के बाद विश्वविद्यालय ने परिसर में 'लॉकडाउन' लागू कर दिया है। दक्षिण कैरोलिना कानून अनुपालन विभाग इस मामले की जांच कर रहा है।

## भारतीय वायुसेना ने थाईलैंड वायु सेना के साथ अभ्यास में साझा किए रणकौशल के गुर

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में थाईलैंड की वायु सेना रॉयल थाई वायुसेना के साथ तीन दिन तक एक अभ्यास में हिस्सा लिया जिससे दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग सुदृढ़ हुआ और पारस्परिक समझ में वृद्धि हुई। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि 9 से 12 फरवरी तक हुए इस युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास में द्विपक्षीय सहभागिता पर जोर दिया गया। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 बहुउद्देश्ईय लड़ाकू विमान और रॉयल थाई वायुसेना के साब ग्रिपेन जेट ने अपने रण कौशल का प्रदर्शन किया। समुद्री क्षेत्र के उपर वायु सेना के विमानों की विस्तारित दूरी की उड़ानों के लिए आईएल-78 आकाश में ईंधन भरने वाले टैंकरों द्वारा सहायता प्रदान की गई।

# इमरान की एक आंख की 85 प्रतिशत रोशनी खत्म

## कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच, पूर्व पाक पीएम इमरान बोले: प्राइवेट इलाज की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85 प्रतिशत रोशनी चली गई है। यह खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे।

अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया। डाक्टरों ने पाया कि उनकी आंख में खून का थक्का जम गया था, जिससे गंभीर नुकसान हुआ। इलाज और इंजेक्शन देने के बाद भी उनकी दाईं आंख में अब सिर्फ लगभग 15 प्रतिशत रोशनी बची है। वहीं इमरान का कहना है उन्हें निजी डाक्टर से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई है। इमरान खान को अगस्त 2023 में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वे तब

■ अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई



से जेल में बंद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 से इमरान खान को अडियाला जेल में लगातार अलग-थलग रखा गया है। उनके वकील ने मुलाकात के बाद बताया कि वो काफी परेशान और मानसिक रूप से दबाव में नजर आए। 73 साल के इमरान खान ने यह भी कहा कि उन्हें अपने निजी डाक्टरों से इलाज कराने की इजाजत नहीं दी गई। उनका रेगुलर ब्लड टेस्ट भी नहीं हुआ। यहां तक कि दो साल में उन्हें दांतों के डाक्टर के पास भी नहीं ले जाया गया, जबकि उन्होंने कई बार इसकी मांग की थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उनके परिवार और वकीलों से मिलने पर भी पाबंदियां लगाई गईं। अदालत के आदेश के बावजूद उनकी बहनों को नियमित रूप से मिलने नहीं दिया गया। हालांकि हाल ही में जेल प्रशासन बदलने के बाद अब उन्हें अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार 30 मिनट मिलने की इजाजत मिली है। उनके बेटों कासिम और सुलेमान से 2025 में सिर्फ दो बार फोन पर बात करने दी गई। पिछले पांच महीनों से उन्हें अपने मुख्य वकील और कानूनी टीम से भी मिलने नहीं दिया गया। रिपोर्ट के अंत में चेतावनी दी गई है कि अगर तुरंत बेहतर मेडिकल जांच, साथ ही परिवार और वकीलों से मिलने की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो उनकी सेहत को और गंभीर खतरा हो सकता है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने पिछले महीने बताया था कि इमरान खान की दाहिनी आंख में सेंट्रल रेटिनल वेन आक्लूजन (सीआरवीओ) नाम की बीमारी पाई गई है। पार्टी ने कहा था कि मेडिकल एक्सपर्ट्स की राय में सही इलाज नहीं मिलने पर इमरान की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

# बांग्लादेश में दो दशक बाद बीएनपी की बड़ी जीत

## बीएनपी + गठबंधन ने 299 में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए 150 के आंकड़े को पार किया

■ जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक की गणना में 77 सीटें मिली हैं

■ हिंदू वोट बीएनपी को मिले बीएनपी ने मोदी को धन्यवाद कहा रिश्ते मजबूत करने की उम्मीद जताई

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार



गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।

जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई। स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया। बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुईं। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बीएनपी ने पीएम मोदी के बधाई पोस्ट का जवाब दिया। बीएनपी के चुनाव प्रबंधन कमिटी के चेयरमैन नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि हम भी मोदी जी का धन्यवाद देते हैं। हमारा मानना है कि तारिक रहमान के नेतृत्व में दोनों देशों के रिश्ते और लोगों के बीच का बंधन और मजबूत होगा। चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 48074429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22565627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े। गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70640056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

### बांग्लादेश के साथ मिलकर काम करने का उत्सुक: शहबाज

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को प्रचंड बहुमत मिला है। 300 सीटों में 200 से ज्यादा सीटें जीतकर बीएनपी सत्ता में आ रही है। ऐसे में तारिक रहमान प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। इस बीच भारत के बाद अब पाकिस्तान ने भी बीएनपी की जीत पर बधाई दी है। पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने शुक्रवार को बीएनपी और पार्टी नेता तारिक रहमान को संसदीय चुनावों में भारी बहुमत हासिल करने पर बधाई दी। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने एक बयान में बांग्लादेश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए इस्लामाबाद के समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए नई सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ढाका में नया राजनीतिक वातावरण पूरे क्षेत्र में अधिक संतुलित, स्वतंत्र और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक जुड़ाव में योगदान देगा। इसी के साथ बांग्लादेश की निरंतर स्थिरता, प्रगति और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी बीएनपी को 'शानदार जीत' दिलाने पर तारिक रहमान को बधाई भी दी।

## ढाका-3 से अल्पसंख्यक हिंदू नेता गायेश्वर राय जीते

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र राय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है।

राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया। शाहिनुर इस्लाम जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार थे। यह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। राय की जीत ऐसे समय में आई है जब देश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित हमलों

■ राय ने 99163 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को पराजित किया

और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं। दिसंबर में कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद कई स्थानों पर तनाव की स्थिति बनी थी। भारत ने भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। ऐसे माहौल में एक हिंदू नेता का राजधानी क्षेत्र से जीतना राजनीतिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बदलाव की संभावना का प्रतिनिधित्व करते तारिक रहमान

**नई दिल्ली।** लंदन में 17 साल के स्व-निर्वासन से लौटने के लगभग दो महीने बाद सभी उम्मीदों को धता बताते हुए तारिक रहमान ने बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को एक निर्णायक जीत दिलाई है। इस शानदार जीत में बीएनपी ने दो-तिहाई से अधिक सीटों पर कब्जा किया और अवामी लीग पर लगे विवादास्पद प्रतिबंध के बाद बने शून्य को भर दिया। इस जीत ने शासन का कोई पिछला अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को 17 करोड़ लोगों के राष्ट्र के प्रमुख के पद पर पहुंचा दिया है। विरासत की राजनीति के अभ्यस्त इस देश में, रहमान का उत्थान अपरिहार्य और असंभव दोनों ही महसूस हुआ। वह जियाउर रहमान के सबसे बड़े बेटे हैं, वही पूर्व सैन्य अधिकारी जिन्होंने 1971 में बंगलादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।

## भारत जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं: डा. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिह ने जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र को नई गति देने के उद्देश्य से एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार पहल के तहत दो हजार करोड़ रुपये के बीआईआरएसी-आरडीआई फंड की पहली राष्ट्रीय घोषणा की। डॉ. जितेंद्र सिह ने आज यहां इसकी घोषणा करते हुए कहा कि भारत अब जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पिछड़ने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ चुका है। यह पहल विज्ञान-आधारित विकास की दिशा में भारत के दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला से उद्योग तक के अंतर को पाटने के लिए यह फंड एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

## सोवियत युग के आलोचक राय मेदवेदेव का निधन

**मास्को।** सोवियत युग के प्रमुख आलोचक और लेखक राय मेदवेदेव का शुक्रवार को 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया, इसकी जानकारी रूस के राज्य मीडिया ने दी। मेदवेदेव स्टालिन और बाद के सोवियत नेताओं की नीतियों के आलोचक के रूप में जाने जाते थे।

मेदवेदेव ने सोवियत युनियन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएसयू) द्वारा अपनाई गई मार्क्सवादी नीतियों की आलोचना की। उनके किताब 'लेट हिस्ट्री जज' के पश्चिम में प्रकाशित होने के बाद उन्हें 1969 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उनके पिता अलेक्जेंडर, जो रेड आर्मी में कमिसर थे, स्टालिन की शुद्धिकरण नीतियों के दौरान गिरफ्तार हुए और जीयूएलएजी श्रम शिविर में मृत्यु हो गई। मेडवेदेव का नाम उनके पिता ने भारतीय कम्युनिस्ट नेता एम एन राय के नाम पर रखा था। 1960 के दशक में सोवियत बुद्धिजीवियों में उदित हुए सुधारवादी समाजवाद के विचारों को उनके कार्यों में देखा जा सकता है। 1970 में, उन्होंने एंड्रेई सखारोव और अन्य के साथ मिलकर सोवियत नेतृत्व को खुला पत्र लिखा। मेदवेदेव ने अपने जुड़वां भाई झोरेस के साथ मिलकर लिखी किताब 'ए क्वेश्चन आफ मैडनेस' में झोरेस के कालुगा मनोवैज्ञानिक अस्पताल में अनैच्छिक बंदीकरण का वर्णन किया। 1989 में, मिखाइल गोर्बाचेव की पेरिस्ट्रोइका और ग्लासनास्ट सुधारों के दौरान मेदवेदेव ने कम्युनिस्ट पार्टी में फिर से प्रवेश किया।

## मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित चार प्रांतों को आपदा क्षेत्र किया घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम (32.79 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार बारिश और बाढ़ से 110000 हेक्टेयर से अधिक का क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

# चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी: कपूर

## दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान टिप्पणी की

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है।

मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। संसदीय सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर व्यापक सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव और राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद गहराई से विभाजित नजर आए। कपूर ने स्पष्ट किया कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन और संप्रभुता बनाए रखना है। सुनवाई के दौरान व्यापार, कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे। सांसदों ने इस पर बहस की कि अमेरिका को चीन के प्रभाव का मुकाबला



■ सुनवाई के दौरान व्यापार कूटनीति और अफगानिस्तान नीति पर तीखे दलीय मतभेद हावी रहे

कैसे करना चाहिए और दक्षिण एवं मध्य एशिया में तेजी से बदलते राजनीतिक बदलावों पर क्या प्रतिक्रिया देनी चाहिए। सत्र की शुरुआत करते हुए अध्यक्ष और प्रतिनिधि बिल हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया उपसमिति की कार्यवाही शुरू की जाती है। इस सुनवाई का उद्देश्य दक्षिण मध्य एशिया में अमेरिका की विदेश नीति की जांच करना है। उन्होंने इस क्षेत्र को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक बताया और कहा कि वहां अमेरिकी रणनीति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और हमारी वैश्विक उपस्थिति की कुंजी है। हुइजेंगा ने कहा कि दक्षिण और मध्य एशिया लगभग दो अरब लोगों, गतिशील अर्थव्यवस्थाओं और रणनीतिक जलमार्गों का घर है जो भारत-प्रशांत में शक्ति संतुलन को आकार देते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि हमारा जुड़ाव आने वाले दशकों के लिए एशिया में अमेरिका की भूमिका को परिभाषित करेगा। अध्यक्ष ने आगाह किया कि चीन अपनी 'बेल्ट एंड रोड' पहल के माध्यम से अपने सुरक्षा हितों को आगे बढ़ाने के लिए 'दमनकारी ऋण' देता है और छोटे देशों को कर्ज के जाल में फंसाता है।' उन्होंने यह भी कहा कि चीन ने अपनी सैन्य आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करते हुए भारत, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमाओं को मजबूत किया है।

# ट्रम्प ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

## ईरान से तनाव के बीच अमेरिका की बड़ी तैयारी, नए फैसले ने दोनों देशों के बीच कड़वाहट बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक नए फैसले ने दोनों देशों के बीच इस कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

दरअसल ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। इस खबर को सबसे पहले द



■ इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है

न्यूयार्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया था। ट्रम्प के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वारशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रम्प प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। सैन्य गतिविधियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर यह बातें साझा की हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रायर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। यूएसएस फोर्ड के लिए यह एक अचानक बदलाव है। पिछले साल अक्टूबर में ट्रम्प ने इसे भूमध्य सागर से कैरेबियन भेजा था। उस समय वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए वहां बड़ी सैन्य मौजूदगी तैयार की गई थी। यह कदम ट्रम्प की उस सुरक्षा रणनीति से अलग नजर आता है, जिसमें उन्होंने दुनिया के दूसरे हिस्सों के बजाय पश्चिमी गोलार्ध पर ज्यादा ध्यान देने की बात कही थी। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रम्प ने एक्सियोस को बताया था कि वह मध्य पूर्व में एक और युद्धपोत भेजने के बारे में सोच रहे हैं। फिलहाल व्हाइट हाउस ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा, स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 06 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

